राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 29, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दबंगई से त्रस्त विधवा महिला ने लगाई न्याय की गुहार, बोली- न्याय न मिला तो करेगी आत्मदाह...03

बेंगलुरु में ब्राजीलियन मॉडल से बैड टच, डिलिवरी बॉय की शर्मनाक करतूत; पुलिस ने किया गिरफ्तार...12

## सात माह की गर्भावस्था में दिल्ली पुलिस सिपाही का कमाल, 145 किलो का डेडलिफ्ट कर जीता कांस्य पदक

**● दिल्ली पुलिस की सिपाही सोनिका यादव ने गर्भावस्था में वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर मिसाल कायम की। आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2025-26 में उन्होंने 125 किलो स्क्वैट्स और 145 किलो का डेडलिफ्ट किया। सोनिका ने अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर लूसी मार्टिंस से प्रेरणा ली और साबित किया कि सही मार्गदर्शन से गर्भावस्था में भी खेल जारी रखा जा सकता है।**

**नई दिल्ली।** मजबूत इरादों की मिसाल पेश करते हुए दिल्ली पुलिस की सिपाही सोनिका यादव ने यह साबित कर दिया कि महिला शक्ति के आगे किसी चुनौती की उम्र कम पड़ जाती है। सात माह की गर्भवती होने के बावजूद सोनिका ने वेटलिफ्टिंग जैसे ताकत और सहनशक्ति पर आधारित खेल में हिस्सा लेकर न केवल भागीदारी निभाई, बल्कि कांस्य पदक अपने नाम कर पूरे देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई।

आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2025-26 में जब सोनिका मंच में उतरीं, तो दर्शकों और खिलाड़ियों की निगाहों में यह बस एक सामान्य प्रतियोगिता का हिस्सा थी। लेकिन जब उन्होंने 125 किलो स्क्वैट्स, 80 किलो बेंच प्रेस और 145 किलो का डेडलिफ्ट पूरा किया, तो पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। किसी ने यह अनुमान नहीं लगाया था कि यह प्रदर्शन एक गर्भवती खिलाड़ी का है।

सोनिका की यह उपलब्धि किसी अचानक लिए फैसले का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और खेल के प्रति जुनून का प्रमाण है। 2014 बैच की कांस्टेबल, सोनिका का पुलिसिंग में सफर मजनू का टीला क्षेत्र से शुरू हुआ, जहां उन्होंने नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में वह कम्युनिटी पुलिसिंग सेल में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

उनके पति अंकुर बाना ने बताया कि मई में जब उन्हें गर्भावस्था का पता चला, तो परिवार ने सोचा कि शायद खेल से दूरी




बनानी पड़ेगी। मगर सोनिका का जवाब साफ था कि 'रुकना नहीं है।'

उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पूरी ट्रेनिंग अपने डॉक्टरों की सलाह और सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो। यही कारण है कि न केवल उनका नाम पदक सूची में शामिल हुआ बल्कि वह सुरक्षित मातृत्व और फिटनेस के साथ एक नई चर्चा का केंद्र बन गई।

**कबड्डी से शुरू हुआ था सोनिका का सफर**

दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित और महिला दिवस पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से प्रशंसा प्राप्त कर चुकी सोनिका का खेल सफर कबड्डी से शुरू हुआ था। लेकिन असली पहचान तब बनी जब जिम में वजन उठाने की दिलचस्पी ने उन्हें पावरलिफ्टिंग का रास्ता दिखाया। 2023 में दिल्ली स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर उन्होंने अपने करियर को नई दिशा दी।

**अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर से प्रेरित होकर उठाया कदम**

अपनी गर्भावस्था में उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर ऐसी महिलाओं की प्रेरक कहानियां खोजीं, जिन्होंने मां बनने की राह में सपनों को विराम नहीं दिया। इसी दौरान उन्हें लूसी मार्टिंस नाम की अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर का उदाहरण मिला।

सोनिका ने उनके ऑनलाइन कुछ अहम ट्रेनिंग टिप्स हासिल किए। सोनिका ने बताया कि गर्भावस्था कमजोरी नहीं, बल्कि एक नई शक्ति का जन्म है। अगर नियमों, डॉक्टर की सलाह और सही तकनीक का पालन हो तो खेल से दूरी जरूरी नहीं।

## बिहार चुनावः पहले चरण में 423 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले, 33 पर संगीन आरोप

**● बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 1303 उम्मीदवारों में से 423 (32%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. ADR के विश्लेषण अनुसार, 354 उम्मीदवारों पर गंभीर मामले हैं, जिनमें 33 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं**




बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव छह नवंबर को होना है. अहम बात यह कि पहले चरण में कुल 1314 चुनावी मैदान में हैं. इनमें 1303 उम्मीदवारों द्वारा दिए गए शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया है. इनमें 423 यानि 32 प्रतिशत उम्मीदवारों के ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए गए हैं।

ADR और बिहार इलेक्शन वाच द्वारा बिहार विधान सभा चुनाव 2025 के पहले चरण मे चुनाव लड़ने बाले 1314 मे से 1303 उम्मीदवारो के शपथ-पत्रो का विश्लेषण किया गया है. ये उम्मीदवार राज्य की 121 सीटों से चुनाव लड रहे हैं. इनमें 1303 मे से 423 (32 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

**354 पर गंभीर आपराधिक मामले**

ADR और बिहार इलेक्शन वाच द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार इन 1303 उम्मीदवारों में से 354 यानी 27 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं. इनमें हत्या से संबंधित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 33, हत्या के प्रयास घोषित करने वाले 86 तथा महिलाओं के ऊपर अत्याचार से संबंधित मामले घोषित करने वाले 42 उम्मीदवार हैं. इनमे दो ने अपने ऊपर बलात्कार से संबंधित मामले घोषित किए हैं।

**दलों की ये है हालत**

दलवार घोषित आपराधिक मामलो में जनसुराज पार्टी के 114 में 50 (44%), बीएसपी के 89 मे 18 (20%), आरजेडी के 70 में से 53 (76%), जदयू के 57 मे से 22 (39%) बीजेपी के 48 में से 31 (65%), आम आदमी पार्टी के 44 में से 12 (27%), आईएनसी के 23 में से 15 (65%), सीपीआई (एमएल) के 14 में से 13, (93%) लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 मे से 7 (54%), सीपीआई के पांच में से पांच (100%) और सीपीआई (एम) के तीन में से तीन (100%) उम्मीदवारों ने अपने उपर आपराधिक मामले घोषित किए है।

**गंभीर मामलों की ये है स्थिति**

इस प्रकार विश्लेषण के अनुसार दलवार गंभीर आपराधिक मामले में जनसुराज पार्टी 114 में से 49 (43%), बीएसपी 89 में 16 (18%), आरजेडी के 70 में से 42 (60%), जदयू के 57 में से 15 (26%), बीजेपी के 48 में से 27 (56%), आम आदमी पार्टी के 44 में से 9 (20%), आईएनसी के 23 में से 12 (52%), सीपीआई (एमएल) के 14 में से 9 (64%), लोजपा (रामविलास) 13 में से 5 (38%), सीपीआई के 5 में से 4 (80%) और सीपीआई एम के 3 में से 3 (100%) ने अपने अपने ऊपर गंभीर धाराओ के मामले घोषित किए है।

**इतने उम्मीदवार करोड़पति**

चुनावी मैदान में उतरे इन 1303 उम्मीदवारों में से 519 (40%) करोड़पति उम्मीदवार हैं. उम्मीदवारों की औसत सम्पत्ति 3.26 करोड है. 519 (40) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है. जबकि 651 (50%) उम्मीदवारों ने अपनी योग्यता स्नातक और उससे ज्यादा बताई है. 9 फीसदी महिला उम्मीदवार प्रथम चरण मे किस्मत आजमा रही हैं।

**भाजपा प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 11 करोड़ से अधिक**

भाजपा के प्रत्याशी औसत संपत्ति के मामले में अन्य दलों के प्रत्याशियों से आगे हैं। भाजपा प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 11 करोड़ है। आइपी गुप्ता की पार्टी आईआईपी के तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। इनकी औसत संपत्ति 12 करोड़ से अधिक हैं। राजद, वीआईपी व लोजपा आर के प्रत्याशी भी ज्यादा पीछे नहीं हैं, इनकी औसत संपत्ति 10 करोड़ है।

## UPPCL: स्मार्ट मीटर वालों के लिए जरूरी खबर, बिजली विभाग भेज रहा ये मैसेज तो हो जाएं अलर्ट

**आगरा।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) के जिन उपभोक्ताओं के यहां पर स्मार्ट मीटर लगे हैं, वे भी प्रीपेड मीटर में तब्दील होने जा रहे हैं। इसके लिए एक माह पहले मैसेज के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता को सूचना दी जाएगी। जो उपभोक्ता एडवांस में बैलेंस नहीं रखेंगे, उनके घर अंधेरा हो जाएगा। जिले में डीवीवीएनएल के पांच लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से शहरी और कस्बा क्षेत्र में रहने वाले 1.10 लाख उपभोक्ताओं के यहां पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अब उन्हें एसएमएस भेजकर प्रीपेड में तब्दील किए जाने की जानकारी दी जा रही। उन्हें बताया जा रहा है कि इसके लिए पर्याप्त बैलेंस रखें, जिससे बिजली कट न हो सके। कुछ उपभोक्ताओं के यहां पर प्रीपेड में तब्दील भी हो चुके हैं। केके नगर के उपभोक्ता सचिन ने बताया कि जिस वक्त मीटर बदला गया था, उस वक्त प्रीपेड में बदले जाने की जानकारी नहीं दी गई थी, जबकि पूछा भी था। अब मैसेज के जरिए संदेश भेजा जा रहा है। यह परेशानी का कारण बन रहा है। यह निश्चित है कि सभी स्मार्ट मीटर प्रीपेड में तब्दील होने हैं।

**फोन नंबर कराएं अपडेट-** अगर किसी उपभोक्ता का मोबाइल नंबर बिजली कनेक्शन से लिंक नहीं है तो करा लें। बिजली से संबंधित जो भी संदेश होगा, वह उसी नंबर पर भेजा जाएगा। फिर चाहे री-चार्ज खत्म होने के समय की जानकारी देनी हो या फिर अन्य कोई जानकारी। इसके लिए अपने नजदीकी उपकेंद्र पर जाकर मोबाइल नंबर लिंक करा सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रयागराज में ई रिक्शा चालकों को मिलेगा 10 दिन का अनिवार्य प्रशिक्षण

**अब बिना प्रशिक्षण नहीं मिलेगा ई-रिक्शा का लाइसेंस।**



**प्रयागराज।** अब ई-रिक्शा चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने से पहले 10 दिन का अनिवार्य प्रशिक्षण लेना होगा। शासन के निर्देश पर बमरौली में मां मोटर ट्रेनिंग सेंटर के नाम से विशेष प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है। यहां प्रशिक्षण पूरा करने वालों को प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा, जो ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन की पहली शर्त होगी।परिवहन विभाग के नए आदेशों के तहत बिना मान्यता प्राप्त मोटर ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण प्रमाणपत्र लिए अब किसी भी ई-रिक्शा चालक को लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, प्रशिक्षण देने वाले स्कूल संचालक को भी अभिलेखों के साथ एआरटीओ कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदक के प्रमाणपत्र का सत्यापन कराना होगा। प्रयागराज में वर्तमान में करीब 27 हजार से अधिक ई-रिक्शा सड़क पर दौड़ रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे चालकों की है जो या तो बिना लाइसेंस हैं या किसी अन्य श्रेणी के लाइसेंस पर वाहन चला रहे हैं। कई नाबालिग चालकों द्वारा ई-रिक्शा चलाए जाने की शिकायतें भी लगातार मिलती रही हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और हादसों का खतरा बढ़ रहा है।विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष 7123 ई-रिक्शा की बिक्री हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक लगभग साढ़े पाँच हजार नए ई-रिक्शा बिक चुके हैं। बड़ी संख्या में वाहन संचालन के बावजूद अब तक चालकों के प्रशिक्षण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। एआरटीओ राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि परिवहन विभाग की इस नई व्यवस्था से ई-रिक्शा चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सकेगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## रोज़ी की राह पर दौड़ता खतरा- कहीं जिंदगी की कीमत न बन जाए ओवरलोड पत्थर

**● सड़कें बोझ नहीं, ज़िम्मेदारी भी उठाती हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों हर सुबह और शाम कुछ ट्रैक्टरों की तेज रफ्तार धूल उड़ाती हुई गुजरती है। इन ट्रैक्टरों में भरे पत्थर मानो रोज़ी- रोटी की मेहनत का प्रतीक हैं, पर कभी-कभी यही मेहनत अनजाने में किसी और की मुसीबत बन जाती है। जीवन की जद्दोजहद में हर कोई अपने हिस्से का काम कर रहा है। पर जब ओवरलोड ट्रैक्टर पत्थरों का भारी बोझ लेकर सड़कों पर दौड़ते हैं, तो डर लगता है – अगर यह पत्थर अचानक किसी राहगीर या गाड़ी पर गिर पड़े तो क्या होगा? एक पल की लापरवाही किसी परिवार की दुनिया उजाड़ सकती है। लोग कहते हैं कि ये ट्रैक्टर खेतों और निर्माण कार्यों की धड़कन हैं, पर इन्हीं के कारण सड़कों पर खतरे की आहट भी महसूस होती है। कई



बार देखा गया है कि सड़कों पर गिरे पत्थर अचानक किसी वाहन की दिशा बिगाड़ देते हैं। एक छोटे से झटके से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ÷हम किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहते, बस इतना चाहते हैं कि सावधानी बरती जाए। रोज़ी कमाने की राह किसी की जान लेने का सबब न बने।÷ सभी की उम्मीद यही है कि जो भी जिम्मेदार हैं- चाहे वाहन मालिक हों या व्यवस्था संभालने वाले- वे इस खतरे को दिल से समझें। सड़कें जीवन का रास्ता हैं, इन्हें सुरक्षित रखना हम सबकी साझा ज़िम्मेदारी है।

### जालसाजों ने ई-चालान का लिंक भेजकर खाते से पार किए 13 लाख रुपये, लिंक पर क्लिक करते ही उड़ गए रुपये

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने आरटीओ चालान का मैसेज भेजकर राजाजीपुरम निवासी धर्मेंद्र कुमार के खाते से 13 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित का कहना है जालसाजों ने एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही तीन खातों से रुपयों निकल गए। पीड़ित की शिकायत पर पारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जाएगी। राजाजीपुरम के चन्द्रोदय नगर निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि 25 अक्टूबर को उनके पास आरटीओ से चालान का मैसेज आया। मैसेज में आई लिंक पर क्लिक करते ही एक खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये कट गए। कुछ ही मिनट बाद दूसरे खाते से पांच लाख कटने का मैसेज आया। इसके बाद देर रात तक खातों से 13 लाख 12 हजार रुपये कट गए। इसके बाद पीड़ित ने अपना एकाउंट ब्लाक कराया। धर्मेंद्र ने पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में इंस्पेक्टर पारा का कहना है कि मोबाइल नंबर से जो खाते लिंक थे, उनसे रकम कटी है। साइबर क्राइम सेल खाता धारकों को ट्रेस कर रही है। उनकी मदद से जालसाजों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट से सिद्धारमैया सरकार को झटका, अब कार्यक्रम आयोजित कर सकेगा RSS, आदेश पर रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें निजी संगठनों को सरकारी परिसरों में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य था. यह आदेश कथित तौर पर RSS जैसी संस्थाओं को निशाना बना रहा था. कोर्ट का यह फैसला कांग्रेस सरकार के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

कर्नाटक में पिछले दिनों कांग्रेस सरकार ने एक आदेश जारी किया था. इस आदेश के मुताबिक प्राइवेट संगठनों को सरकारी परिसरों में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पहले अनुमति लेना अनिवार्य किया गया था. सरकार के इस आदेश के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसके बाद आज कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए आदेश पर रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट का यह फैसला कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को एक बड़ा झटका माना जा रहा है. हाई कोर्ट ने सरकार के इस आदेश को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS ) की गतिविधियों को निशाना बनाने वाला कदम बताया है. जस्टिस नागप्रसन्ना की सिंगल-जज बेंच ने सरकार के निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दी और मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को तय की है।

सरकार के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पुनश्चैतन्य सेवा संस्था द्वारा दायर की गई थी, जिसमें तर्क दिया गया था कि यह कदम निजी संगठनों के वैध गतिविधियों को संचालित करने के अधिकारों का उल्लंघन करता है. कोर्ट ने अब आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है और सरकार को नोटिस जारी किए हैं।

**आदेश को लेकर क्या बोले थे मंत्री?**

कर्नाटक के संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने स्पष्ट किया था कि सरकार का यह कदम किसी विशेष संगठन के खिलाफ नहीं है. उन्होंने कहा, "इस संगठन या उस संगठन के बारे में कुछ भी खास नहीं है. सरकारी या संस्थागत संपत्तियों का उपयोग



केवल उचित अनुमति और सही उद्देश्य के लिए ही किया जाएगा. किसी भी उल्लंघन से मौजूदा कानूनों के तहत ही कार्रवाई की जाएगी।

**सीएम सिद्धारमैया ने तालिबान से की थी RSS की तुलना**

सीएम सिद्धारमैया आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा था कि RSS की मानसिकता तालिबान जैसी है. RSS हिंदू धर्म को उसी तरह लागू करना चाहता है जिस तरह तालिबान इस्लाम के सिद्धांतों को थोपने के लिए आदेश जारी करता है. इसी दौरान उन्होंने बैन लगाने की बात कही थी, जिसके बाद सरकारी परिसरों का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी गई थी।

## जज़्बे को सलामः दिव्यांगता नहीं बनी दीवार

**● योजनाओं की हकीकतः पात्र होने के बावजूद वंचित हैं कई दिव्यांग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा, प्रयागराज।** यमुनानगर शंकरगढ़ क्षेत्र के दो दिव्यांग साथी- दिनेश कुमार और पंकज तिवारी- अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद आत्मनिर्भरता की ऐसी मिसाल पेश कर रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणा है। वहीं, उनकी संघर्ष गाथा यह भी बताती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अब भी जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुँच पा रहा। कस्बे के निवासी दिनेश कुमार, जो बचपन से ही 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, अपनी 60 प्रतिशत दिव्यांग पत्नी के साथ पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पिता की मृत्यु के बाद कपड़े की दुकान बंद हो गई तो उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी ट्राईसाइकिल पर बिस्किट, नमकीन, टॉफी और चाय जैसी चीजें लेकर गांव-गांव घूमने लगे और यही उनका रोज़गार बन गया। दिनेश का जज़्बा यह साबित करता है कि हिम्मत हो तो मुश्किलें भी झुक जाती हैं। वहीं गोबरा गांव के पंकज तिवारी (34 वर्ष) बचपन से फाइलेरिया की बीमारी से जूझ रहे हैं। एक पैर पूरी तरह निष्क्रिय होने के बावजूद उन्होंने



अपनी मेहनत से ट्राईसाइकिल खरीदी और घर पर छोटी सी दुकान खोलकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

उन्हें फिलहाल केवल एक हजार रुपए पेंशन और 5 किलो राशन ही मिलता है। पंकज की मांग है कि उन्हें अन्त्योदय कार्ड की श्रेणी में शामिल किया जाए और दिव्यांगों को मिलने वाली सरकारी ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। इसी क्षेत्र के कपारी गांव निवासी शिवकुमार (19 वर्ष) भी 50 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उनका निचला धड़ पूरी तरह से अपंग है, और रोजमर्रा के कामों के लिए उनकी मां उन्हें गोद में लेकर जाती हैं। पंजीकरण होने के बावजूद उन्हें अब तक ट्राईसाइकिल नहीं मिली।

परिवार छप्परनुमा मकान में रह रहा है, लेकिन न तो आवास योजना का लाभ मिला और न ही आवासीय पट्टा। पिता मजदूरी कर किसी तरह घर का खर्च चलाते हैं। क्षेत्र में ऐसे कई दिव्यांग लोग हैं जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यदि पंचायत और जनप्रतिनिधि थोड़ी भी पहल करें तो इनका जीवन सम्मानजनक और सहज हो सकता है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने अवैध मकानों को वैध करने वाला निजी विधेयक किया खारिज, लोकायुक्त मुद्दे पर गर्मागर्म बहस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र आज कई विवादास्पद मुद्दों, क्षेत्रीय असमानता के आरोपों और सरकार की जवाबदेही पर तीखी बहसों से भरा रहा। दिनभर चली कार्यवाही में सरकार ने दो निजी विधेयकों को खारिज कर दिया। इनमें एक निजी विधेयक सरकारी भूमि पर अवैध निर्माणों को वैध ठहराने और दूसरा लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित था। इसके अलावा, भाजपा और पीडीपी विधायकों ने शिक्षा विभाग में भेदभाव, सामाजिक श्रेणी प्रमाणपत्रों में असमानता और हाल की बाढ़ पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा किया।

हम आपको बता दें कि पुलवामा से पीडीपी विधायक वहीद पारा द्वारा पेश किया गया विधेयक, जिसमें सरकारी और साझा जमीनों पर बने मकानों को मालिकाना हक देने की बात कही गई थी, सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि "ऐसे विधेयक से जमीन हड़पने का रास्ता खुलेगा"। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूमिहीनों को पहले से ही राहत दी जा रही है। इसके अलावा, माकपा विधायक एमवाई तारिगामी ने भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति का निजी विधेयक पेश किया, लेकिन मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि "केंद्र शासित प्रदेश के पास ऐसा संवैधानिक अधिकार नहीं है।" अब्दुल्ला ने कहा कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तब ऐसी व्यवस्था संभव होगी।

इसी दौरान वहीद पारा ने एक अन्य प्रश्न के जरिए जम्मू और कश्मीर के बीच सामाजिक श्रेणी प्रमाणपत्र जारी करने में भारी असमानता का मुद्दा उठाया। सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्रों में जम्मू का हिस्सा 99 प्रतिशत से अधिक है, जबकि कश्मीर में यह 1 प्रतिशत से भी कम। पारा ने इसे "समानता और प्रशासनिक निष्पक्षता के उल्लंघन" की संज्ञा दी।



वहीं भाजपा विधायक शक्ति परिहार ने शिक्षा विभाग में तबादलों में क्षेत्रीय भेदभाव का आरोप लगाया, जिस पर शिक्षा मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि भेदभाव का रोना रोना भाजपा की आदत है। उन्होंने बताया कि जम्मू में 860 तथा कश्मीर में 350 नई नियुक्तियां की गई हैं। इसके अलावा, भाजपा सदस्यों ने हाल की बाढ़ और उससे हुए 209 करोड़ रुपये के नुकसान पर चर्चा की मांग को लेकर भी हंगामा किया, जिसे अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने "पुराना मामला" बताते हुए अस्वीकार कर दिया। तीखी नोकझोंक और आरोप-प्रत्यारोपों के बावजूद, सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से चली और सभी प्रस्ताव औपचारिक रूप से निपटा दिए गए।

# संक्षिप्त खबरें

## बनकटी के चन्द्रनगर मथौली में छठ पर्व की धूम.चन्द्रनगर मथौली घाट का सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र...



**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी विकासखंड मेंआस्था के महापर्व छठ पर सोमवार की शाम बनकटी नगर पंचायत के चन्द्रनगर मथौली क्षेत्र में धूम रही। व्रतियों ने पोखरे के जल में खड़ा होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पुत्र, परिवार व समाज के सुख-समृद्धि की कामना लेकर किए गए व्रत को लेकर समूचा माहौल भक्तिमय दिखा। व्रतियों ने सुहागिनों को सिन्दूर का प्रसाद लगाया। धूप-दीप के साथ वेदियां सजी रहीं। फल-फूल के साथ विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री चढ़ाया गया। व्रतियों के साथ घर के पुरुष व अन्य रिश्तेदार भी मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द पाल ने किया। मथौली छठघाट पर बना सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा लोगो ने खूब सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी, ईओ रिचा सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, सोमेंद्र सिंह, अतुल पाल, विवेकानंद पाण्डेय आशीष श्रीवास्तव, राम मोहन पाल, सुरेन्द्र त्रिपाठी,लाल सिंह, विभोर पाल, रितेश पाल, वेद प्रकाश त्रिपाठी, अमृत वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त, प्रकाश मोहन श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## अमहट पुल का मलबा बना प्रदूषण और दुर्गंध की वजह, बीजेपी विधायक ने डीएम से की सफाई कराने की मांग



**बस्ती।** बस्ती शहर के प्रवेश द्वार अमहट स्थित पुराने पुल की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। फरवरी 2017 में भारी वाहन के गुजरने से पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आठ साल बाद भी उसका मलबा कुआनों नदी में पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पुल का यह मलबा न केवल नदी की सुंदरता को बिगाड़ रहा है, बल्कि प्रदूषण और दुर्गंध की बड़ी वजह भी बन गया है। कुआनों नदी का जल दूषित हो रहा है और आसपास के इलाकों में असहनीय बदबू फैल रही है। सुबह-शाम सैर या पूजा-पाठ के लिए अमहट घाट पहुंचने वाले लोगों को इस वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सोमवार को भाजपा विधायक अजय सिंह ने अपने प्रतिनिधि सरोज मिश्र के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र देकर मांग की है कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए नदी में पड़े मलबे को हटाया जाए। उनका कहना है कि सफाई और पुनर्निर्माण से न केवल शहर का प्रवेश द्वार स्वच्छ और आकर्षक बनेगा, बल्कि कुआनों नदी का प्राकृतिक सौंदर्य भी पुनः लौट आएगा।

## पराली जलने पर फैली आग, सात बीघे गन्ना जल



**बलरामपुर।** सदर तहसील के ग्राम चरनगहिया के मजरे बेलहा निवासी पाटेश्वरी प्रसाद का सात बीघे गन्ना जल कर राख हो गया। पास के खेत में धान की पराली जलाने से फैली आग की चपेट में आने से हादसा हुआ। पाटेश्वरी प्रसाद ने बताया कि ग्राम रामनगर के मजरे मिर्जापुर निवासी जगतराम खेत की रखवाली कर रहे थे। खेत में मेरे बेटे पंकज उपाध्याय व जगतराम आदि मौजूद थे। इसी दौरान आसपास के किसान अपने खेत में धान की पराली जाला रहे थे। मना करने पर नहीं माने। आग फैल गई और मेरे सात बीघे खेत में लगा डेढ़ लाख रुपये का गन्ना जल गया। प्रभारी निरीक्षक देहात गिरजेश तिवारी ने बताया कि पाटेश्वरी प्रसाद ने तहरीर दी है, जांच की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर करेंगे हर विधानसभा में 8 किमी की पदयात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह को लेकर मंगलवार को महादेवा, रुधौली, हर्रैया और कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 से 25 नवम्बर तक जिले की पांचों विधानसभाओं में लगभग 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा की लोकसभा स्तर पर जिम्मेदारी राकेश श्रीवास्तव और अमृत वर्मा को सौंपी गई है। वहीं 1 से 7 नवम्बर तक जिले के स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, भाषण, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।बैठक में यात्राओं के रूट, कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा विभिन्न आयोजनों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की पदयात्रा में लगभग 500 कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। यात्रा 4 पड़ाव में संपन्न होना है, हर 2 किमी पर ठहरने की व्यवस्था रहेगी। यात्रा के दौरान मार्ग में स्थित स्कूलों, कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन चरित्र से परिचित कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग में ग्राम सभा स्तर पर कार्यकर्ता मानव श्रृंखला बनाकर तिरंगा और पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत करेंगे। इस अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाण पत्र वितरण भी किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना, एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती बूथ स्तर तक मनाई जाएगी, जिसके अंतर्गत जिलेभर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनके सम्मान में निर्मित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया गया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, यशकांत सिंह, सुशील सिंह, रवि सोनकर, संजय जायसवाल, प्रत्युष विक्रम सिंह, अनील दुबे, भानुप्रकाश मिश्र, आशा सिंह, रघुनाथ सिंह, पुष्करादित्य सिंह, कुंवर आनंद सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, केके सिंह, योगेन्द्र सिंह, श्रीश पाण्डेय, हरिद्वार मिश्र, मनोज ठाकुर, दुष्यंत सिंह, रवि सिंह, विनय शंकर मिश्र, राकेश शर्मा, अभिनव उपाध्याय और सुरेन्द्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवार्थम फाउंडेशन ने चलाया मच्छरमुक्त अभियान, वितरित की मच्छरदानियां व कराई फॉगिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** ग्रामीण क्षेत्रों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से सेवार्थम फाउंडेशन ने लंभुआ तहसील के अमरूपुर गांव में मच्छरमुक्त अभियान चलाया। इस दौरान संस्था की ओर से मच्छर-रोधी फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा 50 से अधिक ग्रामीणों को मच्छरदानियां वितरित की गई। अभियान के तहत फाउंडेशन की टीम गांव-गांव जाकर फॉगिंग कर रही है ताकि डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का प्रसार रोका जा सके। आयोजित जनजागरूकता शिविर में ग्रामीणों को मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपाय बताए गए।सेवार्थम फाउंडेशन के संगठन मंत्री विवेक तिवारी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल फॉगिंग या मच्छरदानी वितरण तक सीमित नहीं है। फाउंडेशन द्वारा सुनने में कठिनाई वाले ग्रामीणों को निःशुल्क कान की मशीन भी प्रदान की जा रही है। साथ ही जल्द ही बुजुर्गों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण अभियान भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थापक आशीष तिवारी के नेतृत्व में फाउंडेशन का लक्ष्य हर गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और मच्छरमुक्त बनाना है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा, लंभुआ मंडल अध्यक्ष राम अनुज धुरिया, अमरूपुर मंडल अध्यक्ष जगदम्बा प्रजापति, कोषाध्यक्ष आचार्य चंद्रकेश मिश्रा, अनिल दुबे, हरिलाल कोरी, प्रमोद सिंह, बजरंगी यादव, हरिओम अग्रहरि व लवलेश दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महादेवा रामलीला में हुआ भावपूर्ण भरत मिलाप व सीता हरण का मंचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** श्री शिव रामलीला समिति, महादेवा द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय रामलीला के पांचवें दिन सोमवार को भरत मिलाप और सीता हरण का प्रभावशाली मंचन हुआ। भरत मिलाप का दृश्य देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। भगवान श्रीराम की मर्यादा और भक्तवत्सलता का दिव्य चित्रण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। सुपर्णखा की भूमिका में 70 वर्षीय छेदीलाल धुरिया के उत्कृष्ट अभिनय ने सबका दिल जीत लिया। उनके अभिनय पर हजारों दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कथा क्रम में सुपर्णखा द्वारा खर-दूषण को युद्ध के लिए उकसाने तथा भगवान राम द्वारा उनका उद्धार करने का दृश्य अत्यंत प्रभावशाली रहा। इसके बाद रावण द्वारा मारीच की सहायता से सीता हरण का मंचन हुआ, जिसने दर्शकों को भावविह्वल कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी और पूर्व विधायक संतोष पांडे पहुंचे। पूर्व मंत्री ने कहा कि राजकुमार राम से मर्यादा पुरुषोत्तम बनने की यात्रा से समाज को सीख लेनी चाहिए। वहीं संतोष पांडे ने समिति के नवाचार और अनुशासित मंचन की सराहना की। कार्यक्रम में संघ विचारक डॉ. सीबीएन त्रिपाठी, डॉ. ए.पी. त्रिपाठी, भाजपा नेता जयशंकर त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश द्विवेदी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय नारायण द्विवेदी, संरक्षक जयकेश त्रिपाठी, सह निर्देशक आदर्श त्रिपाठी, कमलनयन यादव व लालचंद धुरिया सहित पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाया।

# बस्ती में चौकी पर रील बनाना पड़ा भारी - वायरल के बाद युवती ने जोड़े हाथ, बोली मुझसे गलती हो गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के बड़ेवन चौकी परिसर में रील बनाना एक युवती को भारी पड़ गया। फिल्मी अंदाज में वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के बाद जब वह वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई। अब वही युवती हाथ जोड़कर माफी मांगती नजर आ रही है।वायरल वीडियो में युवती बड़ेवन चौकी के बाहर अभिनय करती दिखाई दे रही थी। इस समय चौकी प्रभारी पहुंचते हैं और उसे ऐसा करने से मना करते हैं उसके बाद भी युवती द्वारा वीडियो वायरल कर दिया जाता है। बताया जा रहा है कि युवती ने वीडियो शूट करने के लिए न तो अनुमति ली थी और न ही यह समझा कि पुलिस परिसर में ऐसा करना नियमों का उल्लंघन है। वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ते दबाव को देखते हुए युवती ने सोशल मीडिया पर एक माफी वीडियो जारी किया, जिसमें उसने कहा मुझे जानकारी नहीं थी कि चौकी या थाने के सामने वीडियो बनाना अपराध है। इसके लिए मैं माफी मांगती हूं और आगे से ऐसी गलती नहीं करूंगी।"

पुलिस विभाग ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। अधिकारियों के अनुसार, किसी भी सरकारी या सुरक्षा परिसर में बिना अनुमति वीडियोग्राफी करना विधिक रूप से दंडनीय अपराध है।यह घटना सिर्फ एक रील या माफी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोशल मीडिया पर बढ़ती 'वायरल संस्कृति' पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। आज की युवा पीढ़ी "फॉलोअर्स" और "लाइक" के लालच में कई बार कानून और मर्यादा की सीमाएं लांघ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ एक चेतावनी नहीं बल्कि सबक है कि "लाइट, कैमरा, एक्शन" के इस दौर में जब कैमरा कानून की चौखट पर पहुंच जाए, तो फ्रेम नहीं बल्कि सजा मिलती है। फिलहाल युवती के माफी मांगने के बाद मामला शांत है, पर पुलिस ने संकेत दिया है कि भविष्य में इस तरह की किसी भी घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिला को मिली जान से मारने की धमकी, डीआईजी से गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पूर्वी रेलवे क्रांसिग स्टेशन रोड लखनौरा निवासिनी ममता चौधरी पत्नी रमेश चन्द्र चौधरी जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद ने डीआईजी, पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में राष्ट्रीय महिला परिषद जिलाध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा है कि गत 21 अक्टूबर की रात्रि लगभग 9.30 बजे लखनौरा निवासिनी राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला महामंत्री उर्मिला निषाद और उनके पट्टीदारों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर ममता चौधरी ने 112 पर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के पहचने से पूर्व वारिस, केशरी पुत्र अज्ञात, शिवमूरत निषाद, दुर्गेश निषाद, वृजेश निषाद, पुत्रगण वारिस, गोपी निषाद, किशन निषाद पुत्रगण केशरी आदि ममता चौधरी के घर पर चढ आये।

विशाल ने ममता चौधरी के कान के पास कट्टा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दिया। ममता चौधरी ने मामले की लिखित तहरीर पुरानी बस्ती थाने पर दिया, कोई कार्रवाई न होने पर उसने डीआईजी, एसपी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्यवाही के साथ ही अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये कहा है कि उक्त लोग लगातार धमकियां दे रहे हैं जिससे पूरा परिवार किसी अनहोनी को लेकर डरा सहमा हुआ है।

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस टीम ने दबोचा



**बलरामपुर।** थाना गैंड़ास बुजुर्ग में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस टीम ने तत्परता से दबोच लिया। चोरी में 4 ट्यूबलर बैटरी, 1लावा कंपनी का टैबलेट,2 एल्युमिनियम के भगौने,3 एल्युमिनियम की प्लेट,1स्टील का कुकर हाकिन्स कंपनी का व 1 घरेलू गैस सिलिण्डर ॥क्ककंपनी का व चोरी में उपयोग 2 ई रिक्शा को बरामद किया गया है तथा चोरी की घटना करने वाले इमरान अली पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम भैरमपुर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर व मो. निसार उर्फ पप्पू पुत्र मो. इसराइल निवासी ग्राम घोड़चढ़ी मौजा छितरपारा थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर हालपता (मोहल्ला रफीनगर थाना को0उतरौला जनपद बलरामपुर) को थाना स्थानीय की संयुक्त पुलिस टीम की मदद से गिरफ्तार किया गया ।

# 46.11 करोड़ रुपये से होगी सड़क की मरम्मत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** हरिहरगंज से कोड़री-मथुरा बाजार होकर सिरसिया जाने वाली 16 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत जल्द शुरू होगी। इसके लिए 46 करोड़ 11 लाख 23 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क को चौड़ा भी किया जाएगा। सड़क दुरुस्त होने के बाद इस मार्ग पर रोडवेज बस का संचालन भी शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के एक लाख से अधिक लोगों का आवागमन सुगम होगा। जिला मुख्यालय से हरिहरगंज-कोड़री-मथुरा बाजार होकर सिरसिया तक रोडवेज बसों के संचालन की मांग लंबे समय से की जा रही है। क्षेत्रवासी बलदेव, शिव प्रसाद, महेश व राहुल ने बताया कि इस रूट पर रोडवेज बसों का संचालन कराने के लिए बलरामपुर डिपो के अधिकारियों से कई बार मांग की गई, लेकिन अभी तक बसों का संचालन शुरू नहीं हो सका। बलरामपुर डिपो के पास पर्याप्त बसें हैं, फिर भी इस रूट पर बसें नहीं चलाई जा रही हैं। दरअसल सड़क की चौड़ाई कम होने से बड़ी बसों के आवागमन में परेशानी होती है। बलरामपुर डिपो को छोटी बसें मिलने के बाद इस रूट पर संचालन का निर्णय लिया गया था, लेकिन जांच में सड़क बदहाल मिली। ऐसे में सड़क दुरुस्त न होने तक बसों के संचालन का फैसला रोक दिया गया था।

**सड़क ठीक होने के बाद होगा बसों का संचालन**

सड़क खराब होने से जिला मुख्यालय से हरिहरगंज-कोड़री-मथुरा बाजार से होकर सिरसिया तक रोडवेज बसों के संचालन में दिक्कत आ रही है। ऐसे में सड़क ठीक होने तक इंतजार किया जा रहा है। गोपीनाथ दीक्षित, एआरएम बलरामपुर डिपो

**मार्च तक पूरा हो जाएगा सड़क का निर्माण**

कोड़री-मथुरा बाजार से होकर सिरसिया तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराने के लिए शासन से मंजरी मिल चुकी है। 31 मार्च 2026 तक सड़क मरम्मत व चौड़ीकरण का कार्य पूरा लिया जाएगा। कुमार शैलेंद्र, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत तिलोई में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**●थीम – सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में विकास खंड तिलोई में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड स्तर पर बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, देखभाल एवं संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, पलायन एवं बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की क्रूरता जैसे गंभीर मुद्दों पर रोकथाम एवं जनजागरूकता बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान आउटरीच कार्यकर्ता दिनेश कुमार ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं – जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि – की जानकारी विस्तार से साझा की। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी तिलोई, खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई, चिकित्साधिकारी तिलोई, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, बाल कल्याण अधिकारी तिलोई तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के आउटरीच कार्यकर्ता दिनेश पाल उपस्थित रहे। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत इस बैठक का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा महिला एवं बाल कल्याण के प्रति संवेदनशील समाज का निर्माण करना है।

# 19 बंदियों का मुफ्त लड़ा जाएगा मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गरीबी व लाचारी के चलते मुकदमे की पैरवी न कर पाने वाले बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता की व्यवस्था कराई जा रही है। जिला कारागार के 19 बंदियों का मुकदमा अधिवक्ता मुफ्त में लड़ेंगे। जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देश पर सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल कुमार नायक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कारागार में संबद्ध विधिक स्वयं सेवकों को लीगल क्लीनिक के प्रपत्रों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। कारागार में छोटे अपराधों, वृद्ध व असाध्य रूप से बीमार बंदियों को विधिक सहायता का लाभ लेने के बारे में बताया। कहा कि ऐसे बंदी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से निशुल्क व्यवस्था कराई जा रही है। महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों को दूध व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कारागार के बंदियों की समस्याएं सुनीं। बंदियों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के बारे में जानकारी दी गई। सभी बैरकों में जाकर उन्होंने बंदियों से बात की। नियमित रूप से दवा उपलब्ध कराने के बारे में बंदियों से जानकारी ली। परिजनों से विधि के अनुसार बात करने का सुझाव दिया। उन्होंने बंदियों के विधिक अधिकारों पर हनन न होने पर विशेष जोर दिया। विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कारागार अधीक्षक विजय कुमार शुक्ल, जेलर शैलेश कुमार सिंह सोनकर व डिप्टी जेलर अभय यादव आदि मौजूद रहे।

# पी ओ एस मशीन के माध्यम से खरीदें बीज और उर्वरक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद अम्बेडकरनगर में माह अक्टूबर तक यूरिया के लक्ष्य 2400 मी0टन के सापेक्ष 15580 मी0टन, डी0ए0पी0 के लक्ष्य 3179 मी0टन के सापेक्ष 5589 मी0टन, एन0पी0 के0 के लक्ष्य 366 मी0टन के सापेक्ष 4142 मी0टन, एस0एस0पी0 के लक्ष्य 1167 मी0टन के सापेक्ष 806 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 के लक्ष्य 80 मी0टन के सापेक्ष 299 मी0टन की उपलब्धता हुई है, जिसमें से वितरण के उपरान्त वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रुप से यूरिया 12978 डी0ए0पी0 2372 मी0टन, एन0पी0के0 3358 मी0टन, एस0एस0पी0 7114 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 219 मी0टन उपलब्ध है। जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक प्राप्त करने के लिये कृषक भाई अपना आधार कार्ड और जोत-बही/खतौनी लाकर उसमें अंकित कृषि भूमि के अनुसार जोत/कृषित भूमि के सापेक्ष संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक प्राप्त करें। इसी प्रकार जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर चना 74.08 कु0, मटर, 80 कु0, मसूर 100 कु0, राई / सरसो 65.90 कु0 एवं गेहूं 2795.20 कु0 उपलब्ध है। कृषक भाई विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार से उपरोक्त बीज प्राप्त कर सकते है। किसान भाईयो से अनुरोध है कि अपने नजदीकी उर्वरक बिकी केन्द्रो से पी0ओ0एस0 के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकते है। उर्वरक से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के समस्या के लिये जनपद में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, अम्बेडकरनगर में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित है जिसका नम्बर 9455485475 है। जनपद के कृषक उर्वरकों के सम्बन्ध में उक्त हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क कर उर्वरकों के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा सम्मेलन सम्पन्न

**●देश की दिशा और दशा बदलने में युवाओं की अहम भूमिका - सुधांशु शुक्ला**

**जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है - चंद्रमौलि सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत एक भव्य युवा सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय, गौरीगंज में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवबीर सिंह भदौरिया रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला एवं क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा पवन पाल उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री विषुव मिश्रा ने की।मुख्य अतिथि शिवबीर सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ÷आत्मनिर्भर भारत÷ का विज़न युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। आज का युवा आत्मविश्वास और नवाचार की शक्ति से देश को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र सेवा के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की सबसे ऊर्जावान इकाई है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की धारा बहा रही है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर युवा अपने कौशल, परिश्रम और संकल्प से समाज में योगदान देगा। उन्होंने युवाओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में देश की दिशा और दशा बदलने की क्षमता है, कहते हैं जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है

कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को साकार करने हेतु युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, सह-मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा, पूर्व विधायक चंद प्रकाश मिश्र मटियारी, सूर्य नारायण तिवारी, अभिषेक चंद्र कौशिक सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## मामूली विवाद पर मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली):** मलपुरा गांव में दो भाइयों के बीच हुए मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि जितेंद्र तिवारी, अमन तिवारी, सुयश तिवारी और गोलू पासी ने सुनील लोधी, उसकी मां छेदाना, भाई धर्मेंद्र और आकाश को पीट दिया। सूचना पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के कोरिहाई मोहल्ले में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की पहचान मन्नो देवी (23) पत्नी शिवम के रूप में हुई है, जो उन्नाव जिले के बिहार थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वह इन दिनों कोरिहाई मोहल्ले में अपनी बुआ सास के घर आई हुई थी।मृतका के भाई गुरु प्रसाद ने ससुराल पक्ष पर बहन की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि करवा चौथ के दिन सास, ससुर और पति ने मन्नो देवी के साथ मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके बाद वह कुछ दिनों के लिए अपनी मौसी के घर गुरबक्शगंज चली गई थी। रविवार को वह कोरिहाई लौटी, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।भाई के अनुसार, शादी जुलाई 2023 में हुई थी और तब से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर मन्नो को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि करवा चौथ के दिन हुई मारपीट के कारण ही उसकी मृत्यु हुई है।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करने की बात कही है।

## माई छठ की महिमा अपार है- थाना प्रभारी विंध्याचल वेद प्रकाश पांडे



**विंध्याचल।** महा छठ पूजा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना विंध्याचल पुलिस सक्रियता के साथ निरंतर सम्मानित माता बहनों के रूप में महिलाओं के सुरक्षा सम्मान रक्षा के दृष्टिगत शासन के मंशा अनुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा जी के दिशा निर्देशन में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप ढंग से दुरुस्त रख रखा आवा गमन से लेकर दीवान घाट,पक्का घाट, अखाड़ा घाट से लेकर हर घाटों पर पुलिस मय फोर्स के साथ में थाना प्रभारी विंध्याचल वेद प्रकाश पांडे व मंदिर धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्रा व सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार उपाध्याय निरंतर सेवार्थ भाव से लगकर ड्यूटी रत रह कर निरंतर चक्रमण करते रहे महिलाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को देख जनपद मिर्जापुर विंध्याचल पुलिस प्रशासन की प्रशंसा किया।

## बसावनपुर ग्राम सभा के करछुलिया छठ घाट पर निशुल्क टी स्टाल एवं प्रसाद वितरण



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न छठ घाटों पर मंगलवार की व्रती महिलाओ द्वारा उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के बसावनपुर ग्रामपंचायत में बने करछुलिया छठ घाट पर गांव के समाजसेवी एवं नेशनल आई केयर के मैनेजर मजीबुल्लाह उर्फ मुजीब द्वारा निशुल्क टी स्टाल और प्रसाद वितरण किया गया है। इस मौके पर राजकिशोर, अशोक, भुल्लूर, सलामुद्दीन घनश्याम, प्रभुदयाल, सुरेन्द्र, रामकरण धनाई, श्रीराम, महेश, राहुल मनीष, हबीबुल्लाह, मोबीन, डॉक्टर कलीम, कृष्णमोहन, अखिलेश, लालू, बाबूराम, पंचगुलाम, आदि रहे।

# दबंगई से त्रस्त विधवा महिला ने लगाई न्याय की गुहार, बोली- न्याय न मिला तो करेगी आत्मदाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद की तहसील मिश्रिख क्षेत्र के जरिगवां गांव की एक अधेड़ विधवा महिला ने अपने ही परिजन पर मकान और भूमि पर कब्जे का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। विधवा महिला ममता उर्फ रामभोली ने बताया कि उसे इंदिरा आवास योजना के तहत मकान आवंटित हुआ था, जिसे उसके पति ने निर्माण कराया था। उसी मकान में बनी दुकानों को उसने किराये पर दिया था, जिनमें उसका जेठ का पुत्र रजनीश व्यापार करता था। महिला का आरोप है कि पति के निधन के बाद रजनीश की नीयत बदल गई और उसने किराया देना बंद कर दिया। इसके बाद वह मकान और बेशकीमती कृषि योग्य भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो उसे धमकियाँ दी गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। भय और असहायता के कारण ममता उर्फ रामभोली ने अपनी दुकानों में ताला लगाकर दुकानों के बाहर तिरपाल डालकर अपनी पुत्री के साथ अस्थायी रूप से रहने का सहारा लिया है। विधवा महिला का कहना है कि उसने इस संबंध में स्थानीय थाना पुलिस और तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, उसे ही मुकदमे में फँसाने की धमकी दी जा रही है।

भावनात्मक रूप से व्यथित महिला ने मीडिया के माध्यम से कहा -"गरीबी में किराए पर मकान दिया था, पर पति के गुजरने के बाद जेठ के पुत्र की नीयत बदल गई। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुहार लगाऊँगी, अन्यथा आत्मदाह करने के लिए विवश हो जाऊँगी।" ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला पारिवारिक विवाद और संपत्ति के अधिकार से जुड़ा हुआ है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

**ग्रामीणों का दावा-** स्थानीय लोगों ने बताया कि रजनीश और उसके भाइयों ने अपने-अपने हिस्से की भूमि खैराबाद निवासी एक युवक को पहले ही बेच दी है। उसके हिस्से की शेष बची भूमि बेंची गयी भूमि के पीछे पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब विवादित भूमि विधवा महिला ममता उर्फ रामभोली के हिस्से की है, जिस पर विधवा महिला लगभग 40 वर्षो से काबिज है जिसपर विपक्षी के द्वारा कब्जे की कोशिश की जा रही है।

# पम्पलेट वितरण कर नए कानूनों की दी जानकारी



**लालगंज रायबरेली:** कस्बे में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने लोगों को नए कानूनों के बारे में जागरूक करने के लिए पम्पलेट वितरण अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र और आम जनमानस के बीच जाकर कानूनी जानकारी से अवगत कराया।इंस्पेक्टर ने कहा कि हर नागरिक को कानून की जानकारी होना जरूरी है ताकि कोई भी अनजाने में गलती न करे और अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझ सके।पुलिस द्वारा किए गए इस जनजागरूकता अभियान की लोगों ने सराहना की और इसे कानून के प्रति जागरूक समाज की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

# राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल, जगन बाबू की मूर्ति हटाये जाने को लेकर नगर वासियों के प्रति रोष

**● समाजवादी पार्टी ने किया विरोध, महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ह्यबिसवां (सीतापुर)** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल उर्फ़ जगन बाबू की मूर्ति बीती रात बड़ा चौराहा, बिसवां से हटाए जाने को लेकर नगर में गहरा रोष व्याप्त है। इस घटना पर समाजवादी पार्टी ने कड़ा विरोध जताते हुए मूर्ति को यथास्थान पुनः स्थापित करने की मांग की है।

इस संबंध में समाजवादी पार्टी नगर इकाई की ओर से महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद जगन बाबू की प्रतिमा बिना किसी पूर्व सूचना के रात में हटा दी गई, जिससे स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मूर्ति को शीघ्र यथास्थान पुनः स्थापित नहीं किया गया, तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सपा नेता अफजाल कौसर, विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, हसीब अंसारी, आमिर खान, अंबुज यादव, बबलू, उमर अंसारी, जलील, मुजक्किर खान, इरफान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने मंदिर परिसर पर किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ग्रुप) के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के बाबा शीतल दास मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया।

यह कार्यक्रम अलारगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव स्थित बाबा शीतल दास देवस्थान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने की। इस दौरान अनेक पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि वातावरण स्वच्छ और हराभरा रहे।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर के आसपास की जमीन सुरक्षित भूमि है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पर रोक लगाने और मंदिर परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग जिला अध्यक्ष से की इस मौके पर नरेंद्र बहादुर सिंह, विजय बहादुर, रामफेर, भुवनेश्वर, अंजनी महाराज, शकील अहमद, शैलेंद्र सिंह, उमाशंकर वर्मा, अरविंद शुक्ला, अमन दीक्षित, राकेश कुमार, व शिवगढ़ तथा अमॉवा के ब्लॉक अध्यक्ष हुआ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान पर अपने भाई को बंजर भूमि पर अवैध निर्माण कराने व जातिसूचक शब्दों में गाली गलौज व धमकाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली-** जिले की सदर तहसील के ग्राम पहरा खेड़ा मजरे जोहवाशर्की में बंजर भूमि गाटा संख्या 1283 पर वर्तमान ग्राम प्रधान शिवलाल द्वारा अपने भाई के व्यक्तिगत उपयोग के लिए अवैध निर्माण कराने का मामला सामने आया है। मामले में गांव के अनुप कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्राधिकारी महराजगंज से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को महराजगंज क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंच कर शिकायतकर्ता अनुप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह ग्रामसभा जोहवाशर्की के मूल निवासी व नागरिक हैं। बीते 17 अक्टूबर से वर्तमान प्रधान शिवलाल द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उक्त बंजर भूमि पर अवैधानिक तरीके से निर्माण करा रहे हैं। निर्माण रोके जाने की सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल की उपस्थिति में प्रधान व शिकायतकर्ता दोनों के द्वारा उक्त भूमि पर पट्टे के कागजात होने की बात पर ग्राम प्रधान शिवलाल आग बबूला हो गए। और शिकायत कर्ता को धमकाते हुए कहा कि "यहीं गड्ढा खोदकर ज़िन्दा गाड़ देंगे। कहो तो अभी गाड़ दें।" इसके अलावा, प्रधान पर उनके साथ अभद्रता करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियाँ देने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता अनूप कुमार त्रिपाठी का कहना है कि प्रधान ने खुद को 'पासी' बताते हुए उन्हें धमकी दी कि "यदि मैं अपनी पासियाई पर आ गया तो महाराज आप मेरा कुछ नहीं कर पाओगे लेकिन मैं आपका बहुत कुछ कर सकता हूँ।"

### जान-माल का खतरा और सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने की आशंका

शिकायतकर्ता अनुप कुमार त्रिपाठी ने प्रधान शिवलाल से अपनी और अपने परिवार की जान-माल के खतरे की आशंका जताई है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी महोदय से निवेदन किया है कि यदि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसके जिम्मेदार वर्तमान प्रधान शिवलाल होंगे। इसके अलावा, गांव में लोगों द्वारा यह सुनने में आ रहा है कि प्रधान द्वारा सांप्रदायिक माहौल भी बिगाड़ा जा




सकता है।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

त्रिपाठी ने क्षेत्राधिकारी महोदय से निवेदन किया है कि उक्त बंजर भूमि पर चल रहे अवैध निर्माण कार्य की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराकर उसे रुकवाया जाए। साथ ही, यदि आगे कोई अनैतिक कार्य होता है, तो प्रधान शिवलाल और उनके भाई सुखलाल के विरुद्ध उचित और कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन के आदेश की प्रतीक्षा में रहने की बात कही है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रकरण में शिकायती पत्र मिला है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# खेत में साफ-सफाई के दौरान मिला टूटा हुआ ड्रोन, महराजगंज में मचा हड़कंप; जांच का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज:** कोतवाली क्षेत्र के टूक मजरे ओथी गांव में सोमवार सुबह एक किसान के खेत में साफ-सफाई के दौरान एक टूटा हुआ ड्रोन मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजने का आश्वासन दिया है।

### साफ-सफाई के दौरान हुआ खुलासा

गांव निवासी किसान धर्मवीर सिंह उर्फ राजू सिंह के बेटे अभय सिंह सोमवार सुबह गांव के चार मजदूरों को साथ लेकर अपने खेत की मेड़ व नाली की साफ-सफाई करवा रहे थे। इसी दौरान, उनकी नज़र खेत में मिट्टी में धंसे एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पड़ी। मिट्टी हटाने पर पता चला कि वह एक ड्रोन है। हालांकि, जुताई के दौरान ड्रोन में लगे आठ मोटर, पंखुड़ियों सहित उसके कई अन्य पार्ट टूट चुके हैं।

### जुताई के दौरान टूटने की आशंका

किसान के बेटे अभय सिंह ने बताया कि हाल ही में खेत में कम्पाइन मशीन से धान



की कटाई हुई थी, जिसके बाद शुक्रवार को खेत की जुताई रोटावेटर से कराई गई थी। माना जा रहा है कि धान की पुवाल या फसल अवशेष में फंसा यह ड्रोन जुताई के दौरान ही टूट गया होगा और खेत में धंस गया।

खेत में मिले अज्ञात ड्रोन की सूचना पर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें खेत में ड्रोन मिलने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि किसान से मिले ड्रोन को उसके सभी टूटे हुए पार्ट सहित मंगा लिया गया है। इसे अब जांच के लिए भेजा जाएगा ताकि इसके स्रोत और उद्देश्य का पता लगाया जा सके। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# हाईवा के चपेट में आने से एक मजदूर की मौत




**चुनार मिर्जापुर।** कोतवाली क्षेत्र के गोल्हनपुर गांव स्थित एक क्रेसर प्लांट पर हाईवा के चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनाक्रम सोमवार की बीती रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक रात्रि के समय पर हाईवा चालक था उसी दौरान हाईवा के अनियंत्रित हो जाने गाड़ी लेकर पलट गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राम-लखन पुत्र पुनवासी उम्र 45 निवासी गोल्हनपुर के रूप में हुई है। मृतक अपने घर में दो भाइयों में से सबसे छोटा था इनके परिवार में पत्नी दो पुत्री व एक पुत्र हैं। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्ध्य देकर किया व्रत का समापन

**● माताओं ने पुत्र की प्राप्ति व लंबी आयु की की कामना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** आस्था का महापर्व छठ पूजा का समापन चौथे दिन मंगलवार की भोर व्रती महिलाए गांजे बाजे के साथ वेदी स्थल पहुँच कर पुत्र प्राप्ति व पति की लंबी आयु की कामना की। दीनानाथ के झलक दिखने की ललक लिए जल में खडी होकर इंतजार करती रही। उषा की पहली किरण दिखते ही दुध से अर्ध्य देने वालो की होड़ लग गई, व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को दुग्ध से अर्ध्य देकर चार दिवसीय महापर्व का समापन किया।

घाट पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान रथ को देखने के लिए लोगो में काफी उत्सुकता बनी रही। रथ को अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, कोतवाल सहित सभी अधिकारियों ने देखा और सराहना किया।

साथ ही घाट पर श्री कलश जनकल्याण सेवा समिति, यथार्थ ग्रुप, जय निषाद राज छठ पूजा समिति द्वारा श्रद्धालुओं में दूध इत्यादि वितरित किया गया।पूजा के दौरान घाटो की साफ सफाई का विशेष ध्यान नगर पालिका परिषद् के चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी की ओर से रखा गया व सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी बल, एनडीआरएफ की टीम व स्थानीय गोताखोर मुस्तैदी के साथ अपने अपने कर्तव्यनिष्ठा के साथ लगे रहे। वहीं घाट पर अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव कोतवाल विजय शंकर सिंह पटेल, चेयरमैन मंसूर अहमद अधिशासी अधिकारी सहित खोया पाया।

# मेडिकल स्टोरो पर धडल्ले से बेचा जा रहा है नशीली कफ सिरफ

**● शासन प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं कोरेक्स माफिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र मे धड़ल्ले से मेडिकल स्टोरो पर बेचा जा रहा है नशीली कफ सिरफ शासन प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं कोरेक्स माफिया क्षेत्र के हर चिट्ठी चौराहा पर चाय की दुकानों के अगल-बगल कोरेक्स की सीसी फेंका हुआ नजर आता है वही क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजर व रतेह चौराहा से भैसोंड़ बलाय पहाड़ पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है नशीली कफ सिरफ आए दिन कहीं ना कहीं मेडिकल स्टोरो का कहीं दुकानों पर कोरेक्स का वीडियो देखने को मिलता रहता है कारवाई एक भी कोरेक्स माफियाओं के ऊपर नहीं हो रहा है जिससे कोरेक्स माफिया खुलेआम शासन प्रशासन को चुनौती देते हुए अपना व्यापार बढ़ाने में लगे हैं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बूढ़े तक कोरेक्स पीकर पूरा दिन घूमते रहते हैं इसी नशा के कारण क्षेत्र में तमाम चोरी का मामला समिति का मामला होता रहता है के लोगों ने बताया कि बाजार में तमाम मेडिकल स्टोरो पर नशीली कफ सिरफ बेचने के लिए खोले गए हैं तमाम लोग अपने घरों में बेच रहे हैं व गोमतीयों में भी नशीली कफ बेचना शुरू कर दिए हैं कहीं भी कूड़ा करकट में देखा जाए तो सिर्फ नशीली कफ सिरफ की सीसी सबसे ज्यादा देखने को मिलती हैं ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से माग करना चाहते हैं कि क्षेत्र में नशीली कफ सिरफ बिकना बंद हो जाएगा तो क्षेत्र के नवयुवकों में सुधार आएगा नहीं तो पूरा दिन नशे में ही लिप्त रहते हैं और आए दिन नशे में ही मारपीट लूटपाट करते रहते हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

**● सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में सभी बैंकों की सभी शाखाएं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरित कराना सुनिश्चित कराये-जिलाधिकारी**

**उद्योग व्यापारी प्रतिनिधि मण्डल के व्यापारियों के साथ बैठक कर व्यापार से जुड़े अन्य मुद्दो, सुविधाओं एवं समस्याओं पर किया गया चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 28 अक्टूबर, 2025:** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारियों के साथ बैठक आहुत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों से कहा गया कि जिले में व्यापारियों, उद्यमियों निवेशको से संबंधित मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से निर्धारित समयावधि में किया जायेगा। व्यापारियों/उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का नियमानुसार प्राथमिकता पर निस्तारण समय से किया जाये, जिससे कि जनपद में अधिक से अधिक रोजगार के साधन सृजित हों, उद्यमी अपने उद्योग को बेहतर ढंग से संचालित कर सके। साथ ही खाद्यय विभाग, विद्युत विभाग, प्रदूषण विभाग, व्यापारकर विभाग एवं अन्य विभाग के उपस्थित अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित कराये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी।

बैठक में उद्यमी नीरज जायसवाल चौरी रोड द्वारा अवगत कराया गया कि मौजा मानिकपुर तहसील भदोही आराजी व रकबा संख्या से सम्बन्धित कब्जा व मुआवजा के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। औरेंज मारकाम सर्विसेज प्रा0लि0 के द्वारा कार्पेट एक्सपो मार्ट भदोही में एग्जीविशन कराने पर बल दिया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत विकास खण्डों में लम्बित होने पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी कि जॉच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रेषित सम्बन्धित विभाग को सुनिश्चित कराये। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान प्रगति समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिया कि जिन बैंको की प्रगति खराब है, उन बैंको के नोडल अधिकारी अगली बैठक में ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन बैंको की प्रगति खराब है उनकी प्रतिदिन मॉनीटरिंग कर रिपोंट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने लीड बैंक सहित सभी बैंको के अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष सीएम युवा अभियान को अधिक से अधिक स्वीकृत करें। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जनपद भदोही में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने हेतु लैंड बैंक डाटा उपलब्ध कराने, प्लेज पार्क विकसित करने, सिटी आफ एक्सपोर्ट एक्सलेन्सी, डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब के



क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को संस्तृप्त करने पर बल दिया गया।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद के औद्योगिक विकास के क्रम में निवेशकों से मास्टर प्लान पर ही चर्चा किया। उन्होंने बीडा क्षेत्रवासियों से नक्सा पास कराकर ही निर्माण कार्य करने की अपील किया। जिलाधिकारी ने उपयुक्त सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशको द्वारा जमीन व राजस्व से जुड़ी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मीटिंग में जूम मीटिंग से जुड़े हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में उद्योग अधिकारी आशुतोष सहाय पाठक, निर्यातक पियूष बरनवाल, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, जनपद के व्यापारी, उद्यमी, निवेशक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी गण सहित अन्य सभी सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# नोएडा में ऊंची इमारत से गिरने से युवक की मौत

**नोएडा** में 29 वर्षीय एक मेडिकल प्रतिनिधि (एमआर) की कथित तौर पर सेक्टर 74 में स्थित एक आवासीय सोसाइटी की आठवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, वह व्यक्ति कुछ दोस्तों से मिलने गया था जिनसे वह हाल में एक ऑनलाइन ऐप के ज़रिए जुड़ा था। सेक्टर 113 पुलिस थाना प्रभारी (एसएचओ) के जी शर्मा ने बताया, मृतक की पहचान अलीगढ़ निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई है। वह रविवार सुबह सेक्टर 74 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई सोसाइटी की आठवीं मंजिल से गिर गया।

अधिकारी ने पीटीआई-को बताया, वह शनिवार को सोसाइटी में दोस्तों से मिलने गया था जिनसे वह ऑनलाइन ऐप से जुड़ा था। शर्मा ने बताया कि कुमार नोएडा में मेडिकल प्रतिनिधि (एमआर) के तौर पर काम करता था। घटना के बाद कुमार को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




प्रभारी ने बताया, मामले में जांच जारी है। घटनाक्रम का पता लगाने के लिए इमारत के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# इंटरनेट: समय, स्थान और सीमाओं से परे एक क्रांति

**एक नेटवर्क, एक राष्ट्र - इंटरनेट ने जोड़ा भारत को विश्व से डिजिटल युग का दीपोत्सव: इंटरनेट दिवस पर भारत का गौरवगान**

एक पल ने सारी दुनिया को एक धागे में पिरो दिया। एक स्क्रीन की झिलमिलाहट, एक तार का जादू, और अचानक हर दिल इतना करीब आ गया कि दूरी बस एक सपना बनकर रह गई। यह इंटरनेट है–वह चमत्कार, जिसने समय और स्थान की दीवारों को रेत की तरह उड़ा दिया। 29 अक्टूबर, राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक लम्हे का उत्सव है, जिसने 1969 में पहला डिजिटल संदेश भेजकर संसार को एक कर दिया। भारत जैसे देश के लिए, जहां हर गांव की मिट्टी और हर गली की हवा कहानियां गुनगुनाती है, इंटरनेट महज तकनीक नहीं, बल्कि सपनों का उजाला है। यह वह शक्ति है, जो एक किसान को वैश्विक बाजार की चौखट तक ले जाती है, एक छात्रा को विश्व के ज्ञान-सागर से जोड़ती है, और एक छोटे से कस्बे के सपने को दुनिया का मंच देती है। 1969 की वह ऐतिहासिक रात, जब कैलिफोर्निया के यूसीएलए से चार्ली क्लेन ने स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट को एक साधारण "एलओ" संदेश भेजा, मानो दुनिया ने नया सूरज देख लिया। यह आर्पानेट (एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी नेटवर्क), अमेरिकी रक्षा विभाग की दूरदर्शी देन, ने ठंडे युद्ध के बीच संचार की अनंत संभावनाएं जगा दीं। भले ही वह संदेश, "लॉगिन" का अधूरा टुकड़ा, क्रैश हो गया, लेकिन उसने एक ऐसे युग का द्वार खोला, जिसने दुनिया को हमेशा के लिए बदल दिया। 1983 में टीसीपी/आईपी प्रोटोकॉल ने इसकी नींव को अटल बनाया, और 1991 में टिम बर्नर्स-ली के वर्ल्ड वाइड वेब ने इंटरनेट को हर घर की दहलीज तक पहुंचा दिया। 2005 से 29 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसे इंटरनेट उपयोगकर्ता संघ और संयुक्त राष्ट्र के विश्व सूचना समाज शिखर सम्मेलन ने वैश्विक पहचान दी। भारत में यह राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस एक प्रेरणा का प्रतीक है–एक ऐसा देश, जहां 1.4 अरब दिल डिजिटल सपनों की उड़ान भर रहे हैं। भारत में इंटरनेट की कहानी किसी स्वप्निल सैर से कम नहीं। 1986 में ईआरनेट (एजुकेशनल रिसर्च नेटवर्क) ने आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों को डिजिटल दुनिया से जोड़ा। 1988 में एनआईसीनेट ने सरकारी संचार को नई रफ्तार दी। लेकिन 15 अगस्त 1995 को वीएसएनएल (विदेश संचार निगम लिमिटेड) की गेटवे इंटरनेट एक्सेस सर्विस ने आजादी का नया अध्याय लिखा। कोलकाता में पहला कनेक्शन, 9.6 केबीपीएस की धीमी गति, और 250 घंटे के लिए 5000 रुपये का मासिक शुल्क, तब इंटरनेट कुछ खास लोगों की पहुंच में था। 1998 में सत्यम इन्फोवे ने निजी इंटरनेट की शुरुआत की, और 2000 के दशक में मोबाइल इंटरनेट ने रफ्तार पकड़ी। 2016 में रिलायंस जियो की 4-जी क्रांति ने जैसे सारी बाधाएं तोड़ दीं। सस्ते डेटा ने गांव-गांव को डिजिटल दुनिया से जोड़ा। 2025 में, ट्राईके अनुसार, भारत में 92 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, और 5-जी के साथ 2030 तक हर हाथ में डिजिटल पहुंच का सपना साकार होने को है। डिजिटल इंडिया, भारतनेट और पीएम वाणी ने गांवों को वाई-फाई हॉटस्पॉट्स से जगमगा दिया। कोविड-19 के दौर में इंटरनेट ने नया जीवन दिया–ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और रिमोट वर्क ने अर्थव्यवस्था को थामे रखा। यह कहानी सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों की है, जिन्हें इंटरनेट ने उड़ान दी। राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस भारत के लिए एक प्रेरणा का उत्सव है, जो सपनों को हकीकत में बदलने की ताकत देता है। आर्थिक रूप से, इंटरनेट ने एक नई क्रांति रची–फ्लिपकार्ट, पेटीएम, और जोमैटो जैसे स्टार्टअप यूनिकॉर्न बनकर उभरे। 2024 में ई-कॉमर्स का कारोबार 5.5 लाख करोड़ रुपये को छू गया, और यूपीआई ने 13 अरब ट्रांजेक्शन के साथ वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया। सामाजिक रूप से, सोशल मीडिया ने हर आवाज को बुलंद किया–मीटू और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने समाज को जागृत किया। महिलाओं की डिजिटल दुनिया में भागीदारी चमकी–2023 में 42% इंटरनेट उपयोगकर्ता महिलाएं थीं। शिक्षा में, स्वयं और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म ने 10 करोड़ से अधिक छात्रों के लिए ज्ञान के द्वार खोले। स्वास्थ्य क्षेत्र में, ई-संजीवनी ने 22 करोड़ टेलीकन्सल्टेशन के साथ जीवन को सहारा दिया। मगर चुनौतियां कम नहीं–2024 में साइबर अपराध 35% बढ़ा, और 38% ग्रामीण आबादी अभी भी डिजिटल दुनिया से अछूती है। डेटा गोपनीयता और फेक न्यूज की चुनौतियां गहरी हैं। राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस, सुरक्षित इंटरनेट दिवस (फरवरी) की तरह, हमें इनका सामना करने का संकल्प देता है। भारत की वैश्विक डिजिटल पहचान गर्व का विषय है। यूपीआई ने भूटान, नेपाल और यूएई में अपनी छाप छोड़ी। भारतीय मूल के सुंदर पिचाई (गूगल) और सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट) एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग में दुनिया को राह दिखा रहे हैं। लेकिन भविष्य एआई नैतिकता, डेटा संप्रभुता और साइबर सुरक्षा जैसे सवालों से जूझेगा। भारतनेट ने 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को फाइबर से जोड़ा, फिर भी इंटरनेट की गति और विश्वसनीयता को और बेहतर करना होगा। राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस हमें सिखाता




है कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि समावेशिता, शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रदीप है, जो मानवीय मूल्यों को रोशन करता है। राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक स्वप्न का उत्सव है–वह स्वप्न जो हर भारतीय के दिल को वैश्विक क्षितिज से जोड़ता है। यह उस गृहिणी की हिम्मत है, जो ऑनलाइन स्टोर खोलकर अपने सपनों को पंख देती है; उस छात्र की उड़ान है, जो कोर्सेरा पर कोडिंग सीखकर भविष्य गढ़ता है; और उस किसान की उम्मीद है, जो डिजिटल मंडी में अपनी फसल बेचकर आत्मनिर्भर बनता है।

मगर यह एक संकल्प भी है–एक सुरक्षित, समावेशी और सतत डिजिटल भविष्य रचने की जिम्मेदारी। 2030 तक, जब भारत डिजिटल सुपरपावर के रूप में विश्व मंच पर चमकेगा, यह दिवस उस गौरवमयी यात्रा का प्रतीक बनेगा। इस इंटरनेट युग में एक वचन लें–हर भारतीय को डिजिटल दुनिया से जोड़ें, हर सपने को आसमान छूने दें। क्योंकि इंटरनेट सिर्फ तारों का जाल नहीं, बल्कि भारत की धड़कन है, जो इसे विश्व गुरु की राह पर ले जा रहा है।

**प्रो. आरके जैन**


# बढ़ती हैवानियत :आपसी रिश्तों में खून खराबे से नही परहेज

दिल्ली में लव, लिव इन और धोखे वाले कांड में खौफनाक खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि लिव इन पार्टनर ने यूपीएससी स्टूडेंट का मर्डर किया। इस मामले में पुलिस ने एक लड़की और 2 लड़कों को अरेस्ट किया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों ने मिलकर छात्र के हत्याकांड को अंजाम दिया और इस हत्याकांड को मास्टरमाइंड अमृता चौहान फॉरेंसिक साइंस में बीएससी कर रही है। वहीं अपनी जान गंवाने वाला रामकेश मीणा दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि रामकेश के साथ अमृता मई 2025 से लिव-इन में रह रही थी, लेकिन बाद में अमृता और रामकेश अलग-अलग हो गए थे. दावा यह भी किया जा रहा है कि रामकेश के पास अमृता के अश्लील फोटो-वीडियो थे. अमृता ने कहा है कि रामकेश उन फोटो-वीडियो को डिलीट नहीं कर रहा था। इससे पहले हाल ही में हरियाणा के पंचकूला में पंजाब के पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी. इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है और मनसा देवी कॉम्प्लेक्स थाने में अकील अख्तर की हत्या का मामला दर्ज हुआ है. इस हत्याकांड में पिता मोहम्मद मुस्तफा, मां रजिया सुल्ताना, पत्नी, बहू और बेटी को आरोपी बनाया गया है. अहम बात है कि इस मामले में पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी बहू के अवैध संबंधों का दावा किया गया है. खुद अकील अख्तर ने अपने पिता और पत्नी के अवैध संबंधों का ज़िक्र एक वीडियो में किया था. क्या इंसानी रिश्ते अब बेहद स्वार्थ भरे लालच योन लोलुपता सेक्स और संपत्ति के आकर्षण में अंधे दौर से गुजर रहे हैं? इनमें पिता पुत्र की हत्या कर रहा है विवाहिता अवैध संबंधों के चलते कोख से पैदा बच्चे पति के खून के प्यासे बन रहे हैं यह कैसा दौर है जिसमें इंसानियत के नाते रिश्ते खत्म हो कर बर्बाद और खून-खराबा की ओर बढ़ रहे हैं। आपको कुछ वारदातों के जरिए माहौल से वाकिफ कराने की कोशिश करते हैं। 20 अक्टूबर को तेलंगाना के मंचेरियल जिले में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पति ने अपनी पत्नी को पुल से नीचे धक्का देकर उसकी हत्या कर दी उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। दो दिन पहले ही हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक नाबालिग बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना लाडवा थाना क्षेत्र के किशनगढ़ गांव की है. मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है, जो तलाकशुदा थी और अपने घर में अकेली रह रही थी. बेटे को मां का चाल चलन पसंद नहीं था. पड़ोसी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की. हाल ही में महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. यहां एक मां को अपने ही सात वर्षीय बेटे की हत्या और दस वर्षीय बेटे पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार आरोपी महिला की पहचान पल्लवी धुमडे (40) के रूप में हुई है. जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने बताया कि मृतक बच्चे का नाम चिन्मय धुमडे है. घटना के समय उसने अपनी मां से खाने में चिकन की मांग की थी. इसी बात पर गुस्से में आकर पल्लवी ने रोटी बनाने वाले बेलन से बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई. वहीं, उसने अपने दस वर्षीय बेटे पर भी बेलन से हमला किया. जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई है और फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है. बीते दिनों राजस्थान के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। यहां एक युवक ने पत्नी से प्रेम संबंध के शक में अपने ही रिश्तेदार युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं 16 सितंबर राजस्थान के चूरू जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक देवर ने अपनी भाभी की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी देवर हितेश पारीक अपनी भाभी पूनम पारीक पर गलत नजर रखता था और उनके विरोध करने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया. मई माह में सोनम रघुवंशी ने शादी के 13 दिन बाद ही अपने पति की हत्या करवा दी और अब 28 दिन बाद उसकी गिरफ्तारी हुई है. इनकी शादी 11 मई को हुई थी और 8 दिन बाद 20 मई को हनीमून मनाने मेघालय के शिलांग गए थे. इसके बाद सोनम और राजा के गायब होने की खबर आई थी. 31 अगस्त को दिल्ली के रोहिणी में एक शख्स को अपनी पत्नी और सास की बेरहमी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अपने बेटे के जन्मदिन के दौरान परिवार के दो पक्षों के बीच हुए गिफ्ट एक्सचेंज को लेकर हुए विवाद के बाद शख्स ने अपनी पत्नी और सास की हत्या कर दी। बीती 12 अगस्त हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में धर्मशाला से सटे सुधेड़ में हुई व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे का पता लगा लिया है। नाबालिग बेटे ने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्याकांड में मृतक के नाबालिग बेटे को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस टीम धर्मशाला ला रही है। आरोपित मां से अलग पिता के साथ रहता था। पुलिस हर पहलू को जोड़ते हुए जांच कर रही है। 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर 10 वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मामले में महिला, उसके प्रेमी फैजान और उसके साथी राशिद को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात एक मुठभेड़ के बाद फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उसके पैर में गोली लगी है। इसी 30 जुलाई को दिल्ली के नेब सराय इलाके में एक 10 वर्षीय लड़के की उसकी पिता ने हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि दिन में पहले नेब सराय पुलिस स्टेशन में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके गले पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे। ओडिशा के बलांगीर जिले में 29 जून को 12 साल के लापता बच्चे के रहस्य को सुलझा लिया है। बच्चे की हत्या उसके 17 साल के बड़े भाई ने ही की थी। आरोपी लड़के ने अपने छोटे भाई का शव घर के पास ही दफन कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने छोटे भाई का यौन उत्पीड़न करता था। आरोपी पोर्न देखने का आदी है। पुलिस ने बताया कि माता-पिता को बड़े बेटे की करतूत के बारे में पता था और उन्होंने उसे छोटे बेटे से दूर रखने की कोशिश भी की थी। बलांगीर के एसपी अभिलाष जी ने बताया कि आरोपी ने कबूल किया है कि वह अपने छोटे भाई का शारीरिक उत्पीड़न करता था। 31 मार्च को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक पति ने बीमार बेटे के लिए दवा लाने की बात पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। 13 मार्च को ऐसा भी मामला सामने आया जिस मां ने 9 महीने तक बच्चे को पेट में पाला, उसी मां ने पैदा होते ही अपने बच्चे की हत्या कर दी. ये सुनने में हैरान कर देने वाला है, लेकिन ऐसा ही कुछ असमिया के साउथ कैमेलिना में हुआ है. दरअसल, असमिया की एक महिला पर आरोप है कि उसने अपने बच्चे को जन्म देने के कुछ देर बाद ही मार दिया. इतना ही नहीं, कथित तौर पर महिला ने बच्चे की हत्या की और उसे प्लास्टिक के बैग में पैक कर दिया और दूसरे कमरे में बच्चे के शव को फेंक दिया। 12 मई को असम के गुवाहाटी में बसिष्ठा पुलिस ने एक महिला और उसके प्रेमी को अपने बेटे की जघन्य हत्या मामले में गिरफ्तार किया है. उसका क्षत-विक्षत शव रविवार को गुवाहाटी में वन विभाग कार्यालय के पास एक सूटकेस में भरा हुआ मिला. मृतक की पहचान मृण्मय बर्मन (10) के रूप में हुई है, जो नवोदय जातीय विद्यालय का 5वीं कक्षा का छात्र था. ये वारदातें तो सिर्फ बानगी है अब सैक्स संबंधों संपत्ति लिव रिलेशन को लेकर आए दिन हत्या और खूंरेजी की जा रही है मानवता करुणा परोपकार दया धर्म क्षमा के मानवीय गुणों के स्थान पर दरिंदगी वर्जित यौन संबंध स्वच्छंदता नशाखोरी लिव रिलेशन और बिना मेहनत संपत्ति हासिल करने की जुगुप्सा पनप रही है इस सब में इंसानियत और रिश्ते रोजाना शर्मसार हो रहे है। धर्मगुरु भी लोगों को मीठे प्रवचन देकर आश्रमों गोशाला इत्यादि गाहों के नाम पर संपत्ति बटोरने में लगे है जरूरत है कि शैक्षिक पाठ्यक्रम और धर्म गुरुओं के जरिए नैतिकता सत्य ईमानदारी के मूलभूत सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया जाए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# आखिर विज्ञान ने माना - अच्छी सेहत की दवा हे प्रकृति से जुड़ाव

आज के आधुनिक विलासिता के इस युग में मानव जितना हाईटेक होता जा रहा हे उतना ही अधिक मानसिक तनाव और बीमारियों से ग्रसित भी होता जा रहा हे ! आज की भागम भाग भरी जिन्दगी में अपनी जिम्मेदारियों की वजह से बड़े बुजुर्ग लोगो का तनाव ग्रस्त और बीमार होने की वजह बनती भी हे लेकिन आज छोटे छोटे बच्चे भी जिन पर जीवन की कोई जिम्मेदारी नही हे वह भी तनाव ग्रस्त नजर आकर असमय कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के शिकार होने लगे हे ! यह समस्या भारत या किसी एक देश की नही हे बल्कि यह विश्वव्यापी समस्या बनती जा रही हे ! आज दुनिया के किसी भी देश में देख लीजिये आपको सर्वाधिक मरीज जीवन जीने की सब कुछ सुविधा होने के बाद भी मानसिक तनाव लिए ही मिलेंगे जिसका सबसे प्रमुख कारण लोगों को नींद नही आना हे ! आधुनिकता के इस युग में जब से मोबाइल की हाईटेक टेक्नालाजी ने जब से प्रवेश किया हे भारत क्या दुनिया भर के देशों में शारीरिक आराम के लिए मनुष्य की आखो से राती की नींद को इस कदर गायब कर दिया हे कि आज के युग में आदमी दो घड़ी चेन की नींद के लिए तडफता दिखाई देता हे ! आज दुनिया में बच्चे, युवा और बुजुर्ग जिसे देखो उसे सभी को रात दिन अपने ही मोबाइल में खोया हुआ पायेंगे ! बेशक मानव के जीवन में मोबाइल टेकनालजी क्या आई उसकी जीवन जीने की दिनचर्या ही बिलकुल बदल गई हे ! एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए रात्रि की आठ घंटे की नींद होना बेहद जरूरी हे लेकिन भारत सहित दुनियाभर में कितने ऐसे लोग मिलेंगे जो रात्रि की आठ घंटे की सुकुन भरी नींद पूरी करके सूर्योदय से पूर्व उठ जाते हे ? आज लोगों ने अपनी दिनचर्या खुद बदली हे जिसकी वजह से युवावस्था में ही वह मरीज सा बनता जा रहा हे ! यह न केवल हमारे हिंदुस्तान की बात हे बल्कि दुनिया के बड़े बड़े देशो में आलम यह हे कि न केवल युवापीढ़ी बल्कि उनके माता पिता भी रात्रि के आखरी पहर में जाकर मोबाईल को इसलिए बंद कर सोने की कोशिश करते हे कि सुबह उन्हें समय पर अपने काम पर जाना होता हे ! बकोल पूरी नींद होने की वजह से आज न केवल दुनिया का युवा वर्ग बल्कि बच्चे भी कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हे ! दुनिया भर के देशों में कमर दर्द, रीड की हड्डी में गैप आना, सर्वाइकल स्पाइन, कंधे का दर्द, हाथ पैरों में अकड़न आना, मोटापा बढ़ना सहित कई प्रकार की बीमारियों के शिकार बच्चे और युवा पीढ़ी भी बड़ी तेजी से हो रहे हे ! आधुनिकता की चकाचौंध में बढ़ती इन बीमारियों लेकर अमेरिका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के दो हजार डॉक्टरों ने संयुक्त अध्ययन किया और बढ़ती इन बीमारियों से निजात पाने के लिए हजारों लोगों को प्रकृति से जुड़ाव की डॉक्टरी पर्ची अर्थात नेचर पिक्रिप्शन दवा जब लिखी गई और उसका पालन करने पर अवसाद ग्रस्त कई मरीजों के जीवन में कई तरह के सकारात्मक फायदे भी होने लगे हे जिसके आधार पर अमेरिका में मानसिक रूप से तनाव ग्रस्त लोगों को प्रकृति के करीब अधिक से अधिक रहने की सलाह देकर स्वस्थ किया जा रहा हे ! भारतीय आयुर्वेद विज्ञान तो हजारो सालो पूर्व से यह कहता आया हे कि मानव जितना प्रकृति के करीब रहेगा उतना स्वस्थ प्रसन्नचित रहेगा ! आज दुनियाभर के देशों में लोग तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन जीने हेतु भारतीय जीवन पद्धति उसके आचार विचार और ज्ञान को अपना रहे हे लेकिन भारत की इसे विडंबना ही कहेंगे कि देश के ही उच्च



शिक्षित लोग ही भारतीय जीवन पद्धति और ज्ञान के इतर आधुनिकता की चकाचौंध भरी मोबाईल संस्कृति में डूबकर न केवल अपना बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन को भी अस्वस्थ कर अवसाद ग्रस्त बनाने पर तुले हे ! उम्मीद हे अमेरिका मेडिकल विश्वविद्यालय के संयुक्त अध्ययन के बाद मानसिक रूप से अवसाद ग्रस्त भारतीय शिक्षित लोग भी अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रकृति करीब आएंगे तो निश्चित उनके जीवन को सुखमय बनाने के लिए प्रकृति से बेहतर न कोई डॉक्टर होगा न कोई दवा होगी !

**अरविन्द रावल**

# संपादकीय

## बिहार में दावे,वादे और लोकलुभावन घोषणाओ से सियासी हलचल बढ़ी

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले टर्म के चुनाव के बीच गिनती के दिन शेष रह गए है।राजद नेता तेजस्वी यादव ने घोषणा की है कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य के पंचायती राज प्रणाली के भत्ते दुगुने किये जायेंगे।तेजस्वी ने पंचायत प्रतिनिधियों के लिये 50 लाख रु.का बीमा कवर और पेंशन देने की घोषणा की गई है।नाई, कुमार और लोहार को पांच लाख की सहायता मिलेगी।इतना ही नही,वक्फ संशोधन बिल कूड़ेदान में फेंक दिया जायगा।बिहार में लालू और तेजस्वी की राजनीति समझ मे नही आए, यह तो सम्भव ही नही है।जनता लालू और तेजस्वी के रग -रग से वाफिक है।भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाली राजद मतदाताओ को जूठे सपने दिखा कर वोट प्राप्त करने का सियासी खेल में वोटर फंसने वाले नही है।बिहार के मुख्यमंत्री एक निःस्वार्थ सत्याग्रही है।लालु की राजनैतिक महत्वकांशा बिहार को समझ मे आ गई है।बिहार में जंगलराज और भ्रष्ट राजनीति के लिए राजद सुप्रीमो लालू की सत्ता से लोगो की पीड़ा पहुँची है।तेजस्वी की घोषणाएं कागज का पुलिंदा है।सता हथियाने के बाद बिहार की राजनीति पूर्ववर्ती अपने पिता की सरकार जैसी बन जाएगी।न्याय के लिए दर -दर भटकते लोगो की जिंदगियां दुश्वार हो गई थी।लालू और तेजस्वी के उपर 27 मामले दर्ज है।उनकी खोखली राजनीति से कोई अनभिज्ञ नही है।लालच और लुभावने वादों से अब लोग भ्रमित होने वाले नही है।अब मतदाताओ को समझ मे आ गया है कि लुभावने वादे और कुछ स्वार्थ के लिए देश के साथ समझौता नही किया जा सकता है।क्योकि देश सर्वोपरि है।कांग्रेस और राजद का गठबंधन बना और उसके बाद सीटो का पेच इस तरह फंसा की, आज दिन तक गीले शिकवे मौजूद है।जनता इनसे उम्मीद लगा ही नही सकती है।चुनाव का बिगुल बजते ही इनकी हशरत जमीदोंज हो गई।सता की राजनीति में आकंठ डूबे राजनेताओ से ज्यादा उम्मीद नही की जा सकती है।राजनीति में साफ सुथरी छवि वाले युवाओ को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।विधानसभा चुनाव में रहकर सक्रिय राजनीति में लोक जागरण का काम कर सकते है।अब राजनीति अंधेरे में तीर चलाने वाली नही चाहिए।बदलते चलन में राजनीति में भी सुधार की अपेक्षा है।देश मे व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए आवाज उठाने वाले और बिहार की राजनीति में साफ छवि वाले नेताओं को अहमियत देने के लिए वर्तमान में नीतिश कुमार की सत्ता में शुद्ध राजनीति की बोलबाला है,इसी तरह लोगो के जीवन मे अमूलचूल परिवर्तन को साधा जा सकता है।बिहार में सिर्फ जाति, धर्म,लुभावने वादे और बाहुबल के आधार पर चुनाव लड़ने की जुगत में है।इसलिए स्वच्छ राजनीति के विकल्प के रूप में वोट करने की ठानी है।जो वर्तमान में नीतीश और मोदी की साफ सुथरी छवि के लोग कायल है।बिहार में महिलाओ,युवाओ के लिए रोजगारपरक दृष्टिकोण से बिहार में उत्साह सातवे आसमान पर है।जो लोग लेने की अवस्था मे होते है,वे क्या किसी को कुछ दे सकते है।दावे,वादे और लोक लोभावन घोषणाओं को दूसरे विकल्प की तरह जनता जनार्धन जी रही है।क्योकि जिन दलों पर भ्रष्टाचार के आरोप है वे दल गठबंधन से चुनाव लड़ रहे है।यह वास्तविकता है कि लम्बे समय तक किसी को बेवकूफ नही बनाया जा सकता है।बिहार में राजद की ऐन चुनाव में इतनी बड़ी घोषणा और वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने की घोषणा मात्र तुष्टिकरण की राजनीति ही है।दोनो हाथों में लड्डू रखने वाली कांग्रेस और राजद की नीतिया मतदाताओ के लिए चुनौती है।भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करने वाली राजनैतिक पार्टियां ही देशहित मे कार्य कर सकती है।ये दल ही टिकाऊ होते है।राजद इस राज्य में इस कदर बैचेन है कि उसने घोषणाओं की फहरिस्त लगा दी है।गृहमंत्री मंत्री अमित शाह और बिहार के दिग्गज नेताओं ने एनडीए की सरकार फिर से बनने की हुंकार भरी है।अभी केंद्रीय मंत्री राज्य का दौरा करने के लिए आमंत्रित है।राजद और कांग्रेस दोनो दल बेमेल गठजोड़ है।क्योंकि राजद भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है और कांग्रेस भी आजादी के बाद भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करती आ रही है।कांग्रेस हिन्दू और हिंदुत्ववादी की बात कर मुस्लिम वोटो की लालच में हिन्दुओ पर निशाना साधती नजर आती है,वही दलित,पिछड़े और मुस्लिम वोटों की सेंघमारी में राज्य के मुद्दे हवा में झूलते हुए नजर आ रहे है।राज्य के विकास की बात राजद और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के मुह से सुनाई नही देती है।दोनो दलों के भीतर से जो जनता तक जो सन्देश जा रहा है,वह अपसीं कलह का है। एनडीए ने बेहतर माहौल दिया है।लालू के शासनकाल मे बिहार में सांप्रदायिक दंगे व अशांति का आलम था।लेकिन बीस वर्ष के शासनकाल मे साम्प्रदायिक सौहार्द का बेहतर माहौल है। बिहार में संवेदनहीनता की हदे उस समय सुनी जाती थी,तब जंगलराज का तमगा लालू के कार्यकाल में मिला था।आज वर्तमान में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव किस मुह से वोटरों के बीच वोट की मांग कर रहे है?ऐसे नफ्फ्ट लोगो के चेहरे पर कोई गम नही है ।महिलाओ के साथ बर्बरतापूर्ण कार्यवाई को बिहार भूल पाया है?बिहार में एनडीए गठबंधन को नुकसान नही होगा क्योंकि बिहार में महागठबंधन भले ही सफलता को छू रहा है लेकिन यहां विरोधी ताकते बिखरी हुई है।ओवैसी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए है।ये वो दल है जिसके लिए कांग्रेस और राजद के झोली में जाने वाले वोटो का हिस्सा ओवैसी को जरूर मिलेगा।क्योकि ओवैसी की मंशा है कि हिंदुस्तान के मुसलमानों का नेता बनना है तो हिंदी भाषी राज्य में अपना परचम अवश्य लहरा कर राजनीति के गलियारों तक पहुँचा जाए।दूसरे दल वोट काटने के लिए निर्णयक भूमिका निभाएंगे।बिहार में इस बार टक्कर के बीच अंतिम विकल्प के तौर पर यही सब कुछ प्राप्त होना है कि बिहार विधानसभा चुनाव ने किसने क्या खोया और किसने क्या पाया है?क्योंकि जो पहली बार अपनी पार्टी के लिये उम्मीदवार उतार रहा है,उसके लिए तो जो मिला वो ही मुनाफा ही है।फायदेमंद ही है।लालू के कार्यकाल की कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति बिहार में राजद को पिछड़ने करने के लिए मजबूर जरूर करेगी।सियासी रूप से सबसे ज्यादा संदेश तेजस्वी की ओर से रहा है कि जिस दल की सिर्फ परछाई माना जाता रहा है,कांग्रेस ने यह संकेत दे दिया है कि हम भी कुछ कम नही है बिहार की राजनीति भले ही बदलती नजर आ रही है।वोटो की हिस्सेदारी बढ़ रही है लेकिन फिर भी एनडीए आशावादी है।और सरकार बनाने का अभी भी दम भर रही है।वो भी स्पष्ट बहुमत से।

लालू प्रशासन दमनकारी रहा था।ऐसे में जनता अब कमजोर शासन को वापस मौका नही देना चाहती है।मनोज दुबे ने कहा कि कमजोर सरकार लाने का क्या औचित्य है?क्योंकि लोक लुभावन वादे अक्सर सरकार बनने के बाद विफल होते है।इसलिए देशहित और विकास की बात करने वाले नेता और पार्टी का चयन आज की सबसे बडी ताकत है।भैया के आवे दे सत्ता में,उठा लेब घर से।मोदी ने समस्तीपुर की सभा में कहा था कि ये लठबंधन वाले चुनाव लड़वा रहे है उनके प्रचार में जंगलराज की याद ताजा हो रही है।आरजेडी -कांग्रेस के लोग छर्रा,कट्टा ,दुनाली और घर से उठाने की धमकी देने लग गए है।उसी परिपेक्ष्य में भाजपा का गाना भी वायरल हुआ है।जिसने निरहुआ गाने के बोल-आया है उत्थान का जनजन के कल्याक का,बरसो पहले एक भरी थी हुंकार,रफ्तार पकड़ लिहले बार बिहार जैसे विकास के गाने इनके जेहन में नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

# अब पराली बनी सियासत वाली अब पराली बनी सियासत वाली

ठण्ड की दस्तक के साथ ही, धान की कटाई और पराली जलाई के बीच आई दिवाली पर खतरनाक स्तर तक पहुंचे प्रदूषण के लिए फिर पराली को ही जिम्मेदार ठहराने में पंजाब और दिल्ली की राज्य सरकारें इस बार आमने-सामने रहीं। यह सच है कि पराली के चलते दोनों राज्यों के अलावा भी कई राज्य इसका प्रदूषण भुगत रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि पंजाब-दिल्ली की सरकारें बजाए सुलह के एक दूसरे को दोषी ठहरा, प्रदूषण से कैसे निपटेंगी? आसमान से निगरानी और लाइव तस्वीरों के इस दौर में भी सच सामने होने के बावजूद राजनीतिक बयानबाजी बेहद हैरानगी भरी है। सच है कि प्रदूषण की दमघोटू हवा इसके प्रभाव में आने वाले हर किसी को तकलीफ देती है। यह भी सही है कि कोरोना के बाद बहुतेरे लोगों में प्रदूषण को बरदास्त करने की क्षमता भी घटी है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारें बयानों से बचाव करें। हालाकि इस बार दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश की बात की जा रही है जो यह लिखे जाने तक दिखी नहीं। फिर भी देखना होगा यह तकनीक कितनी कामियाब होती है। लेकिन प्रदूषण को लेकर यह स्थाई विकल्प हो पाए, ऐसा लगता नहीं है। इधर सुप्रीम कोर्ट ने भी बीते बरस, दिल्ली में बढ़े वायु प्रदूषण पर केंद्र को कड़ी फटकार लगाई तो पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। बावजूद इसके तो काबू पाया जा सका न ही कोई विकल्प खोजा गया। अदालत में तब पेश जवाब पर ही सवाल खड़े होना लाजिमी थे जो हुए। फिलाहाल दिल्ली में दिवाली के फौरन बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पहुंचना बेहद चिंताजनक है। 301 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एयर क्वालिटी इण्डेक्स(एएक्यूआई) इमरजेंसी स्थिति मानी जाती है। दिल्ली में 27 अक्टूबर तक प्रदूषण के स्तर में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन धान कटाई और पराली जलाने की घटनाओं में भी पंजाब व आसपास तेजी से स्तर कब कहां पहुंच जाए कहना मुश्किल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि न केवल एनसीआर बल्कि दूसरे क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ा हुआ है। पंजाब भी बुरी तरह से इसकी गिरफ्त में है। लेकिन यह सच है कि दिल्ली के मुकाबले वहां प्रदूषण अभी कम है। भले अभी पंजाब को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है क्योंकि इसी मंगलवार लुधियाना में दिवाली के ठीक पहले 271, जालंधर में 247, अमृतसर में 224, पटियाला में 206 वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के आंकड़ों जो कि 27 अक्टूबर तक के हैं देखने से पता चलता है कि दिल्ली में प्रदूषण में गिरावट के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 पर बना हुआ है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 1,900 प्रतिशत अधिक है। इसी दिन बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 381 से बढ़कर 387 हो गया है। जबकि दिल्ली सहित नौ शहरों में यह 300 के पार है। वहीं देश में शिलांग की हवा सबसे साफ रही जबकि भारत के 256 शहरों में से केवल 23 प्रतिशत में ही हवा साफ है यानी 77 प्रतिशत में हवा खराब है। गनीमत है कि बीच-बीच में बदलते मौसम से हालात इस बार पिछली बार जैसे नहीं बन पा रहे हैं। समझना होगा कि प्रदूषण के लिए केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान की पराली का धुंआ भी जिम्मेदार है। नासा की एक रिपोर्ट, वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरें, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के शोध से भी साफ हो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलती। इस पर पड़ोसी पर भी लगाम की जरूरत है। आखिर कैसी कोशिशें हैं कि सालों साल से यह मसला बजाए सुलझने के हर बार नए आरोपों में घिर जाता है? रही बात सरकारों की तो केन्द्र या राज्य की सरकारें किसानों को लेकर दावा कुछ भी करें लेकिन किसानों की भी तो अपनी समस्याएं हैं। संसाधनों की कमीं से जूझते छोटे-छोटे किसानों को भला ऋण कैसे मिलेगा ताकि पराली से विभिन्न उत्पाद बनाने वाली मशीनें खरीद सकें? किसानों की अपनी मजबूरी है। खेती मौसम पर निर्भर है और एक-दो दिन का बिगड़ा मौसम महीनों की मेहनत पर पानी फेर देता है। इसी चलते किसान भी तुरंत पराली जलाने को मजबूर होते हैं। किसान अगली फसल की बुवाई की जल्दबाजी मौसम के डर के बीच हालातों से जूझता है। दूसरी फसल के लिए बहुत



कम वक्त के चलते खासकर छोटे किसान असमंजस में जानते-समझते मजबूरन पराली जलाने का अपराध करते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण दशकों पुराना मुद्दा है। 1985 में भी आवाज उठी थी। जब कीर्ति नगर जैसे घने रिहायशी क्षेत्र में एक फर्टीलाइजर संयंत्र की जहरीली हवा से लोग बीमार होने लगे। तब एक वकील एम.सी. मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। हकीकत देखिए, सुनवाई के दौरान ही प्लांट से ओलियम गैस रिसी और तीस हजारी कोर्ट के एक वकील की जान चली गई। कइयों की हालत बिगड़ी। इसके बाद कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगा। आबादी वाले क्षेत्र में क्लोरीन, सुपर क्लोरीन, ओलियम, फॉस्फेट जैसी जहरीले उत्पाद बनाने पर रोक लगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने को मौलिक अधिकार बनाया। धरातल पर देखें तो सिवाय कागजी योजना बनाने, बैठकें और आखिर में आरोप-प्रत्यारोप से ज्यादा भला अब तक क्या हासिल हुआ है? न तमाम प्रभावित राज्य सरकारें और न ही केन्द्र, पराली के दूसरे उपयोग किसानों को समझा पाया। क्लाउड सीडिंग से कृत्रिम बारिश की बातें करने वाली दिल्ली सरकार भी खतरनाक स्तर तक प्रदूषण से फौरी राहत ही दिला पाई जो कुछ देशों ने कर दिखाया। बजाए आपसी तू-तू, मैं-मैं के पराली संग्रहण, इसके व्यावसायिक उपयोगों पर पूरे साल चर्चा होती तो शायद जलाने की नौबत ही न आती। लगता नहीं कि पराली मुद्दा गंभीर जरूर है लेकिन निदान असंभव नहीं? काश, सरकारी तंत्र और हुक्मरान यह समझ पाते!

**ऋतुपर्ण दवे**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस अधिकारियों ने घाटों का किया निरीक्षण

**देवरिया।** छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय ने मंगलवार प्रातः थाना कोतवाली व थाना रुद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत परमार्थी पोखरा, गायत्री मंदिर, देवरही मंदिर, सोमनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर, हातीकुंड, दुग्धेश्वरनाथ, सेमरौना पुल आदि घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार ने थाना सलेमपुर क्षेत्र के नदावर घाट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरीराम यादव, क्षेत्राधिकारी भलुअनी विनी सिंह सहित सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने में जुटे रहे।

## खुलासाः लूट की घटना में तीन आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने 72 घंटे के भीतर लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, एक नाजायज चाकू, दो मोटरसाइकिलें, एक सफेद धातु की चेन व सात सौ रुपये नकद बरामद किए गए। 24 अक्तूबर को बिहार के सिवान जनपद निवासी अविनाश पंडित के साथ ग्राम सिकटिया के पास लूट की घटना हुई थी। घटना में अमित ठाकुर, करन राय व अंकित यादव नामक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मिश्रौली गांव के सिवान से छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित ठाकुर व करन राय देवरिया जनपद के रहने वाले हैं, जबकि अंकित यादव गोपालगंज (बिहार) का निवासी है। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है।

## उगते सूर्य को व्रती द्वारा सुबह अर्ध्य देकर सम्पन्न हुवा छठ पूजन का कार्यक्रम



**मनकापुर गोण्डा –** क्षेत्र मे चल रहे भक्ति और आस्था का महा पर्व छठ पूजन का कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से घनश्याम पुर मे माता संमय के स्थान पर बने अमृत सरोवर घाट पर और शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर बुककन पुर के घाट पर सुबह भक्तो द्वारा धूम धाम से पूजन अर्चन कर छठी मैय्या की जयकारा के साथ व्रती महिलाओ द्वारा उदयमान उगता सूर्य को नदी मे खड़ी होकर अर्ध्य देकर सुख और शांति के लिए प्रार्थना कियाऔर प्रसाद वितरण कर पूजन को सम्पन्न किया। मंगलवार को सुबह व्रती महिलाओ एवं पुरुषो ने घाट के अंदर कतार बद्ध पानी मे खडे होकर उगते सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया।इस समय कार्यक्रम स्थल भक्ति मय होकर आकर्षक का केंद्र बना।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उक्त स्थल पर सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान बुककन पुर कन्हैय्या बख्श सिंह द्वारा बताया गया कि हम लोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्ति एवं आस्था का महा पर्व छठ पूजा का कार्यक्रम मनाया जारहा है इसमें ग्रामीणों के सहयोग से घाट की साफ सफाई एवं पंडाल की सजावट का कार्य किया जाता है।इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धांलुओं सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एडीजी जोन आलोक सिंह ने वीसी के माध्यम से डीजीपी को दी जानकारी



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूंजीगत पक्ष के प्राविधानित बजट के सापेक्ष लम्बित प्रस्ताव एवं स्वीकृत के उपरान्त क्रय कार्यवाही की प्रगति, साइबर अपराध व मिशन शक्ति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में श्री आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में जनपदों द्वारा कृत कार्यवाही एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

# रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी, दो साल से चल रहा था प्रेम संबंध - हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद के पिपराइच थाना क्षेत्र में सोमवार की दी रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां रेलवे ट्रैक पर युवक और युवती का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर जुटी भीड़ के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। युवती के शरीर पर कपड़े न होने से मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे संदिग्ध मानते हुए हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने बीती रात करीब 11 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक और युवती का शव पड़ा देखा। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची जीआरपी और स्थानीय थाने की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक युवक और युवती के बीच करीब दो साल से प्रेम संबंध चल रहा था। युवक हैदराबाद में पेंट पालिश का काम करता था और दो दिन पहले ही अपने घर लौटा था। सोमवार की शाम दोनों को रेलवे स्टेशन की दिशा में जाते हुए देखा गया था। कुछ घंटे बाद दोनों की लाशें ट्रैक पर मिलने से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी कपड़े की दुकान पर काम करती थी। सोमवार सुबह वह रोज की तरह दुकान पर गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश पड़ी है। युवती की मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि युवक आए दिन उसकी बेटी से छेड़खानी करता था, जिससे वह काफी परेशान थी। उन्होंने आशंका जताई कि हत्या के बाद शव को ट्रैक पर फेंका गया है।

पुलिस ने युवती के कार्यस्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। दुकानदार ने बताया कि युवती शाम करीब सात बजे दुकान से निकली थी। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। वहीं, युवक के घरवालों से भी पूछताछ की जा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी अनुज सिंह ने बताया कि ÷घटना की जानकारी रात करीब 10:30 बजे मिली। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का।÷ फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। प्रेम संबंध, पारिवारिक विवाद और छेड़खानी के आरोप – तीनों बिंदुओं को जांच के केंद्र में रखा गया है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# वर्ती महिलाओं ने उदयाचल भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पति और पुत्र के दीर्घायु हेतु कामना

**● अटूट आस्था व श्रद्धा तथा सर्मपण एवं विश्वास के साथ भीगते हुए,महिलाओं ने दिया अर्घ्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी–** लोक आस्था के महा पर्व छठ के शुभ अवसर पर आज भोर में चार बजे से ही व्रती महिलाएं भीगते हुए छठ घाटों पर पहुंच कर पूर्वाभिमुख होकर दीप प्रज्वलित कर भगवान सूर्य देव के उगते ही हर्षोल्लास के साथ गाय के दूध से अर्घ्य दिया तथा छठ की गीत गाते हुए अपने अपने घरों को प्रस्थान किया। इस वर्ष अपार भीड़ को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष उनवल एडवोकेट महेश कुमार दूबे तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उनवल संजय कुमार सरोज ने सभी सभासदों के प्रयास से सात स्थानों पर प्राचीन शिव मंदिर वार्ड नं चार में दो जगह एवं झारखंडी शिवालय वार्ड नंबर तीन तथा वार्ड नंबर सात मे दो जलाशयों एवं आमी नदी तट पर दो स्थानों तथा उल्दा पोखरा पर नगर पंचायत प्रशासन ने इस वर्ष साफ सफाई से लेकर आने जाने वाले रास्तों को ठीक कराकर एवं लाईट की भरपूर व्यवस्था की गई थी तथा नगर पंचायत निवासियों ने व्रती महिलाओं को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने हेतु उत्साह के साथ गाय के दूध का पर्याप्त मात्रा में प्रबंध किया था। इस लोक आस्था के महा पर्व पर थाना अध्यक्ष अनूप सिहचौकी प्रभारी उनवल राजीव कुमार तिवारी मय हमराहियों के साथ भ्रमण करते रहे तथा शांति व सुरक्षा हेतु छठ घाटों पर महिला कांस्टेबल की भी तैनाती की गई थी जिससे यह महापर्व सकुशल संपन्न हुआ। इसी क्रम में खजनी, सातुआभार, छताई,रुद्रापुर भरोहिया, सहित सभी गांव सभाओं के जलाशयों पर व्रति महिलाओं ने भगवान सूरज को अर्घ देकर अपने-अपने घर को प्रस्थान की।

# तालाब में डूबने से युवक की दर्दनाक मौत, छठ पूजा की खुशियां मातम में बदलीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर–** जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली (द्वितीय) में मंगलवार की सुबह छठ पूजा के दौरान एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। छठ घाट पर पूजा-अर्चना के बीच तालाब में नहाने गया 17 वर्षीय युवक कमलेश की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। मिली जानकारी के अनुसार, कमलेश पुत्र पन्ने लाल प्रसाद निवासी सकराखोर गांव का रहने वाला था। वह अपनी मौसी के घर अहिरौली गांव में छठ पर्व मनाने आया था। सुबह अपनी मौसी के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद कुछ साथियों के साथ तालाब में तैरने चला गया। इसी दौरान गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण वह पानी में समा गया। तालाब में पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके और घबराहट में वहां से निकल गए।

छठ घाट पर मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों को तेज संगीत और भीड़-भाड़ के बीच हादसे का पता काफी देर बाद चला। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, कमलेश पानी में लापता हो चुका था। स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला और तत्काल बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गोरखपुर भेजा गया। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कमलेश गांधी इंटर कॉलेज महुआपार का कक्षा 11वीं का छात्र था और तीन भाइयों में बीच का था। बड़े भाई गुलशन और छोटे भाई शानू का वह लाडला था। परिवार और गांव वालों के अनुसार कमलेश पढ़ाई में होनहार और मिलनसार स्वभाव का था। छठ पर्व के दौरान हुए इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। लोगों ने प्रशासन से पूजा स्थलों पर सुरक्षा इंतजाम और सतर्कता बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु शासन स्तर से संचालित मिशन शक्ति अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के नेतृत्व व क्षेत्राधिकार ललिया देवेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा थाना महाराजगंज तराई प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक आदित्य कुमार मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव ओमप्रकाश आरक्षी पवनेश कुमार प्रमोद कुमार महिला आरक्षी सपना अनीता गुप्ता एवं थानाध्यक्ष हरैया हरीश सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनीत सिंह मुख्य आरक्षी अभिमन्यू आरक्षी संजय गुप्ता विजय विश्वकर्मा कौशल यादव महिला आरक्षी पूजा कीर्ति सिंह लक्ष्मी द्वारा प्रतिदिन मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालयों बाजारों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया, जहाँ महिला बीट अधिकारियों एवं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को निम्नलिखित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों, तथा कानूनी प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई तथा जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय थानों में स्थापित ÷मिशन शक्ति केन्द्र÷ के कार्य एवं उद्देश्य की भी जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

**इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य**

महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना,

उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना

और समाज में नारी के सम्मान एवं गरिमा को और सुदृढ़ करना है।

बलरामपुर पुलिस द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित हो सके और प्रत्येक नारी भयमुक्त एवं स्वाभिमानी जीवन जी सके।

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र में 22 अक्टूबर की रात्रि में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस द्वारा अकारण मारने पीटने से घायल युवक रजनीश पटेल के घर नगर पंचायत कपिलवस्तु के वार्ड नंबर 4 गांधीनगर चंपापुर में जाकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गठित प्रतिनिधि मंडल ने की घटना की ली जानकारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया । इस दौरान पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू चौधरी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी हर संभव मदद दिलाने की बात कहीं और इस घटना की घोर निंदा की । उन्होंने कहा कि एक निर्दोष यवक जो बी फार्मा का छात्र है उसे जिस तरह से पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई की गई है इससे प्रतीत होता है कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज नहीं है,बल्कि जंगल राज कायम हो गया है । उन्होंने आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी एवं कठोरत्मक कार्रवाई कराने के लिए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक धीरेन्द्र सिंह उर्फ धीरू ने कहा कि आरोपी पुलिस कर्मियों को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है यह एक सवाल है। उन्होंने कहा कि यहां की इस घटना की जानकारी प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को सौंपा जाएगा तथा आगे की रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद, अरसाद खुर्शीद आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर गोला बाजार में दर्दनाक हादसाः छठ घाट पर नहाने गए युवक की डूबने से मौत, गांव में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोळाबाजार (गोरखपुर)–** छठ महापर्व की आस्था और श्रद्धा के बीच मंगलवार की भोर में गोरखपुर जनपद के गोला थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव से एक दर्दनाक हादसे की खबर आई है। यहां गांव स्थित पोखरे पर बने छठ घाट पर स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, डाड़ी गांव निवासी चंदन कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष) पुत्र बाबूलाल मंगलवार की भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने से पहले छठ घाट पर स्नान करने गया था। बताया जा रहा है कि स्नान करते समय चंदन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक चंदन पानी में समा गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे से पूरे गांव में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक चंदन परिवार का इकलौता पुत्र था और घर की आर्थिक जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पोखरे पर गहराई अधिक होने के बावजूद सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। ना ही प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे हादसे की संभावना बनी रही। लोगों ने प्रशासन से ऐसे स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। छठ पर्व की खुशियां इस दर्दनाक घटना से गम में बदल गईं। गांव में हर कोई चंदन की असमय मौत से स्तब्ध है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की जांच की जा रही है।

# गोरखपुर में आस्था और अनुशासन के संग सम्पन्न हुआ छठ महापर्व, बिगड़े मौसम में उगते सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पूर्वांचल की लोकआस्था और श्रद्धा का प्रतीक छठ महापर्व मंगलवार की सुबह बिगड़े मौसम के बावजूदगोरखपुर में भव्यता और पूर्ण अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह से ही जनपद के तमाम घाटों– राजघाट, गोरखनाथ घाट, रामघाट, रामगढ़ताल, चिलुआताल, महेशरा, पीपीगंज, कैम्पियरगंज, रोहिणी और झगहा– पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में जल में खड़ी होकर सूर्य देव को दूध, गंगाजल, और फल अर्पित करते हुए ÷छठ मइया के जयकारों÷ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रही थीं। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ हुआ। श्रद्धालु परिवार सहित घाटों पर पहुंचे और कठिन व्रत का विधिवत समापन किया। घाटों पर दीपों की रौशनी और लोकगीतों की गूंज से पूरा शहर आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

**सुरक्षा और व्यवस्था रही अभेद्य**

छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने अभूतपूर्व तैयारी की थी। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी एस. चनप्पा, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी राज करन नय्यर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न घाटों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शहर और ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा हेतु जल पुलिस, पीएसी, एनडीआरएफ और एआरएफ की टीमें तैनात रहीं।एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव और एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने अपने क्षेत्रों में स्वयं निगरानी की। यातायात प्रभारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रही, जिससे किसी श्रद्धालु को परेशानी नहीं हुई।

**नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था**

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर निगम ने 110 टैंकर, 3200 सफाईकर्मियों और 20,000 स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से घाटों की सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की। ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ नीलेश सिंह के नेतृत्व में सफाई और पथ-प्रकाश व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

**प्रशासनिक समन्वय का उदाहरण**

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और मजिस्ट्रेटों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी थी। अधिकारी रातभर घाटों की व्यवस्था, जल की गहराई और बिजली व्यवस्था की निगरानी करते रहे। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखी गई।

**लोक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक**

गोरखपुर के घाटों पर "उठउ हे सूर्य देव" और "कैलवा जस सोनवा" जैसे गीतों के बीच श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। जिलाधिकारी और एसएसपी ने पर्व की सफलता पर सभी नागरिकों, व्रती महिलाओं और कर्मचारियों का आभार जताया। गोरखपुर में छठ पर्व की भव्य सम्पन्नता ने न केवल आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, बल्कि यह दिखाया कि प्रशासनिक समन्वय और जनभागीदारी से किस तरह धार्मिक आयोजनों को शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न किया जा सकता है।

# सीमा पर प्रवेश द्वार का निर्माण शुरू, सुरक्षा और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर, जरवा।** भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित जरवा-कोयलाबास में वर्षों से अटके प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रांतीय खंड ने सोमवार से फाउंडेशन खोदाई शुरू कर दी। इसी के साथ सीमा क्षेत्र के लोगों में विकास की नई उम्मीद जागी है। प्रवेश द्वार अब तरक्की के द्वार के रूप में जाना जाएगा। इसके निर्माण से भंसार छूट की सीमा बढ़ाने की मांग और मजबूत हुई है। यह परियोजना वर्ष 2021 में 113 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होनी थी, लेकिन वन विभाग की आपत्ति के कारण काम रुका था। बाद में मार्च 2024 में जरवा से करीब छह किलोमीटर अंदर टड़वा गांव में पिलर निर्माण शुरू हुआ। नागरिकता और भूमि विवाद को लेकर तत्कालीन विधायक डॉ. एस.पी. यादव के हस्तक्षेप पर इसे रोकना पड़ा। मार्च 2025 में वन विभाग द्वारा जमीन स्थानांतरित करने और आपत्ति हटाने के बाद बजट संशोधित होकर 123.06 लाख रुपये हो गया। अक्तूबर 2025 में वन विभाग से एनओसी मिलते ही निर्माण को फिर से गति मिल गई। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि यह प्रवेश द्वार न केवल सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार और पर्यटन को भी नई दिशा देगा। आने वाले समय में यह क्षेत्र भारत-नेपाल मैत्री और सीमाई सौहार्द का प्रतीक बनेगा।

**तीन विभागों के तालमेल से शुरू हुआ काम**

सीमा पर स्थित एसएसबी जरवा चौकी, वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने संयुक्त बैठक कर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर किया। इसके बाद तीन जेसीबी मशीनों से तेजी से खोदाई शुरू की गई। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता राकेश कुमार मल ने बताया कि वह व जेई रामनरेश कार्य की निगरानी कर रहे हैं। काम निर्धारित समय में पूरा कराने का लक्ष्य है।

**भव्यता और तकनीक का संगम होगा प्रवेश द्वार**

भव्य प्रवेश द्वार को पांच खंडों में विभाजित किया गया है। यह पूर्णतः सोलर सिस्टम आधारित होगा, जो तिरंगा थीम की लाइटिंग से जगमगाएगा। यहां आने-जाने वालों को सुरक्षा जांच, दस्तावेज सत्यापन और फोटोग्राफी पॉइंट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पेट्रोल पम्प में लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट–** बीती 18 अक्टूबर की रात्रि थाना बरगढ़ अन्तर्गत जय पारनू बाबा फिलिंग स्टेशन कलचिहा पेट्रोप पम्प पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना बरगढ़ एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने इन घटना के दो आरोपियों को एक बोलेरो कार, दो तमंचा-कारतूस, लूट के एक मोबाइल फोन व 10,500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 18 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के सतना जिले के सिविल लाइन थाना के उमरी निवासी राजकुमार गौतम पुत्र नत्थूराम गौतम ने सूचना दी कि बीती 18 अक्टूबर की रात्रि थाना बरगढ़ अंतर्गत स्थित जय परानू बाबा फिलिंग स्टेशन कलचिहा पम्प पर दो बजे एक बोलेरो गाड़ी में चार लोग आये और सेल्समैन, चौकीदार व एक अन्य स्टाफको बुरी तरह मारना शुरू कर दिया। पैसे और लाकर कैश की चाभी माँगने लगे। बोलेरो सवार सभी चारों लोगों ने पेट्रोप पम्प के स्टाफकी पिटाई की तथा चाभी न मिलने पर ताला तोड़कर अन्दर घुसकर तोड़फोड़ करते हुए सारा सामान फैला दिए। इस दौरान वह लोग हथियार दिखाते हुए लगभग 95,000 रुपये कैश व पेट्रोप पम्प कर्मियों के मोबाइल फोन लूट कर बोलेरो से भाग निकले। इस घटना में पेट्रोल पम्प के चौकीदार को गम्भीर चोटे आयी थी, जिसका इलाज चल रहा है। इस सूचना पर थाना बरगढ़ में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के खुलासे व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों को लगाया गया।

एसओजी एवं थाना बरगढ़ की पुलिस टीम द्वारा की जा रही मामले की विवेचना के दौरान पता चला कि घटना के आरोपी कुछ लोग बोलोरो गाडी से मध्य प्रदेश की ओर से घटेहा मार्ग से होते हुये बरगढ की तरफ आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने बीते सोमवार की रात्रि 11:35 बजे चारों तरफसे घेरा बन्दी कर बोलरो में सवार दो लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम विकास विश्वकर्मा निवासी ग्राम उरूआ थाना लौर जिला मऊगंज मध्य प्रदेश व रोहित कुमार उर्फनीरज कुमार पटेल निवासी ग्राम ढ़नगन थाना लौर जिला मऊगंज मध्य प्रदेश ब बताया। पूछताछ करने पर बताया कि वह लोग बरगढ़ व मध्य प्रदेश के बार्डर पर पड़ने वाले किसान सेवा केन्द्र व पेट्रोल पम्प मड़हा को लूटने जा रहे थे और यहां पर अपने तीन अन्य साथियों का इंतजार कर रहे थे कि पकड़ लिए गए। आरोपियों ने परानू बाबा पेट्रोल पम्प कलचिहा में हुई लूट के सम्बन्ध में बताया कि उन्हीं लोगों ने अपने तीन अन्य साथियों सौरभ तिवारी निवासी ग्राम गोबरा संग्राम थाना शंकरगढ यमुना नगर कमिश्नरेट प्रयागराज, आलोक पाण्डेय निवासी ग्राम डिघिया परान थाना नई गढ़ी जिला मऊ गंज मध्य प्रदेश व मुन्ना पटेल उर्फ सन्दीप पटेल निवासी ग्राम कसियार थाना गढ जनपद रीवा मध्य प्रदेश के साथ इसी बोलेरो गाडी से लूट की घटना को अंजाम दिए थे। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर पकड़े गए दोनों आरोपियों से दो तमंचा-कारतूस, लूट का एक मोबाइल फोन व 10,500 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने बोलेरो कार की जांच की तो पाया कि उसमें फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई है, इस सम्बन्ध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि लूट के समय इन लोगों ने कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी। आरोपी रोहित ने बताया कि यह कार उसके मां शान्ति देवी के नाम से है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली एसओजी टीम में प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी रोहित कुमार, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन कुमार राजपूत, आशीष कुमार व थाना बरगढ़ पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवआसरे, उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह, देवेन्द्र कुमार शुक्ला, आरक्षी पीयूष सरन श्रीवास्तव, सुलभ पटेल व रोहित कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया सीमेंट व्यापारी नबी अहमद का अटैक पढ़ने से देहांत



बरेली/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत जावेदा निवासी मोहम्मद नबी अहमद अपने सरल स्वभाव के तहत सरिया सीमेंट के बड़े व्यापारी थे जिनका व्यवहार दोनों समुदायों के बीच आदर्श के बीच में रहा उनका अटैक पड़ जाने से देहांत हो गया इसकी सूचना क्षेत्र में तेजी से फैल गई तो देहात के लोग इस व्यापारी के घर अंतिम दर्शन के लिए भारी मात्रा में पहुंच गए। क्योंकि नबी अहमद का व्यवहार इतना लोकप्रिय होने के कारण लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया और उनके अंतिम संस्कार में लोगों ने जमकर हिस्सा लिया आश्चर्य जनक बात यह रही नबी अहमद के अंतिम संस्कार में मुस्लिम समुदाय से ज्यादा हिंदू समुदाय के लोग एकत्रित हुए वह व्यापारी अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गया है।

### शौच को गई किशोरी के साथ की छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज एक नाम जद



बरेली/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में एक किशोरी शाम के समय पड़ोस में ही गन्ने के खेत में शौच के लिए गई थी उसका पिता घर पर नहीं था वह गांव में किसी के धान की झाड़ रहा था मौका पाकर गांव का एक लड़का ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की विरोध करने पर लड़की का गला दबा दिया किसी तरह छूट कर लड़की घर आई उसने सारी घटना परिजनों को बताई पीड़ित के पिता ने पुलिस को नाम जा तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली है किशोरी दलित समाज से होने के कारण दलित उत्पीड़न एवं छेड़छाड़ करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है घटना की जांच क्षेत्राधिकार नवाबगंज कर रहे हैं।

### लोक आस्था और मंगल कल्याण का पर्व है छठ पूजा- डॉक्टर कौशल

**छठ पूजन स्थल पर डॉक्टर नें दी शुभकामनाएं,**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** लोक आस्था के दिव्य और भव्य पावन पर्व छठ पूजा के मौके पर मंगलवार की सुबह छोटी काशी गोला के शिव मंदिर स्थित पौराणिक सरोवर पर पहुंचकर छठी मैंया की पूजन अर्चन में लगी महिलाओं को सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक जाने माने समाज सेवी एवं भाजपा नेता डॉक्टर कौशल वर्मा ने शुभकामनाएं दी हैं। पूजन स्थल तीर्थ सरोवर पर पारंपरिक परिधानों में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं को उनकी टोकरी में डॉ कौशल वर्मा ने विभिन्न प्रकार के फल प्रदान किए हैं। व्रती महिलाओं ने छठी मैंया से पुत्रों और पतियों के लिए मंगल कामना की है। व्रत तोड़ने के उपरांत स्टाल लगाकर जलपान भी कराया गया। डॉक्टर कौशल ने कहा कि सभी त्योहारों से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त्र होता है। त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाया जाना चाहिए। त्योहारों से अनेकता में एकता और विविध सांस्कृतिक भाव विकसित होता है। त्योहार आपसी एकता सद्भाव, सौहार्द, प्रेम और भाईचारा को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह व ज्ञान चंद वर्मा, अमित शाह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, प्रभात बाजपेयी रूद्र, नयन बाजपेयी, अभिषेक वर्मा, सुमित वर्मा, प्रभात वर्मा, आनंद अर्कवंशी एडवोकेट, विशाल बाजपेयी, आदि लोग मौजूद रहे।

## .गन्ना भुगतान को लेकर पैनी नजर संस्था ने संभाला मोर्चा, एसडीएम ने दिया जल्द भुगतान कराए जाने का आश्वासन धरना खत्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/नवाबगंज।** क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर किसानो का 70 करोड़ से भी अधिक का बकाया है।भुगतान को लेकर किसान जब तब आवाज उठाते रहे हैं , तब तब गन्ना सोसाइटी की आम सभा की बैठक में भी इस मामले ने खासा तूल पकड़ा था । लेकिन आज तक एक धेले का भी भुगतान नहीं हो सका है। किसानों की बकाया को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर की संस्थापक सुनीता गंगवार ने आज गन्ना किसानों के साथ तहसील में धरना देकर प्रशासनिक अधिकारियो के सर इसका ठीकरा फोड़ते हुए तीखे प्रहार किए । देर शाम तक चले धरने पर सुनीता गंगवार के साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे किसान भी इस मुद्दे को लेकर खासे आकोशित दिखे , यहां तक कि धनौर जागीर के वृद्ध वेगराज ने भुगतान न होने पर आत्म दाह तक की चेतावनी तक दे डाली । उधर सुनीता गंगवार ने इस मामले का सारा दोष प्रशासन पर मढ़ते हुए कहा कि चीनी मिल मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी न करके प्रशासन पर मिल का पक्ष करने का आरोप लगाया। इस दौरान एसडीएम उदित पवार ने मिल के गोदाम में मौजूद चीनी की नीलामी कर बकाया की तीन करोड़ की राशि का भुगतान कराने के साथ ही शीघ्र ही मिल की भूमि का मूल्यांकन कराकर शेष राशि में से काफी का भुगतान कराने का आश्वासन देकर आन्दोलन कारी किसानो को शान्त किया । मिल परिसर की नीलामी के सवाल पर एसडीएम ने तुरन्त ही लोनिवि अधिकारियो से वार्ता कर मिल के मूल्यांकन करने हेतु कहा ताकि मिल की भी नीलामी की जा सके। संस्था के कोषाध्यक्ष व आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 59 से भावित प्रत्याशी वहीद अहमद अंसारी ने भी किसानों के इस आंदोलन में पूरा समय दिया और किसानों की समस्यायों को लेकर नाराज़गी जताई साथ किसानों के साथ हमेशा खड़े रहने और उनको हक दिलाने की बात कही है। इस मौके पर धरना प्रदर्शन में ब्रहमानन्द गंगवार, खेमकरन पंडा, रामरतन, व राधे श्याम शर्मा आदि किसानों के साथ ही ,न्याव तहसीलदार दिवाकर सिंह गन्ना समिति सचिव मेधा जोशी भी मौजूद रहीं ।

## गुड की कालाबाजारी पर रोकलगाये जाने की मंडी सचिव की मांग

**लखीमपुर खीरी।** गुड की कालाबाजारी को रोकने को लेकर आज गुड व्यवसाईयो ने मंडी सचिव से मिलकर गुड कालाबाजारी को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की गयी है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी अधिकारियों की मिली भगत के चलते मंडी राजस्व को चूना लगाया जा रहा है।सूत्र बताते हैं कि यदि कोई गुड की गाड़ी मंडी समिति से कागज न ले तो मंडी समिति को एक बार में लगभग 15000 का नुकसान होता है।वही नाम न उजागर करने वाले एक शख्स ने बताया कि मात्र 1000 रुपए लेकर मंडी राजस्व को 15000 रुश का चुना लगाया जा रहा है।अगर जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा इसकी सही से जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा*।सूत्र बताते हैं उत्तराखंड के कागजों पर लखीमपुर खीरी से बाहर भेजी जा रहा गुड।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ छठ पूजा का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैलानी-खीरी।** नगर पंचायत क्षेत्र के प्राचीन एवं प्रतिष्ठित काली मंदिर परिसर में छठ महापर्व का भव्य आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा,अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। छठ घाट की तैयारी एवं व्यवस्थाओं की कमान नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी के नेतृत्व में सम्भाली गई।आयोजन में समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी( बंटी भैया ) ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए तैयारियों का लगातार निरीक्षण किया,वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने कार्यक्रम में पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नगर पंचायत टीम के साथ घाट पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सुबह से ही काली मंदिर परिसर एवं पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। परंपरा के अनुरूप व्रती महिलाओं सहित स्थानीय नागरिकों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ पर्व की शुरुआत की। अगले दिन भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारायण सम्पन्न हुआ।इस दौरान सुरक्षा,स्वच्छता और प्रकाश की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ति,बैरिकेडिंग,बिजली के अतिरिक्त पंडाल और साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था कराई गई थी,जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी ने बताया कि छठ महापर्व अनुशासन,शुचिता और सामाजिक भागीदारी का अद्वितीय उदाहरण है।उन्होंने नगर की जनता से इस परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में नगर के अनेक जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं ने नगर पंचायत टीम की कार्यशैली की प्रशंसा की।

## कोटबारा मे चल रही कथा मे ब्यास ने सुनाई राम जन्म की पावन कथा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला छोटी काशी क्षेत्र के गाँव कोटवारा मे चल रही राम कथा के अवसर पर कथा ब्यास पंडित पियूष दिक्षित ने भगवान राम के जन्म की पावन कथा भक्तो को श्रवण कराई। कथा ब्यास ने राम जन्म की पावन कथा भक्तो को कथा श्रवण कराते हुये बताया कि जब ऐक बार राज दशरथ को ग्लानि हुई कि मेरे जीवन चौथा पन आ गया है मेरे कोई भी संतान नही है मै ऐक मृग को भी नही मार सकता अब मेरा बंश कैसे चलेगा मेरा कोई आगे चलकर नाम लेने बाला नही है। तो वह अपनी तीनो रानिंयो के साथ अपने कूलगुरू वशिस्ठ के पास नंगे पैरो चलकर उनके आश्रम मे पहुचे जाकर और उनसे अनुनय-विनय की और अपनी सारी ब्यथा गुरू को सुनाई। तब गुरू ने कहा कि जाओ राजन अब आपके ऐक नही चार चार पुत्र होगे, लेकिन आप लोग अपने भवन मे जाकर श्रृंगी रिषि को बुलाकर पूत्रेस्ठि यज्ञ कराओ,गुरू की आज्ञा पाकर राजा दशरथ ने श्रृंगी रिषि को बुलाकर यज्ञ कराया गया। यज्ञ की पूर्ण आहूति के पश्चात यज्ञ भगवान ने राजा दशरथ को खीर कटोरा प्रदान करते हुये कहते है कि इस खीर को तीनो रानियो को बराबर भाग कर के बांट देना, खीर खाने के पश्चात तीनो रानियां गर्भवती हो जाती है और नौ महीने के पश्चात राजा दशरथ के यहां चार पुत्रो का जन्म होता है। जिनका नाम राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न रखा जाता है। यह कथा सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो जाते है। इस अवसर पर कथा ब्यवस्थापक भाजपा नेता मिथिलेश मिश्र, राहुल मिश्र, व शिवपूजन शर्मा, नैमिष मिश्र, राहुल कुमार, रमेश दिक्षित, मुकेश, नवनीत अवस्थी शैलेन्द्र अवस्थी,रामदुलारे पांडे,जयराम यादव,रामकिशोर, राम सरन यादव सहित तमाम भक्त व ग्रामीण मौजूद रहे।

## फ़र्जी एफआईआर को लेकर सीएम से मिले पलिया विधायक

**लखीमपुर खीरी।** थारू समाज के कई प्रधानों के साथ पलिया विधायक रोमी साहनी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर 2012 से 2016 के बीच समाजवादी पार्टी की सरकार में थारू समाज के निर्दोष लोगों पर लगाए गए झूठे मुकदमों के विषय में विस्तार से चर्चा की। उस समय वोटर लिस्ट के नाम पर वन विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिवंगत व्यक्तियों, बुजुर्गों और निर्दोष ग्रामीणों पर हजारों की संख्या में मुकदमे दर्ज किए थे जिससे पूरे थारू समाज को अन्याय और उत्पीड़न झेलना पड़ा।विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि इन सभी प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्दोष लोगों के ऊपर दर्ज सभी मुकदमे समाप्त किए जाएँ।इस मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थारू समाज के सम्मान और न्याय के लिए मेरा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

## छठ महापर्व पर रेडक्रॉस द्वारा चाय वितरण सेवा एवं प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** रेडक्रॉस खीरी टीम द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर सेठघाट पर प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाया गया जिससे किसी आस्मिक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। रेडक्रॉस आजीवन सदस्यों द्वारा छठ पूजा में आई छठ व्रतियों उनके परिवारी जनों, अन्य सेवा कर्मियों (स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, छठ आयोजन समिति) एवम अन्य श्रद्धालुओ को चाय का प्रसाद वितरण किया गया साथ ही बिस्किट, नमकीन, रस, ब्रेड, टॉफी आदि भेंट की गई,बारिश की वजह से बढ़ी ठंड में व्रत पारण के बाद गर्म चाय ने सैकड़ों चहरों पर मुस्कान बिखेर दी, चाय की चुस्कियों के साथ छठ व्रतियों ने रेडक्रॉस सेवाकर्मियों को अनेकों आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम में रेडक्रॉस मेंबर दीपक धवन, नारायण सेठ, कुमकुम गुप्ता, अनुराग सक्सेना , रेडक्रॉस आजीवन सदस्य,छठ आयोजन समिति सदस्य मृगांक शेखर, एवम मनोज श्रीवास्तव आदि के विषेश सहयोग से जरूरतमंद परिवारों एवम बच्चों को कम्बल, साबुन भी भेट किए गए, कार्यक्रम में रेडक्रॉस आजीवन सदस्य दीपक धवन, नारायण सेठ, पवन शर्मा, कुमकुम गुप्ता, अनुराग सक्सेना, सपना कक्कड़, राममोहन गुप्ता बबिता सक्सेना सुनीता सिंह, रमेशचंद्र गुप्ता , जोगेंद्र छाबड़ा, मृगांक शेखर, मनोज श्रीवास्तव,मधु श्रीवास्तव, धनपत अग्रवाल, सचिन गुप्ता, नूतन श्रीवास्तव, राजबहादुर, अनिल श्रीवास्तव श्याम किशोर, अंशुमान श्रीवास्तव, रीना अस्थाना, रश्मि महेंद्र, संजय सक्सेना, दिनेश,वीरेंद्र सिंह, वैभवी, नील, हीरांगिनी,रेडक्रॉस खीरी सचिव आरती श्रीवास्तव आदि की महती भूमिका रही।

## महाप्रबन्धक ने 10 रेल कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**● अजय कुमार शाक्या बने माह सितम्बर 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, जे.सी.एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी,आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से सितम्बर 2025 माह के लिए चयनित कुल 10 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में 1. गौरव कृष्णा, ट्रैक मैन II, डबरा/ झाँसी मण्डल 2. राहुल रावत, ट्रैक मैन IV, छतरपुर/झाँसी मण्डल अशोक कुमार मीना, की मैन, कोसी कलां/ आगरा मण्डल 4. राम सिंह बैरवा, ट्रैक मेन्टेनर ढ्ढ, पलवल/ आगरा मण्डल 5. राम अभिलाष यादव, तकनीशियन कै. एण्ड वैगन, प्रयागराज/ प्रयागराज मण्डल 6. हरे राम यादव, स्टेशन मास्टर, लूसा/ प्रयागराज मण्डल राम लाल, प्वाइण्टस मैन/ झिंगुरा/ प्रयागराज मण्डल 8. रितेश कुमार, ट्रेन मैनेजर-गुड्स/ डीडीयूएन/प्रयागराज मण्डल 9. राजेश कुमार शुक्ला, उप स्टेशन अधीक्षक, नैनी/ प्रयागराज मण्डल 10. अजय कुमार शाक्या, वरि. ट्रेन मैनेजर-गुड्स, झाँसी /झाँसी मण्डल शामिल हैं। अजय कुमार शाक्या, वरि. ट्रेन मैनेजर-गुड्स, झाँसी /झाँसी मण्डल को "माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी" के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने दिनांक 25.08.25 को करारी स्टेशन पर गाड़ी संख्या LAR/SPL को तैयार किए जाते समय देखा कि करारी स्टेशन के थर्ड लाइन की मेन लाइन से थ्रू पास होती हुयी गाड़ी संख्या STPB के इंजन से 10वीं वैगन से आग की लपटे निकल रही है। इन्होंने तुरंत कार्यवाही करते हुए गाड़ी संख्या STPB के ट्रेन मैनेजर को खतरा संकेत दिखाया एवं वॉकी टॉकी के माध्यम से उक्त घटना के विषय में करारी स्टेशन मास्टर को सूचित किया। गाड़ी पर कार्यरत ट्रेन मैनेजर द्वारा प्रेशर गिराकर गाड़ी को खड़ी करके fire e&tinguisher की सहायता से आग को बुझाया गया। सीएण्डडब्ल्यू स्टाफ द्वारा वैगन को लोड से अलग करने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार इनकी सजगता एवं सतर्कता से एक संभावित रेल दुर्घटना को बचाया जा सका।

## छठ व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को दिया अर्घ्य

**सिद्धार्थनगर।** सूर्य उपासना के महापर्व छह के चौथे दिन मंगलवार सुबह आस्था, उल्लास और समर्पण का अनूठा समन्वय छठ घाटों पर नजर आया।सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मंगलवार को उसका कस्बा के कूड़ा नदी के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। चार दिन तक चलने वाला यह व्रत उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूर्ण हुआ। यह महिलाओ द्वारा धारण किये जाने वाला कठोर व्रत है। उसका कस्बा साहित समूचे क्षेत्र में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहा। कस्बा के रेहरा बाजार छठ घाट पर सुबह सांसद जगदंबिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान पहुंचकर छठ माता का आशीर्वाद लिया। ईओ अभिनव श्रीवास्तव छठ घाटें पर नागरिक सुविधाओं का जायजा लेते रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय , समाजसेवी मयंक पाण्डेय , सभासद सूरज मोदनवाल, कल्लू पासवान, विभूति अग्रहरि,राकेश आर्या, विशाल अग्रहरी, मनीष अग्रहरी, आशीष अग्रहरी, सोमनाथ मिश्र, सुरेंद्र पाण्डेय, समीर कश्यप, सुनील जायसवाल आदि रहे।

## ऑनलाइन कारोबार का झांसा देकर कक्षा 10 की छात्रा से 1.32 लाख की ठगी, अब धमकियां भी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** घूरपुर थानांतर्गत साइबर ठगों ने ऑनलाइन बिजनेस का झांसा देकर एक छात्रा से करीब 1.32 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने पहले रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर पैसे लिए, और फिर लगातार डरा-धमकाकर छात्रा से कई किश्तों में यह रकम ऐंठी गई।

पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है, लेकिन ठग अभी भी छात्रा को जेल भेजवाने की धमकी दे रहे हैं। घटना घूरपुर थानांतर्गत डोलिया तालाब करमा गांव की है। यहां की रहने वाली रमेश यादव की बेटी कोमल यादव जो कक्षा 10 वीं की छात्रा है। साइबर ठगों ने 24 अक्टूबर को कोमल के मोबाइल पर नटराज ऑनलाइन सर्विस का एक मैसेज भेजा, जिसमें ऑनलाइन बिजनेस में जुड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 620 रुपए जमा करने थे। छात्रा ने ठगों द्वारा भेजे गए क्यूआरकोड पर 620 रुपए भेज दिए। इसके बाद आरोपी ने छात्रा को कॉल कर अलग अलग बहानों से और पैसे भेजने की बात कही जाती रही । जब छात्रा का एकाउंट खाली हो गया, तो उसने लेनदेन रोक दिया। इसके बाद ठगों ने दबाव बनाने के लिए पुलिस की वर्दी पहने हुए कुछ 4लोगों का वीडियो भेज दिया। वीडियो के जरिए एक संदेश भी दिया गया था कि तुम्हारे खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, पैसे न भेजने पर गिरफ्तारी हो सकती है। इस धमकी से डरी हुई कोमल ने अपनी मां के खाते से भी पैसे भेजने लगी।

इस तरह छात्रा ने कुल मिलाकर 1.32 लाख रुपए भेजा। अन्ततः हारकर अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिवार वालों ने घूरपुर थाने ले पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी दशा में अनजान क्यूआरकोड, अज्ञात कॉल पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।

## कलेक्टेऊ्ट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के जिला अधिकारी द्वारा कलेक्टेऊ्ट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विभागवार समीक्षा की और निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाय। बैठक में उन्होने पाया कि राजस्व, चिकित्सा एवं कृषि विभाग द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से नही किया गया है। उन्होने ऐसे अधिकारियों को चेतावनी दी कि लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्यवाही प्रचलित कर दी जायेंगी। उन्होने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कोई भी शिथिलता स्वीकार नही है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण आख्या अपनी देख-रेख में अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती संदर्भो का निस्तारण करते हुए संदर्भो के डिफाल्टर होने की तिथि से तीन दिन पहले ही पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तर से फीडबैक लेने पर शिकायतकर्ता अपनी संतुष्टि का फीडबैक दे सकें, जिससे जनपद की रैंकिंग बेहतर हो सकें। बैठक में सीडीओ सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ अजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, उमाकान्त तिवारी, रश्मि यादव, बीएसए अनूप तिवारी, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, डीपीआरओ धनश्याम सागर, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ लोक आस्था के छठ महापर्व का समापन

**अस्त हुआ तो उदय होना भी तय स्वामी नारायणाचार्य जी का जीवन संदेश।**

**प्रयागराज।** लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। नहाय- खाय से आरंभ हुआ यह चार दिवसीय पर्व सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ। कभी केवल बिहार तक सीमित रहने वाला यह पर्व अब पूरे देश में आस्था का प्रतीक बन चुका है। प्रयागराज सहित उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर छठी मईया से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। अवधूत नारायण आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी नारायणाचार्य महाराज ने भी अपने शिष्यों के साथ इस व्रत को पूर्ण विधि-विधान से संपन्न किया। व्रत की समाप्ति पर उन्होंने श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। स्वामी नारायणाचार्य जी ने कहा। "अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देना आरंभ है, और उगते सूर्य को अर्घ्य देना समापन – यह जीवन का संकेत है कि हर अस्त के बाद नया उदय निश्चित है।"उनके इस संदेश ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में धैर्य, आशा और नवप्रेरणा का भाव प्रदान किया।

## अब सीएचसी में भी होगी 97 तरह की पैथॉलाजी जांचें, भटकने की जरूरत नही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अब मरीजों को पैथॉलाजी की बेहतर सुविधा मिलेगी। जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है, जिससे जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अब मरीजों को 97 तरह की जांचें की जा सकेंगी। इसके लिए सभी केन्द्रों पर अत्याधुनिक मशीनों को मुहैया कराया जा रहा है।क्रूष्ट्ञ के रीजनल मैनेजर उपेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में कुल 24 सीएचसी हैं, जिनमें से 11 सीएचसी केन्द्रों पर जांच की सुविधा शुरू हो चुकी है। यह पैथॉलाजी लैब पूरी तरह से हाईटेक मोड में तैयार है। अभी तक ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जांचें कराने के लिए प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटरों का चक्कर लगाना पड़ता था, या शहर के बड़े अस्पतालों में आना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने नजदीकी सीएचसी पर ही यह सुविधा मिल जाएगी।सीएमओ कार्यालय में इस संबंध में संबंधित लैब टेकनीशियन आदि को ट्रेनिंग दी गई है। सीएमओ डॉ ए के तिवारी ने कहा कि इस व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को काफी सहूलियत होगी। टोटल आरबीसी काउंट, स्नोफिल काउंट, प्लेटलेट्स काउंट, ईएसआर, ब्लीडिंग टाइमिंग एंड क्लॉटिंग टाइमिंग, पैक्ड सेल वॉल्यूम, थैलेसिमिया, यूरिन प्रेगनेंसी टेस्ट, यूरिन माइक्रोस्कोपी, सीरम एसटी, सीरम एलटी, सीरम टोटल प्रोटीन, सीरम क्रिटनिन, सीरम यूरिक एसिड, सीरम सोडियम, सीरम कैल्शियम आदि कई जांचें अब सीएचसी पर ही हो जाएंगी। पैथॉलाजी लैब को भी डिजिटल और हाईटेक बनाने की कवायद की जा रही है। जांच कराने के बाद मरीजों को पैथॉलाजी रिपोर्ट लेने के लिए सीएचसी पर नहीं जाना पड़ेगा। मरीजों को ब्लड सैंपल देने के साथ ही अपना मोबाइल नंबर भी देना होगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पैथॉलाजी रिपोर्ट आसानी से भेज दी जाएगी।


## घर घर स्वदेशी वस्तुओ के प्रयोग पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।**आत्मनिर्भर अभियान के तहत लखीमपुर के अभिनंदन मैरिज हाल में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने किया संबोधित।आत्मनिर्भर भारत अभियान के इस युवा सम्मेलन में प्रदेश मंत्री भाजपा अभिजात मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहली सीढ़ी है स्वदेशी वस्तुओं को प्रयोग में लाना। अपनी दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली कोई भी वस्तु ऐसी न हो जिसके उपयोग से लाभ किसी दूसरे देश को पहुंचे इसीलिए यहां पर आए सभी युवा यह संकल्प ले कि हम भारत में बनी वस्तुओं को ही प्रयोग में लाएंगे।कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री भाजपा विनोद लोधी जी ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बन का उभरा है यदि हम स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग में अधिकता लाएंगे तो भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम पाण्डेय ने की इस अवसर पर जिला प्रवासी सोमी शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा आशू मिश्रा, अनुपम अवस्थी, शरद मिश्रा,शैलेश तिवारी, विपनीश कटियार, विकास शुक्ला, पंकज गिरी, राहुल शुक्ला, पंकज बाजपेई,अर्पित अवस्थी सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रगति परिषद द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन श्रीराम जन्म और ताड़का वध का भव्य मंचन



**चौरी बाज़ार।** प्रगति परिषद द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला मंचन के दूसरे दिन श्रीराम जन्म और ताड़का वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का मनमोहक और प्रभावशाली मंचन किया गया। राम जन्म के दृश्य के दौरान भक्तिमय माहौल ने पूरे पंडाल को जयकारों और उल्लास से गूंजा दिया। इसके बाद ताड़का वध के रोमांचक और दमदार प्रस्तुतीकरण ने दर्शकों में उत्साह और गौरव की भावना भर दी। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, संवाद शैली और मंच संचालन के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और कलाकारों व आयोजकों की सराहना की। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इसी उत्साह के साथ कई महत्वपूर्ण प्रसंग मंचित किए जाएंगे, जिनका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### जनपद में छठ महापर्व का समापन- भोर से श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी परिवार की खुशहाली की कामना



**भदोही।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज अंतिम दिन जनपद में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।



भोर से ही व्रती महिलाएं घाटों पर पहुँचकर जल में खड़ी होकर उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरा वातावरण ÷छठ मइया के गीतों÷ और भक्ति रस से सराबोर रहा। औराई के ग्रामीण क्षेत्रों में महा पर्व आस्था व श्रद्धा के साथ हर्षोउल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। औराई विकास खंड क्षेत्र के कैयरमऊ राजापुर गांव में तालाब सरोवरों पर अद्भुत नजारा दिखाई दिया। जहां भोर में ही डीजे ढोल ताशा की मधुर धुन के बीच नंगे पांव आस्था की भीड़ भोर होते होते तालाबों और सरोवरों पर बढ़ती गई। अंतिम दिन तालाब और सरोवरों में उतरी महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली की कामना की।

### रोड पर किया गया है अतिक्रमण अतिक्रमण से होता है आए दिन दुर्घटना

**प्रशासन के कान मे नही रेगता है जू कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हटाया जा रहा है रोड से अतिक्रमण आए दिन होता है दुर्घटना**



**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज कस्बा मे रोड पर किया गया है अतिक्रमण कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हटा रोड का अतिक्रमण अतिक्रमण को लेकर लगता रहता है रोड पर जाम सवारियों को लेकर मोटर मालिकों से होता रहता है झगड़ा स्थानीय प्रशासन मौन जबकि कोर्ट का आदेश है कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए लेकिन ड्रमंडगंज अतिक्रमण कारीयो का मनोबल बढ़ता जा रहा है रोड पर लगातार अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। अतिक्रमण को लेकर लगातार होता रहता है घटना दुर्घटना रोड के दोनों तरफ किया गया है जबरदस्त अतिक्रमण स्थानिय ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि ड्रमंडगंज कस्बे को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन ड्रमंडगंज कस्बे में सवारियों को लेकर मारपीट होता रहता है स्थानीय प्रशासन कुछ नहीं कर पाते हैं अवैध अतिक्रमण को लेकर ही घटना दुर्घटना भी होता है कई एक बार जिला प्रशासन से माग किया गया लेकिन आज तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया अतिक्रमण बढ़ता गया।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दिनांक 28.10. 2025 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो/ महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान निम्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए–

**थाना कोइरौना–** यूनियन बैंक कोइरौना बाजार में महिलाओं को सभी हेल्पलाइन नंबर 1090 /112/ 181 /102/ 108 तथा साइबर संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना जानकारी दी गयी । साथ ही टेंप्लेट भी वितरित किए गए।

**थाना चौरी–** ग्राम ममहर में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराध तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जागरुक किया गया ।

**थाना गोपीगंज–** एंटी रोमियो टीम द्वारा ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन पर छात्राओं /महिलाओं/ को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।

**थाना सुरियावा/दुर्गागंज–** क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के दौरान महिला मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से संबंधित निम्न प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी–

मिशन शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन

साथ ही निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई –

- 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा
- 1076 - माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
- 1090 - वीमेन पावर लाइन
- 102 - स्वास्थ्य सेवा
- 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
- 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन
- 181 - महिला हेल्पलाइन

टीमों ने मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं पुलिस अधीक्षक व थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। जनपद भदोही पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

## उगते सूरज को अर्ध्य के साथ संपन्न हुआ छठ पूजा



**अहरौरा, मीरजापुर।** छठ पूजा के चौथे दिन व्रती महिलाओं द्वारा ठंडे जल में लगभग 2 घंटे खड़े रहकर सूर्य देव का आराधना कर सूर्य देव का उदय होने तक इंतजार किया गया, आस्था की ताकत कहे या चमत्कार मौसम खराब होने के बावजूद भगवान सूर्य देव 6:40 पर प्रकट हुए जिससे महिलाओ ने प्रफुल्लित होकर अर्ध्य प्रदान करते हुए छठ पूजा संपन्न किया। 27 तारीख के सायंकाल से रिमझिम बारिश के फुहारे और खराब मौसम व्रती महिलाओं के लिए चिंता का कारण बना हुआ था, जिसे सूरज देव ने समय से निकलकर प्रसन्नता से भर दिया। कहते हैं भक्ति में शक्ति होती है यह कीमबदंती आज साकार होते हुए दिखा।

# दानीपट्टी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने मार्ग का किया लोकार्पण



**● गुलाब बाबा मंदिर पर किया विधि विधान से दर्शन पूजन।**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जंगीगंज।** सेमराध-कौलापुर मार्ग से दानीपट्टी गांव में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने मंगलवार को गुलाब बाबा मंदिर और 350 मीटर सड़क का लोकार्पण किया। सेमराध-कौलापुर मार्ग से दानीपट्टी गांव में एक सड़क तीन दशक से ख़राब थी ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की थी लेकिन कोई भी तत्कालीन जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दिये। ग्रामीणों ने फिर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी से सड़क बनवाने की मांग की तो जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस सड़क की मरम्मत की स्वीकृति पंचम राज्य वित्त से दी और 6.93 लाख की लागत से सड़क के मरम्मत का कार्य पूर्ण हुआ। जिसका लोकार्पण मंगलवार को विधि विधान से पूजन के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया। लोकार्पण के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने दानीपट्टी गांव में स्थित गुलाब बाबा मंदिर पर दर्शन पूजन किया और मंदिर का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर सुन्दरकाण्ड पाठ का भी आयोजन हुआ। जिला पंचायत अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के विकास में कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर मनोज दूबे, श्रीनिवास चतुर्वेदी, अवधेश दूबे, राजेश दूबे, निर्मल दूबे, राहुल दूबे, फूलचंद विश्वकर्मा, मोनू और राजु समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज की बोर्ड बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**● विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज में अतिक्रमण,अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का डीएम ने दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही 28 अक्टूबर 2025/** विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज की बोर्ड बैठक जिलाधिकारी एवं नियंत्रक प्राधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विनियमित क्षेत्र के विकास एवं सुचारू प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज के अंतर्गत 57 गांव व 02 निकाय शामिल हैं।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन 2025 को लागू किए जाने पर गहन चर्चा की गई और इसे प्रभावी रूप से लागू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बोर्ड द्वारा विकास शुल्क की दर में 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की संस्तुति की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस वृद्धि से प्राप्त धनराशि का उपयोग विनियमित क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत सड़क, प्रकाश व्यवस्था, जलनिकासी, हरित क्षेत्र एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने विनियमित क्षेत्र विशेष कर असनांव रोड के अंतर्गत अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत स्थित जर्जर भवनों के निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि ऐसे भवनों से जन-हानि की संभावना बनी रहती है, अतः तत्काल सर्वेक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विकास शुल्क मद में उपलब्ध धनराशि का उपयोग विनियमित क्षेत्र के अंदर स्थानीय विकास कार्यों जैसे सड़कों के निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव एवं अन्य आधारभूत संरचना के विकास में प्राथमिकता से किया जाए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा जिलाधिकारी द्वारा सभी के सहयोग से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक ठोस कार्य योजना बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में चेयरमैन गोपीगंज जितेंद्र गुप्ता, ज्ञानपुर घनश्याम दास गुप्ता, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, नियत अधिकारी/उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भान सिंह, सहयुक्त नियोजक वाराणसी टाऊन आर के उड्डयन, अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोड़ जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन विषयक बैठक डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही 28 अक्टूबर, 2025:-** जनपद भदोही में गोड़ जाति के सत्यापन विषयक बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार गोड़ द्वारा गोड़ जाति के पारदर्शी जॉच किये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश उपलब्ध कराते हुए ध्यान आकृष्ट कराया।

उपस्थित गोड़ समाज के पदाधिकारियों के सुझावों को सम्मलित करते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया कि गोड़ जाति प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की जॉच प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु एक समिति का गठन किया जाय। उक्त समिति में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ-साथ गोड़ समुदाय के प्रतिनिधियों को भी सम्मलित किया जाय। ताकि निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी एवं स्वच्छ हो। गोड़ जाति का उत्पीड़न रोकने के सम्बन्ध में दिये गये पत्रक के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि प्रभावी कार्यवाही करते हुए कार्यवृत्ति राज्य सरकार को प्रेषित कर अवगत कराया जाय।

बैठक में गोड़ जाति के प्रमाण पत्र के निर्गत किये जाने विषयक आवश्यक सुझावों व आवश्यक दिशा निर्देशो पर बल दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार गोड़, महेन्द्र कुमार गोड़ व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौरी अन्तर्गत 01 शातिर चोर गिरफ्तार

**● कब्जे से एक अदद ट्रैक्टर में लगे कल्टीवेटर पर भंगल कन्ट्रक्सन के कन्धिया यार्ड से चोरी किया हुआ लगभग 03 कुन्तल भाल (स्क्रैप लोहा) बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** थाना चौरी पर आवेदक आकाश पटेल (प्रोजेक्ट मैनेजर) पुत्र कमलेश कुमार ग्राम खाखापुर पोस्ट कहला थाना रानीगंज जिला - प्रतापगढ़ वर्तमान समय में भंगल कन्ट्रक्सन शिवदासपुर कपसेटी वाराणसी के कम्पनी में प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 27/10/2025 को समय करीब 5.00 बजें शाम को विशाल सरोज पुत्र राजकुमार निवासी हडैयाबारी थाना चौरी जनपद भदोही द्वारा भंगल कन्ट्रक्सन कम्पनी के यार्ड कन्धिया से लोहे की प्लेट VT.caloUm Scrap etc चुराकर अपने ट्रैक्टर पर लादकर लेकर जा रहा था कि मैं और शैलेश सिंह, रंजीत, रविन्दर, धर्मेन्द्र गुप्ता, हिमाश दुबे मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर पर लदा लोहे का माल पकड़ लिये है। जिसकी सूचना पर थाना चौरी पर मु0अ0सं0 172/2025 धारा 303(2)/31 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में उ0नि0 गौतम कुमार, का0 दीपक कुमार द्वारा मुकदमा मु0अ0सं0 172/2025 धारा 303(2)/31 बीएनएस से सम्बन्धित वादी मुकदमा व अन्य लोग थाना परिसर में एक अदद ट्रैक्टर सोनालिका रंग नीला नं0 UP66AE 9152 में लगे कल्टीवेटर पर भंगल कन्ट्रक्सन के कन्धिया यार्ड से चोरी किया हुआ लगभग 03 कुन्तल बरामद भाल



(स्क्रैप लोहा) व मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विशाल सरोज पुत्र राजकुमार सरोज निवासी कछुवाबोझ टिकैतपुर थाना चौरी जनपद भदोही उम्र करीब 24 वर्ष को हिरासत/कब्जा पुलिस लेकर चालान मा0 न्यायालय किया गया। अभियुक्त द्वारा ट्रैक्टर सम्बन्धित कागजात नहीं दिखाने के फलस्वरूप ट्रैक्टर उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 207 Mv Act में सीज किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

# सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ संवाद,** विकास खण्ड के सीखड़, लालपुर सहित विभिन्न गंगा घाट पर मंगलवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने छठ पूजा का समापन किया। सभी ब्रती महिलाओं ने भोर में 3 बजे से ही लोग डीजे की धुन पर नाचते गाते घर से पूरे परिवार सहित गंगा घाट के लिए निकल पड़े। जैसे जैसे सुबह होता गया क्षेत्र के लगभग सभी घरों से लोग छठ माता का दर्शन करने के लिए घाटों पर पहुंचे। सीखड़, लालपुर गंगा घाट पर भी हजारों महिला पुरुष डीजे के साथ पहुंचे लोगों की वजह से गंगा घाटों को जाने वाली सड़क पर लगभग जाम जैसी स्थिति बन गई थी। छठ के अवसर पर अन्य शहरों में बसे लोग हजारों किलोमीटर दूर से चलकर अपने घरों तक पहुंचे और फिर छठ पूजा में शामिल हुए।ऐसे ही मंगरहां निवासी मुंबई में डाक्टर और महाराष्ट्र के भायदंर जनपद के विश्व हिन्दू परिषद् जिला उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम गुप्ता अपने पूरे परिवार व मंगरहां निवासी समाजसेवी ताराशंकर तिवारी के साथ सीखड़ स्थित गंगा घाट पहुंचे जहां छठ पूजा समिति के लोगों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर सीखड़ छठ पूजा समिति के अभय राज मिश्रा, राजन दुबे,अंकुर दूबे, दीपक दूबे व कौशल पति त्रिपाठी, भोलू त्रिपाठी, विरेश मिश्रा ,बच्चा सेठ वहीं लालपुर घाट पर अजित पांडेय, छोटकउ पांडेय, पिन्टू पांडेय, पवन पांडेय, मनोज चौबे,मल्लू चौरसिया, अंकित मिश्रा,सहित दर्जनों स्वयंसेवक छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग कर गंगा घाट पर उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था का कमान हल्का इंचार्ज वसिष्ठ यादव अपने सहयोगी हेड कांस्टेबल भानुप्रताप सिंह दीपक यादव ने सभाला रहे।

## व्रती महिलाओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का किया समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के अंतिम दिन मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने छठ मइया और भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगलकामना की।भोर में ही महिलाएं ड्रमंडगंज बाजार और सेमरा कलां गांव स्थित सेवटी नदी तट पर, मझिगवां,नौगवां गूलपुर गांवों में नदी और नहर के घाटों पर पहुंचकर श्रद्धापूर्वक उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन किया। ईख, दीपक,फल व दउरा,सूप में पूजन सामग्री लिए व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने घाटों पर पहुंचकर पूजा अर्चना में सहयोग किया।सूर्योदय की प्रतीक्षा के दौरान व्रती महिलाएं 'उग हो सूरुज देव भइल अरघ के बेर' आदि छठ माई के पारम्परिक गीतों से घाटों पर भक्तिमय वातावरण बना रहा।ड्रमंडगंज बाजार में सारिका चौरसिया की अगुवाई में व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना की।इस दौरान ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न केशरी मारू सेठ, डब्लू चौरसिया, भाजपा नेता पिंटू केशरी, अनिल केशरी, ओंकार केशरी, अंकित केशरी, प्रियांशु केशरी सुशील पटेल, पवन केशरी आशीष केशरी, तमन्ना बिंद आदि घाट पर व्यवस्था में लगे रहे।



वहीं सेमरा कलां में ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया समाजसेवी रमेश केशरी घाट पर महिलाओं की पूजा अर्चना की व्यवस्था में लगे रहे।

इस दौरान व्रती महिलाओं ने एक दूसरे को प्रसाद देकर छठ पर्व की बधाई दी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय,एसआइ टीपी सिंह, शिवाकांत पांडेय, सुभाष सिंह आदि पुलिसकर्मियों के साथ घाटों पर तैनात रहे।

# छठ पूजा विंध्याचल के घाटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**विंध्याचल।** सूर्य देव की आराधना का महापर्व छठ पूजा विंध्याचल के घाटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न हुआ। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने प्रमुख घाटों का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। दीवान घाट, कच्चा घाट, पक्का घाट, पक्का घाट बगल, अखाड़ा घाट और गुदारा घाट पर पुलिस बल तैनात रहा। छठ व्रतियों की भारी भीड़ को देखते हुए सभी घाटों पर पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त ड्यूटी लगाई गई। इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने जवानों को निर्देश दिए कि कोई श्रद्धालु गहरे पानी में न उतरे। डूबने की आशंका वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। व्रतियों को अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने और चोर-उचक्कों से सावधान रहने की हिदायत दी गई। मुनादी कराई गई तथा संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी गई।

पुलिस की मुस्तैदी से छठ पूजा शांतिपूर्ण रही। सुबह से संध्या अर्घ्य तक हजारों व्रती घाटों पर पहुंचे, पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रशासन ने नाविकों को अलर्ट किया, घाटों पर लाइटिंग, बैरिकेडिंग और सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने कहा, ÷छठ मां का पर्व है, इसे बिना व्यवधान के मनाना हमारी जिम्मेदारी है।÷ श्रद्धालुओं ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। विंध्याचल में छठ पूजा सुरक्षा के मजबूत घेरे में संपन्न होकर पुलिस-प्रशासन की सजगता का उदाहरण बनी।

## आधा अधूरा पड़ा है आर आरसी सेंटर घटिया सामग्री से कराया गया है कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बबुरा भैरो दयाल में आधा अधूरा पड़ा है आर आरसी सेंटर खटिया सामग्री से कराया गया है कार्य एक तरफ सरकार ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखना चाहती है दूसरी तरफ ग्राम पंचायत में आधा अधूरा काम कराकर जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की मिली भगत से पल्ला झाड़ लिया जाता है ग्राम पंचायत में सिर्फ 5 वर्ष में कोरम पूरा किया जाता है ना कि सही तरीके से काम कराया जाता है इसी तरीके से ग्राम पंचायत में पूरा कार्य आधा अधूरा पड़ा है कोई भी कार्य ग्राम पंचायत में पूर्ण नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों का मानना है कि ग्राम पंचायत में 5 वर्ष में आधा अधूरा ही कार्य कराया जाता है और सिर्फ ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान व अधिकारियों की मिली भगत से अपना कोरम पूरा किया जाता है ना कि ग्राम पंचायत का ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि जिला प्रशासन ग्राम पंचायत में जांच करें ताकि 5 साल का राज ग्राम पंचायत का खुल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में एक गर्भवती महिला पर हमला, मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच

**ब्यूरो प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अकोढ़ा गांव में जमीनी विवाद में एक गर्भवती महिला को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पीड़िता कंचन चौधरी पुत्री दिनेश कुमार, निवासी ग्राम अकोढ़ा, तीन महीने की गर्भवती है। रविवार देर शाम को राजेन्द्र प्रसाद पुत्र सूर्यनारायण, उसके पोते राजाबाबू व मुकेश आदि अन्य लोगों ने पीड़िता कंचन और उनकी मां को पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया। बताया जा रहा है कि विवाद उस समय हुआ, जब आरोपियों द्वारा पीड़िता की जमीन पर जबरन पानी बहाया जा रहा था। कंचन के विरोध करने पर आरोपियों ने धक्के देकर महिला को जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से जमकर पीट दिया था। इस दौरान गर्भवती होने के बावजूद किसी ने भी पीड़िता की हालत पर कोई ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद मौके पर गांव में अफरा-तफरी मच गई। पीड़िता की तहरीर पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़िता की लिखित शिकायत पर मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने भी घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग किया है। जबकि, घायल कंचन और उनकी मां का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर कराया जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।

### खुदाई करते समय निकली हनुमान जी की मूर्ति, ग्रामीणों ने की पूजा, पुरातत्व विभाग मौके पर



**ब्यूरो प्रयागराज कौशांबी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित बंधवा गांव में मिट्टी की खुदाई के दौरान हनुमान जी की एक प्राचीन मूर्ति मिली है। मूर्ति मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पूजा अर्चना कर दी। यह मूर्ति गांव के दौलतराम के घर की भराई के लिए तालाब के पास हो रही खुदाई के दौरान मिली।मजदूरों द्वारा खुदाई करते समय अचानक फावड़ा लगने से एक प्राचीन मूर्ति सामने आई। मजदूरों द्वारा जब मूर्ति की सफाई की गई तो वह हनुमान जी की मूर्ति निकली। प्राचीन मूर्ति मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उच्चाधिकारियों एवं पुरातत्व विभाग को भी सूचित कर दिया है। फिलहाल, मूर्ति किस धातु की बनी है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई है।

### फूलपुर में बैंक का सर्वर खराब होने के कारण दिन भर परेशान रहे उपभोक्ता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का हाल बेहाल। फूलपुर। बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की फूलपुर शाखा में सोमवार को सुबह से उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा थी लेकिन बैंक का सर्वर खराब होने के कारण उपभोक्ता लेन देन के चक्कर में दिन भर परेशान रहे वही कर्मचारी अधिकारी सर्वर ठीक कराने के बजाय अपनी अपनी कुर्सियों पर आराम फरमा रहे थे जिससे उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी देखने को मिली। फूलपुर बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में अधिकांश उपभोक्ता स्वयं सहायता समूह से लेकर अध्यापिकाओं और अध्यापकों के साथ ही ग्राम प्रधानों सहित एम डी एम से जुड़े उपभोक्ताओं का खाता खुला हुआ है जिसके कारण उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रहती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी अपने अपने कर्तव्यों का पालन सही रूप से नहीं कर रहे है जिसके कारण उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी देखने को मिली सोमवार को दोपहर बाद लगभग दो बजे के बाद बैंक से ऊबे उपभोक्ताओं ने शोर शराबा करना शुरू किए तो शाखा प्रबंधक ने किसी तरह से उच्च अधिकारियों से वार्ता करके बैंक का सर्वर ठीक कराया तो कैशियर बैंक उपभोक्ताओं का भुगतान न करके अपने कैस की गिनती शुरू कर दिए जिसमे काफी समय लग गया इससे ऊबे काफी उपभोक्ता बैंक छोड़कर वापस लौट गए फिर सर्वर गायब हो गया लेकिन जरूरी लेन देन वाले उपभोक्ता देर शाम तक रुके रहे फिर लगभग चार बजे सर्वर आया तो भुगतान शुरू हुआ बैंक कर्मचारियों की इस लापरवाही से उपभोक्तावकाफी नाराज रहे जो फूलपुर में चर्चा का विषय बना रहा।

# यूपी, एमपी, केरल, बंगाल समेत देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत मंगलवार से 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गयी । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की। यह एसआईआर का दूसरा चरण है। इस चरण में उन राज्यों को तरजीह दी गई है जिनमें 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव है, लेकिन इसमें असम का नाम नहीं है। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि असम में मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की जाएगी। तो सवाल है कि जिस असम में बीजेपी सबसे ज़्यादा घुसपैठिए का मुद्दा उछालती रही है और सबसे ज़्यादा अवैध वोटर का आरोप लगाती रही है, उस राज्य के लिए ही एसआईआर की घोषणा अभी क्यों नहीं की गई? फ़िलहाल, इस सवाल का ठोस जवाब तो नहीं मिल पाया है, लेकिन बाक़ी राज्यों में एसआईआर को लेकर जानकारी दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त यानी सीईसी ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि एसआईआर के इस दूसरे चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, पुडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में शुरू होगा। केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, इसलिए एसआईआर की घोषणा की गई है। हालाँकि, महाराष्ट्र को लेकर चुनाव आयोग ने ऐसी घोषणा नहीं की। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर किया जाएगा उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियाँ कल रात 12 बजे फ्रीज कर दी गयी और बाद में मतदाताओं को सभी विवरणों के साथ विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएँगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में न रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'उस सूची में शामिल सभी मतदाताओं को बूथ स्तरीय अधिकारियों यानी बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएँगे। इन प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची से सभी ज़रूरी विवरण शामिल होंगे।' मुख्य चुनाव आयुक्त ने आगे बताया कि एक बार जब बीएलओ प्रपत्र वितरित करना शुरू कर देंगे तो मतदाता अपने विवरणों का सत्यापन पिछले मतदाता रिकॉर्ड से कर सकेंगे। ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'जिन लोगों के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे मिलान कर सकते हैं कि उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था या नहीं। अगर उनके या उनके माता-पिता के नाम 2003 की मतदाता सूची में हैं, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की ज़रूरत नहीं होगी।' उन्होंने आगे कहा कि 2002-2004 की एसआईआर अवधि की मतदाता सूचियाँ voters.eci.gov.in पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएँगी, जिससे नागरिक सीधे ऑनलाइन अपने नाम की पुष्टि कर सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया में इसे पहचान प्रमाण के रूप में पेश किया जा सकता है। बिहार में एसआईआर के दौरान आधार को लेकर काफी विवाद हुआ था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चली, फिर भी चुनाव आयोग इसको स्वीकार करने को राजी नहीं था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग आधार को स्वीकार करने को तैयार हुआ। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण के लिए मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया




जा सके कि घर-घर जाकर सत्यापन कार्य के लिए फील्ड टीमें तैयार हों। उन्होंने कहा, 'बीएलओ हर घर में तीन बार जाएँगे। प्रवासी मतदाताओं की समस्या के समाधान के लिए लोग अब अपने गणना फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।' उन्होंने सभी भाग लेने वाले राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राजनीतिक दलों के साथ बैठक करें और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें ताकि पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पश्चिम बंगाल में एसआईआर के मुद्दे पर ममता सरकार और चुनाव आयोग के बीच टकराव के सवाल पर ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कोई टकराव नहीं है। उन्होंने कहा, 'चुनाव आयोग और राज्य सरकार के बीच कोई टकराव नहीं है। आयोग अपना कर्तव्य निभा रहा है और राज्य सरकार भी अपना कर्तव्य निभाएगी।' विशेष गहन संशोधन यानी एसआईआर मतदाता सूचियों को तैयार करने की बड़ी प्रक्रिया है, जिसमें सभी पंजीकृत मतदाताओं को नए गणना फॉर्म जमा करने होते हैं। यह वार्षिक या चुनाव पूर्व विशेष सारांश संशोधन यानी एसएसआर से अलग है, जो केवल नाम जोड़ने या हटाने तक सीमित रहता है। आयोग के 24 जून 2025 के आदेश में कहा गया, 'पिछले 20 वर्षों में बड़े पैमाने पर जोड़-घटाव से सूचियों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। शिक्षा, आजीविका और अन्य कारणों से तेज प्रवास आम हो गया है।' चुनाव आयोग ने एसआईआर का प्रमुख मक़सद बताया है- डुप्लिकेट प्रविष्टियां हटाना, मृतकों और स्थानांतरित लोगों को हटाना, विदेशी नागरिकों की जांच और नए मतदाताओं को जोड़ना। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ERO) नियुक्त किया जाएगा, जो कि एसडीएम स्तर का अधिकारी होगा। यह अधिकारी प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार करेंगे। दावे और आपत्तियां पर सुनवाई करेंगे और अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेंगे। इसके अलावा, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (AERO) और बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर लगभग 1000 मतदाता और एक बीएलओ नियुक्त किया जाएगा। एसआईआर की प्रक्रिया में बीएलओ प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे और उसे भरवाएंगे। ये बीएलओ प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार दौरा करेंगे। बीएलओ मृत या स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान करेंगे। बीएलओ का काम नए मतदाताओं से फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करना। ऑनलाइन डेटा लिंक करने में सहायता देना।

### 12 राज्यों में होने वाला SIR लोकतंत्र के खिलाफ एक साजिश, जनता के अधिकारों को छीनने का षड्यंत्रः कांग्रेस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों में एसआईआर की घोषणा पर कहा कि अभी तक बिहार में हुए एसआईआर से जुड़े सवालों के जवाब हमें नहीं मिले हैं। सारे मामलों के बीच चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर करवाना संदेह के घेरे में है, मंशा ठीक नहीं लगती। 12 राज्यों में होने वाला स्ढ्ढक्रलोकतंत्र के खिलाफ एक साजिश, जनता के अधिकारों को छीनने का षड्यंत्रः कांग्रेस कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में 4 नवंबर से एसआईआर कराने की घोषणा पर सवाल उठाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने कहा कि 12 राज्यों में होने वाला एसआईआर लोकतंत्र के खिलाफ एक साजिश है। जनता के अधिकारों को छीनने का षड्यंत्र है। कांग्रेस ने एक्स पर कहा, चुनाव आयोग अब 12 राज्यों में 'वोट चोरी' का खेल खेलने जा रहा है। एसआईआर के नाम पर बिहार में 69 लाख वोट काटे गए। अब 12 राज्यों में करोड़ों वोट काटे जाएंगे। यह खुले तौर पर 'वोट चोरी' है, जो नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग साथ मिलकर कर रहे हैं। बिहार में जब एसआईआर हुआ तो देश के सामने चुनाव आयोग की चोरी खुलकर सामने आ गई। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर चुनाव आयोग को फटकार भी लगाई थी। कांग्रेस ने आगे कहा कि देशभर में 'वोट चोरी' के अलग-अलग मामले और तरीके सामने आ रहे हैं। कहीं साजिशन वोट जोड़े जा रहे, तो कहीं काटे जा रहे हैं। कहां इन मामलों पर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए था। इनकी जांच करनी चाहिए थी, इसके उलट चुनाव आयोग 'वोट चोरी' के खेल में ही लग गया। 12 राज्यों में होने वाला एसआईआर लोकतंत्र के खिलाफ एक साजिश है। जनता के अधिकारों को छीनने का षड्यंत्र है। वहीं कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि आज चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की घोषणा की। अभी तक बिहार में हुए एसआईआर से जुड़े सवालों के जवाब हमें नहीं मिले हैं। हालात ये थे कि एसआईआर को दुरुस्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को आगे आना पड़ा। बिहार के एसआईआर से चुनाव आयोग और बीजेपी की नीयत पूरे देश के सामने आ चुकी है। खेड़ा ने आगे कहा कि जब भी एसआईआर होता है, चुनाव आयोग के कर्मचारी हर घर जाते हैं, नए वोटरों को जोड़ते हैं और जिन्हें डिलीट करना होता है, उन्हें डिलीट करते हैं। राहुल गांधी जी के आलंद विधानसभा से जुड़े 'वोट चोरी' के खुलासे के बाद एसआईटी ने बताया है कि वोटर लिस्ट से नाम काटने का एक सेंट्रलाइज्ड ऑपरेशन किया जा रहा था। इन सारे मामलों के बीच चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर करवाना संदेह के घेरे में है, मंशा ठीक नहीं लगती। विपक्ष और वोटर- दोनों ही संतुष्ट नहीं हैं।

## दिल्ली एसिड अटैक में नाटकीय मोड़ः लड़की का पिता ही निकला आरोपी, हमला कबूला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली के करोल बाग इलाके में कथित एसिड अटैक मामले ने चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। 20 वर्षीय दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की छात्रा पर एसिड से हमले की शुरुआती शिकायत के मात्र 24 घंटों बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को क्लीन चिट दे दी है। जांच में सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर पुलिस ने पूरा मामला फर्जी बताया है। छात्रा के पिता अकील खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक उन्होंने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उन्होंने परिवारिक विवाद के चलते यह साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, यह दो परिवारों के बीच बदले की कार्रवाई का हिस्सा था। 27 अक्टूबर को पीड़िता ने दिल्ली के आशोक विहार स्थित अपने कॉलेज के पास तीन युवकों जितेंद्र, ईशान और अरमान पर एसिड अटैक का आरोप लगाया था। पीड़िता ने बताया कि जितेंद्र नामक स्टॉकर उसे महीने भर से परेशान कर रहा था। हाल ही में दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था। हमले के तुरंत बाद पीड़िता को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके चेहरे और हाथों पर सतही जलन की पुष्टि की।

शुरुआत में यह मामला सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों पर वायरल हो गया, जिससे एसिड अटैक पीड़िता के लिए न्याय की मांग तेज हो गई। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भी मामले का संज्ञान लिया और आरोपी की गिरफ्तारी व पीड़िता को मुआवजे की मांग की। लेकिन दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू करते ही कई विसंगतियां पकड़ीं। मुख्य आरोपी जितेंद्र के सीडीआर से पता चला कि हमले के समय वह करोल बाग में पेंटिंग का काम कर रहा था, जो अपराध स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर है।

नई सीसीटीवी फुटेज ने इसकी पुष्टि की, जिसमें जितेंद्र को सुबह करीब 10 बजे करोल बाग के अंडरग्राउंड पार्किंग में अपनी मोटरसाइकिल पर सवार दिखाया गया। पीड़िता द्वारा वर्णित बाइक भी करोल बाग में पार्क मिली। अपराध स्थल पर फोरेंसिक टीम को एसिड का कोई निशान या खाली बोतल नहीं मिली। डॉक्टरों की रिपोर्ट से भी साफ हुआ कि जलनें हल्की थीं, जो किसी घरेलू रसायन से मेल खाती हैं, न कि औद्योगिक एसिड से।

## संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने की कर्नाटक सरकार की कोशिशों को झटका

### ● हाईकोर्ट ने आदेश पर लगाई रोक।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि अब कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ 'पुनशचैतन्य सेवा समस्थे' नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले की सुनवाई 17 नवंबर तक टाल दी है। याचिका दायर करने वाले संगठन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अशोक हरनहल्ली ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार का आदेश संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। वकील ने कहा कि 'सरकार का आदेश है कि 10 से ज्यादा लोगों को भी इकट्ठा होने के लिए सरकार की मंजरी लेनी होगी। यह संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। यहां तक कि अगर किसी पार्क में कोई समारोह होता है तो सरकार के इस आदेश के अनुसार, वह भी अवैध होगा।' याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि 'जब पुलिस कानून लागू है तो फिर ऐसे आदेश की जरूरत क्यों पड़ी? सरकार इस तरह के प्रशासनिक आदेश जारी नहीं कर सकती।' इस पर राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने जवाब देने के लिए एक दिन का समय मांगा। इस पर उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि इस आदेश से कर्नाटक सरकार संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ए) और 19 (1)(बी) के तहत मिले अधिकारों को छीन रही है। कर्नाटक सरकार ने प्रदेश की किसी भी सरकारी संपत्ति या परिसर में निजी संगठनों के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया था। नए नियमों के तहत सार्वजनिक जगहों, सड़कों और सरकारी परिसरों में बिना अनुमति के 10 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, पथ संचलन करने या शाखा लगाने पर रोक लगा दी थी। आदेश के अनुसार, इस विनियमन का उद्देश्य भूमि, भवन, सड़क, पार्क, खेल के मैदान और जलाशयों सहित सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण, सुरक्षा और उचित उपयोग सुनिश्चित करना बताया गया।

## SIR का तमिलनाडु-बंगाल ने जबरदस्त विरोध किया, डीएमके की 2 नवंबर को सर्वदलीय बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा घोषित विशेष गहन संशोधन (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन - SIR) का विपक्षी दलों ने तीखा विरोध किया है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावी राज्यों में सत्ताधारी दल डीएमके और टीएमसी ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ साजिश करार देते हुए कड़ा रुख अपनाया है। डीएमके ने 2 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाने का ऐलान किया है, जबकि टीएमसी ने चुनाव आयोग को 'अत्यधिक समझौतावादी' बताते हुए इसके खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। सीपीएम ने भी इसे मनमाना कदम ठहराया है। तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके और उसके सहयोगियों ने SIR को 'लोकतंत्र को कमजोर करने की केंद्रीय साजिश' करार दिया है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोमवार शाम अन्ना अरिवालयम में गठबंधन दलों के साथ आपात बैठक की, जिसमें सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "जो लोग चुनावी मैदान में जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं रखते, वे मताधिकार छीनकर जीतने का सपना देख रहे हैं। लेकिन तमिलनाडु में यह गलतफहमी साबित होगी। हम इस अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे।" डीएमके का कहना है कि बिहार जैसी स्थिति तमिलनाडु में दोहराने नहीं देंगे। स्टालिन ने आरोप लगाया कि भाजपा और सहयोगी एआईएडीएमके मिलकर मतदाता सूची में हेरफेर करना चाहते हैं। गठबंधन में शामिल एमडीएमके के नेता वैको ने कहा, "यह अल्पसंख्यकों, दलितों और महिलाओं के नाम काटने की साजिश है। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।" 2 नवंबर की बैठक में विपक्षी दलों के साथ रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, विपक्षी एआईएडीएमके ने डीएमके के विरोध को '2026 चुनाव हारने का डर' बताया। पार्टी ने कहा कि स्ढ्ढक्र एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसे डीएमके अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक रंग दे रहा है। निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु के मान्यता प्राप्त दलों के साथ 29 अक्टूबर को बैठक बुलाई है, जहां स्ढ्ढक्र पर चर्चा होगी। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने स्ढ्ढक्र को 'बिहार का ड्रेस रिहर्सल' बताते हुए भाजपा पर निशाना साधा। वरिष्ठ नेता डेरिक ओ'ब्रायन ने कहा, "SIR का असली निशाना बंगाल है। बंगाल की जनता कुछ महीनों में इस 'अत्यधिक समझौतावादी' चुनाव आयोग को सबक सिखाएगी।" टीएमसी का आरोप है कि यह अभियान घुसपैठियों को हटाने के नाम पर TMC समर्थक मतदाताओं को निशाना बनाएगा। केरल की सीपीएम सरकार ने भी स्ढ्ढक्र को मनमाना ठहराया। पार्टी ने कहा कि यह अभियान चुनावी लाभ के लिए डिजाइन किया गया है, जो अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाएगा। सीपीएम ने केंद्रीय हस्तक्षेप को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कांग्रेस ने भी ईसीआई की मंशा पर सवाल उठाए, कहा कि बिहार के सवालों के जवाब अभी बाकी हैं।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में वॉकाथन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में, आज दिनांक 28.10.2025 को एक वॉकाथन का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और आम जनता के बीच सतर्कता एवं ईमानदारी के महत्व को बढ़ाना था।

यह वॉकाथन ठीक प्रातः 07:00 बजे महाप्रबंधक कार्यालय (संगम परिसर) से प्रारंभ हुई और स्पंदन अधिकारी क्लब पर जाकर समाप्त हुई। इस आयोजन में कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सतर्कता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री ज.एस. लाकरा, अपर महाप्रबंधक, हिमांशु बडोनी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सहित विभागाध्यक्षों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर, वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त कार्यशैली अपनाने और संगठन के हर स्तर पर नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया।

यह वॉकाथन सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक हिस्सा है, जो कि पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञात हो कि उत्तर मध्य रेलवे में दिनांक 27.10.2025 से 02.11.2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झाँसी व आगरा मंडलों में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं। सतर्कता विभाग की टीमें मुख्यालय एवं मंडल में सतर्कता संबंधित सर्कुलरों एवं नियमों के बारे में प्रचार भी कर रही है।

## जनक बोले - पृथ्वी वीर-विहीन हो गई है

**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के ग्राम सभा सेहुंडा में चल रही धनुष यज्ञ की रामलीला मंगलवार की रात भक्ति और रोमांच से सराबोर रही। रावण, बाणासुर सहित अनेक राजाओं के शिवधनुष भंग न कर पाने पर विदेहराज जनक अधीर हो उठे। उन्होंने व्याकुल स्वर में कहा - "लगता है पृथ्वी वीर-विहीन हो गई है, यदि पूर्व जानकारी होती तो ऐसा कठिन प्रण न करते।"जनक के शब्दों ने वातावरण को गंभीर कर दिया, तभी लक्ष्मण अपने आप को रोक न सके और बोले - "प्रभु श्रीराम के होते जनक जी का ऐसा कहना तीर की भांति चुभता है, लगता है आप वास्तविकता से अपरिचित हैं।" लक्ष्मण का यह संवाद सुनकर पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद मुनि विश्वामित्र के संकेत पर श्रीरामचन्द्र जी ने धनुष के समीप पहुंचकर उसे सहजता से उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष भंग कर दिया। उसी क्षण जानकी जी ने सखियों संग पहुंचकर श्रीराम को वरमाला पहनाई। यह दृश्य देखते ही पूरा मैदान "श्रीरामचन्द्र की जय" के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।राजेश विश्वकर्मा और उनकी टीम द्वारा निर्मित आकर्षक जहाज मंच से श्रीराम और सीता पर पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा माहौल उल्लास से भर गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का स्वागत किया। पेटल राजा, लस्टकिया, मेहरा राजाओं की शानदार प्रस्तुति और रावण-बाणासुर संवाद को दर्शकों ने खूब सराहा और पुरस्कारों की झड़ी लगा दी।रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा, मगर शांति और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। इस मौके पर गिरिजा शंकर त्रिपाठी, शैलेन्द्र त्रिपाठी,नीरज केसरवानी, शोभित त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, राज वर्मा, कृष्ण बिहारी सिंह (चन्द्रा), लल्लाबाबू यादव, अरविन्द कुमार यादव, मोहनलाल यादव, कल्लू समदरिया, सतीश कुमार पाण्डेय, प्रेमचंद्र विश्वकर्मा, मोहन लाल पाल, अर्जुन कोल, अंजनी आदिवासी, धीरूभाई केसरवानी, श्यामबाबू, रामायण प्रसाद विश्वकर्मा, शीलू महाराज सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे। रामलीला समिति के संचालक महेश प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को और भी भव्य तरीके से परशुराम-लक्ष्मण संवाद और राम विवाह का मंचन किया जाएगा।

## चोरी के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना कौंधियारा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 223/25 धारा-303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र स्व0 रामसजीवन नि0 पहलू का पुरा जारी गांव थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-28.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम जारी थाना क्षेत्र कौंधियारा के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स रजि0 नं0 P70 CW1053 हरे रंग की बरामद की गयी । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक-27.10.2025 को थाना स्थानीय पर वादी मुकदमा विराट अग्रहरी पुत्र स्व0 भोलानाथ अग्रहरी नि0 जारी बाजार थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज की तहरीरी सूचना बाबत अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल रजि0 नं0 P70 CW1053 एचएफ डीलक्स चोरी कर लेने के संबंध में मु0अ0सं0 223/25 धारा-303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत होने के 24 घण्टे के भीतर ही अभियुक्त रामचन्द्र उपरोक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त रामचन्द्र उपरोक्त ने बताया कि वह नशे का आदि है । नशे व अपने शौक को पूरा करने के लिए चोरी करता है । आज मैं उपरोक्त गाड़ी को बेचने जा रहा था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### तालाब में डूबने से एक ही परिवार की चार मासूम बेटियों की दर्दनाक मौत

हजारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के झरदाग गांव से सोमवार को छठ पूजा के बीच एक हृदयविदारक घटना सामने आई। छठ पर्व की श्रद्धा और उल्लास के बीच गांव में मातम छा गया, जब एक ही परिवार की चार मासूम बेटियाँ रिंकी, रिया, साक्षी और पूजा कुमारी की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है। इस भीषण त्रासदी पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह एक असहनीय क्षति है जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पूरी घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रत्येक मृतक बच्ची के परिवार को 50-50 लाख रुपये की मुआवजा राशि तत्काल दी जाए, ताकि शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहयोग मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। उन्होंने कहा कि ईश्वर इन मासूम आत्माओं को शांति दें और शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### गोपालगंज के अमेया मे दुदही तालाब के घाट पर व्रती महिलाओं ने दिया भगवान सूर्य को अर्घ



**गोपालगंज ( बिहार )**- गोपालगंज जिले के अमेया में तीन दिवसीय महा पर्व छठ पूजा आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया आस्था का महा पर्व छठ पूजा पर अमेया के दुदही तालाब के घाटों पर उमड़ा छठ व्रतियों का सैलाब आस्था के इस महा पर्व पर छठ व्रती महिलाओं तथा पुरुषों ने छठ पूजा के पहले दिन 27/10/2025 की शाम को जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ दिया तथा दुसरे दिन 28/10/2025 को सुबह उगते सूर्य को अर्धय देकर पूरा किया आस्था का महा पर्व छठ पूजा तीन दिनों तक आयोजित किया जाता है छठ माता का पर्व, परिवार की सुख समृद्धि संतान की सलामती और घर पर छठ माता की कृपा बनी रहे इस उद्देश्य से मनाया जाता है आस्था का महा पर्व छठ पूजा सूर्य उपासना का महा पर्व छठ पूजा सोमवार को गोपालगंज के अमेया में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया आस्था के इस महा पर्व पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में घुटनों तक जल में खड़े होकर डूबते तथा उगते सूर्य को अघ्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की घाटों पर छठ माता की जय और छठ गीतों से प्रकृति की सुन्दरता मनोरम लग रही थी मंगलवार की सुबह व्रती महिलाएं फिर घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य को अघ्य दीं, जिसके साथ चार दिवसीय छठ व्रत आज संपन्न हो गया आपको बता दें गाँव से लगभग पाँच सौ मीटर की दूरी पर बने छठ पूजा करने के लिए शाम को और सुबह महिलाओं को कोई दिक्कत परेशानी न हो इसके लिए गाँव समाज के तरफ से पूरी तरह से लाइटिंग की व्यवस्था की गयी थी जिससे महिला पुरुष बच्चों को जाने में कोई परेशानी न हो।

### महागठबंधन ने जारी किया 'बिहार का तेजस्वी प्रण', हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का वादा

महागठबंधन ने मंगलवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया और राज्य को अपराध मुक्त बनाने का वादा किया। घोषणापत्र में, महागठबंधन ने कहा कि जन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा और प्रत्येक परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। महागठबंधन ने आगे कहा कि सरकार बनने के 20 दिनों के भीतर राज्य के प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के लिए एक अधिनियम पारित किया जाएगा। घोषणापत्र जारी करने के दौरान महागठबंधन के डिप्टी सीएम चेहरे मुकेश सहनी ने कहा कि आज हमने नए बिहार के लिए संकल्प पत्र लॉन्च किया है। अगले 30-35 वर्षों तक हम बिहार के लोगों की सेवा के लिए काम करेंगे। हम जनता की सभी आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। हम जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे। राज्य की जनता महागठबंधन के समर्थन में खड़ी है, और हम बिहार में सरकार बना रहे हैं, एनडीए का कोई 'संकल्प' नहीं है।

# घूरपुर-प्रतापपुर सड़क निर्माण में अनियमितता के आरोप तेज भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत घूरपुर-प्रतापपुर सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। तीन माह पूर्व शुरू हुआ यह निर्माण कार्य अब विवादों में घिर गया है। विभाग द्वारा अट्ठाइस किलोमीटर लंबी सड़क के लिए लगभग छब्बीस करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग कर कच्छप गति से कार्य किया जा रहा है। तरहार क्षेत्र को जोड़ने वाली यह सड़क करीब साठ गांवों की दो लाख से अधिक आबादी के आवागमन का मुख्य मार्ग है। पाँच वर्षों से गड्ढामुक्त सड़क का इंतजार कर रहे ग्रामीणों ने जब निम्नस्तरीय निर्माण देखा तो नाराज़गी जताई। शिकायतों पर जब विभागीय अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया, तो ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (प्रयाग) का सहारा लिया। प्रदेश अध्यक्ष के. के. मिश्र की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडल मुख्य अभियंता और जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर सड़क निर्माण में हो रही अनियमितताओं की लिखित शिकायत की है और तत्काल जांच की मांग की है। उधर, लालापुर के बड़का शुक्ल, धरा के ऋषि पांडेय, रूपेंद्र यादव, नायक यादव, राम भवन पटेल, हरिओम समेत कई ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार को एक सफेदपोश नेता का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। किसान यूनियन ने प्रशासन को 15 दिन की चेतावनी दी है कि अगर निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ और तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### हज़ारीबाग की सोनी किन्नर ने पूरे विधि-विधान से किया छठ व्रत, समाज में पेश की आस्था और समानता की मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** आस्था, पवित्रता और समानता के संदेश के साथ हजारीबाग जिले के मंडई कला गांव में छठ महापर्व का एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। यहां किन्नर समाज की प्रतिनिधि सोनी किन्नर ने इस वर्ष पहली बार पूरे विधि-विधान से छठ व्रत कर समाज में नई मिसाल पेश की। सोनी किन्नर ने चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में निष्ठा और श्रद्धा के साथ सभी नियमों का पालन किया। उन्होंने खरना, संध्या अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य जैसे सभी अनुष्ठानों को पूरे भक्ति भाव से संपन्न किया। जोभिया नदी तट पर उन्होंने उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सबके कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। सोनी किन्नर ने कहा कि छठ पर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि समानता और प्रेरणा का भी प्रतीक है। भगवान सूर्य से प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूँ कि हमारे समाज के हर व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और रोजगार का प्रकाश फैले। छठ महापर्व सबको जोड़ने वाला पर्व है, जो हमें एकता और मानवता का संदेश देता है। उनकी इस पहल से स्थानीय लोगों और व्रतियों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने भी सोनी किन्नर के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समरसता और स्वीकार्यता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सोनी किन्नर का यह छठ व्रत न केवल धार्मिक श्रद्धा का परिचायक बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि आस्था के सामने कोई भेदभाव नहीं होता हर इंसान को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का समान अधिकार है।

### 8 घंटे की शिफ्ट बहस में कूदीं Rashmika Mandanna, माना इंडस्ट्री में काम के घंटे तय करना जरूरी

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना आजकल अपनी अगली फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रमोशन में लगी हैं। इस फिल्म को राहुल रवींद्रन ने डायरेक्ट किया है और इसमें उनके साथ दीक्षित शेट्टी भी हैं।हाल ही में एक इंटरव्यू में, रश्मिका ने फिल्म इंडस्ट्री में 8 घंटे के काम के दिन को लेकर चल रही बहस पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि जरूरत से ज्यादा काम करना 'बिल्कुल गलत' है और इसे लंबे समय तक नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी से अपनी सेहत और खुशी को सबसे पहले रखने की गुजारिश की।एक्ट्रेस ने यह माना कि वह अक्सर अपनी टीम की जिम्मेदारी महसूस करते हुए जरूरत से ज्यादा काम कर लेती हैं। लेकिन, उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि इंडस्ट्री भी 9 से 6 की नौकरी की तरह काम का समय तय करे। इससे एक्टर और क्रू को काम और अपनी जिंदगी के बीच सही तालमेल बनाने में मदद मिलेगी। दरअसल, 8 घंटे के काम के दिन की बात तब तेज हुई जब खबर आई कि दीपिका पादुकोण ने शूटिंग के समय की दिक्कत के चलते 'स्पिरिट' फिल्म छोड़ दी। रश्मिका इस पर अपनी बात रखने वाली नई स्टार हैं। फिल्म द गर्लफ्रेंड 7 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और रश्मिका को इसकी सफलता पर पूरा भरोसा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू अंबाला से राफेल में भरेंगी ऐतिहासिक उड़ान, 'नारी शक्ति' का होगा अद्भुत प्रदर्शन



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हरियाणा के अंबाला वायुसेना अड्डे से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति भवन द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, "भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू हरियाणा के अंबाला जाएँगी जहाँ वह राफेल में उड़ान भरेंगी"।

### बिहार चुनाव में एनडीए को 170 से ज्यादा सीटें मिलेंगी:छठ पर्व पर बलिया पहुंचे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 170 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने यह बात सोमवार को बलिया में छठ पर्व के अवसर पर कही। मंत्री दयाशंकर सिंह छठ घाट पहुंचे और श्रद्धालुओं के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि छठ आस्था और श्रद्धा का महापर्व है, जो पूरे देश में बड़े उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छठी मैया सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाएं, यही कामना है। बिहार में चुनाव प्रचार से लौटे मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास कार्यों की लहर है। जनता एनडीए के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि इस बार गठबंधन को 170 से अधिक सीटें मिलेंगी। दयाशंकर सिंह ने बताया कि वे हाल ही में पटना में थे, जहां पूरा बिहार छठी मैया की भक्ति में डूबा हुआ था। उन्होंने कहा, "राजनीति इस समय स्थिर हो चुकी है। जनप्रतिनिधि भी पूरे मन से छठ पूजा में जुटे हैं। छठी मैया से यही प्रार्थना है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार को आशीर्वाद दें, ताकि बिहार को और आगे बढ़ाने का उनका प्रयास सफल हो।" उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद बिहार विकास के रास्ते पर लौटा है और अब जरूरत है कि यह अन्य प्रदेशों की तरह तेजी से तरक्की करे।

### लायंस क्लब ऑफ मधुपुर एवं झील तालाब छठ पूजा सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य प्राथमिक चिकित्सा शिविर का हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर एवं झील तालाब छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में झील तालाब छठ घाट, मधुपुर में दो दिवसीय भव्य प्राथमिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस जनसेवा शिविर का शुभारंभ पीएमजेएफ़ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया के करकमलों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। शिविर का उद्देश्य छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं व्रतियों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता, प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधा सहजता से उपलब्ध कराना था। शिविर स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। क्लब की ओर से एम्बुलेंस सेवा तथा "खोया-पाया केंद्र" की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति या असुविधा की स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर डॉ. अरुण गुटगुटिया ने कहा कि "छठ महापर्व भारतीय संस्कृति में लोक आस्था, अनुशासन, स्वच्छता और सेवा भावना का अद्वितीय प्रतीक है। ऐसे पावन अवसरों पर लायंस क्लब जैसे सेवा संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्य समाज को सशक्त बनाते हैं और सेवा के मूल भाव को नई दिशा प्रदान करते हैं।" उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि "लायंस क्लब ऑफ मधुपुर सदैव समाजसेवा, मानवता और सहयोग की भावना के प्रति समर्पित रहा है। छठ जैसे लोकआस्था के पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आयोजित यह चिकित्सा शिविर क्लब के सेवा संकल्प का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य हर श्रद्धालु तक सुरक्षित, स्वस्थ और सहयोगपूर्ण वातावरण पहुँचाना रहा।" कार्यक्रम की सफलता में लायन विजय लच्छीरामका (सचिव), लायन रामानुज मिश्र (कोषाध्यक्ष), लायन राजेश तिवारी, लायन रूपेश मोदी, लायन बिनोद लच्छीरामका, लायन दीपक जयसवाल, लायन सुरेश मिश्रा, लायन शम्भू मंडल, तथा सोनू गुप्ता (अध्यक्ष, झील तालाब छठ पूजा सेवा समिति) एवं सुमन चौधरी (सचिव) सहित क्लब के अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ प्राप्त किया और सभी ने लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा किए गए इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

### करों ग्राम में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ लोकआस्था का महापर्व छठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मंगलवार को मधुपुर अनुमंडल के करों ग्राम में लोकआस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा एवं सूर्य उपासना का अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। नहाय-खाय, खरना, सायंकालीन अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने सूर्य भगवान की पूजा-अर्चना के साथ पर्व का समापन किया। इस अवसर पर आसपास के गांवों – चाँदचौरा, कमलकर, पंचगड़िया, बाँधडीह, चौरवेरिया, रान्हा, डुमरतर, तारापुर और प्रतापपुर आदि से हजारों श्रद्धालु राजा पोखर छठ घाट पहुँचे और आस्था के साथ पूजा में शामिल हुए। राजा पोखर छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालु परिवार सहित बारी-बारी से सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर आशीर्वाद लेते रहे। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पारिवारिक सुख-शांति की कामना की। घाट परिसर में स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र "छठ मईया" के जयघोष से गूंज उठा। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि "छठ प्रेम, भाईचारा, समरसता और अहिंसा जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात करने तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का पर्व है।" इस अवसर पर राज्य मंत्री हफीजुल हसन उपस्थित हुए और पूजा समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य ललन सिंह, सीवो ऋराज तथा थाना प्रभारी भारती जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

### छठ पर्व की रात युवक की संदिग्ध मौत, घर के खंभे से लटकता मिला शव



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के करियातपुर जमुनिया अहरा गांव में छठ पर्व की रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश भुइयां पिता ईश्वर भुइयां के रूप में हुई है। सोमवार रात उसका शव घर के खंभे से लटका पाया गया। जानकारी के अनुसार, रमेश की पत्नी रिंकी देवी छठ का प्रसाद बनाने पड़ोसी के घर गई थीं। लौटने पर उन्होंने पति को फांसी के फंदे से लटका पाया। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हुए और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में स्थानीय प्रतिनिधि और भीम आर्मी के सदस्य मौजूद रहे। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तेज़ रफ्तार का कहरः रिश्तेदार के घर से लौट रहे दंपति को मिली दर्दनाक मौत, मौके पर मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के निरौधा गांव के पास सोमवार की देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों–एक बुलेट और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर–की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और घायलों को सड़क किनारे से उठाकर अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान करछना थाना क्षेत्र के हर्रई निवासी झल्लर भारतीया (आयु लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला उनकी पत्नी रुक्मणी बताई जा रही हैं। दंपति कौंधियारा थाना क्षेत्र के खु?झी गांव में अपने रिश्तेदार के घर किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर स्प्लेंडर बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे निरौधा गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और झल्लर भारतीया की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों बाइकों की रफ्तार बहुत अधिक थी और सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं थी। हादसे के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर कौंधियारा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल रुक्मणी को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन सड़क किनारे रिफ्लेक्टर और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क को चौड़ा किया जाए और रात में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। दूसरी ओर, मृतक झल्लर भारतीया के घर पर कोहराम मचा हुआ है। पत्नी रुक्मणी के होश में आने का इंतजार परिवारजन कर रहे हैं। रिश्तेदारों और गांव के लोगों की भीड़ हर्रई गांव में जुटी है। हर किसी की जुबान पर एक ही बात – "अगर सड़क पर रोशनी होती, तो शायद यह हादसा टल जाता।"

### नैनी में विक्षिप्त किशोर की हरकत से गौमाता की मौत



● परिजनों ने बताई मानसिक बीमारी की बात।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी के काजीपुर मोहल्ले में सोमवार को हुई दर्दनाक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। एक सिपाही के विक्षिप्त नाबालिग भतीजे ने अचानक एक गाय के बच्चे बछड़े के सिर पर ईट से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोग भारी संख्या में मौके पर जुट गए। सूचना पर नैनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पूछताछ में मृत बछड़े के मालिक बबलू भारतीय के परिवार ने बताया कि हमला करने वाला किशोर मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अक्सर दिनभर गलियों में इधर-उधर भटकता रहता है। इसी दौरान उसने अचानक ईट उठाकर निर्दोष मवेशी पर प्रहार कर दिया। किशोर के पिता भानू ने बताया कि उनका बेटा लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार है और उसका इलाज भी चल रहा है। उन्होंने बताया कि वह अक्सर बिना किसी कारण के अजीब हरकतें करता रहता है। घटना के समय वे दुकान पर थे, तभी यह हादसा हो गया। बछड़े के मालिक बबलू भारतीय उस वक्त अपने काम से बाहर गए हुए थे। घरवालों ने किशोर की मानसिक स्थिति को देखते हुए कोई कानूनी कार्रवाई न करने का निर्णय लिया।

नैनी थाने के इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक पूछताछ की और दोनों पक्षों से बात की। पशु के शव को उठवाकर अंतिम संस्कार की व्यवस्था कराई गई, जिसके बाद माहौल शांत हुआ। इस घटना के बाद मोहल्ले में गहरी संवेदना है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि भले ही घटना अनजाने में हुई हो, लेकिन गौमाता की हत्या से समाज की भावना आहत हुई है।

### नगर पालिका अध्यक्ष की दादरी मेले की शक्तियां सीजःमेले में लापरवाही पर डीएम को सौंपा गया दायित्व

**बलिया-** शासन ने बलिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता की दादरी मेले से संबंधित सभी शक्तियां तत्काल प्रभाव से सीज कर दी हैं। इसके साथ ही, दादरी मेले के सुचारू आयोजन और संबंधित दायित्वों के निर्वहन के लिए डीएम बलिया को अधिकृत किया गया है। यह निर्णय प्रमुख सचिव नगर विकास गुरु प्रसाद पोरला द्वारा 28 अक्टूबर, 2025 को जारी आदेश में लिया गया। शासन को भेजी गई डीएम बलिया की 16 अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट में बताया गया था कि अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता ने ददरी मेले से संबंधित भूमि अधिग्रहण एवं आयोजन कार्यवाही में उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है। रिपोर्ट में उन्हें अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने और प्राप्त अधिकारों के दुरुपयोग का प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर शासन ने अध्यक्ष को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है, जिसमें पूछा गया है कि क्यों न उनकी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों को तब तक के लिए निलंबित किया जाए, जब तक वे आरोपों से मुक्त नहीं हो जाते। शासन पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अध्यक्ष द्वारा आवश्यक निर्णय न लेने के कारण ददरी मेले के आयोजन में गंभीर विलंब हुआ, जिससे स्थानीय स्तर पर असंतोष और प्रशासनिक बाधाएं उत्पन्न हुईं। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि मेले का आयोजन समय पर और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके, जिलाधिकारी बलिया को दादरी मेले से संबंधित सभी निर्णय लेने और व्यवस्थाओं के संचालन का अधिकार प्रदान किया है।

# उगते सूर्य के साथ बरही में सम्पन्न हुआ छठ महापर्व, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा पूरा प्रखंड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** आस्था, उपासना और शुचिता का प्रतीक चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। पूरे बरही प्रखंड में इस अवसर पर भक्ति, उल्लास और अपार श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार की संध्या में अस्ताचलगामी सूर्य को और मंगलवार की प्रातः वेला में उदयीमान सूर्य को व्रतियों ने विधि-विधान और पवित्रता के साथ अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद व्रतियों ने पारण कर चार दिवसीय कठोर व्रत का समापन किया। बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट, बरही सूर्य मंदिर छठ घाट समेत पूरे प्रखंड के सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच लोग छठ घाटों की ओर प्रस्थान करते नजर आए। चारों ओर छठ माता के भजन और लोकगीतों की गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। बरहीडीह प्राचीन छठ घाट पर जनसहभागिता के साथ घाट और मार्गों की सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा और सुविधा की बेहतरीन व्यवस्था की। पूरे क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अधिकारी लगातार मुस्तैद रहे। बरही एसडीओ जोहन टुडू, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार समेत पुलिस बल के जवान तैनात रहे। मुख्य मार्ग हजारीबाग रोड पर नो-एंट्री लगाकर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विभिन्न सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छठ घाटों पर सहयोग का हाथ बढ़ाया। श्रद्धालुओं के स्वागत में आकर्षक तोरण द्वार लगाए गए और कई स्थानों पर व्रतियों के लिए दूध, दही, राबड़ी, मिठाई और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इससे श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति दोनों का अद्भुत संचार देखने को मिला। केवल बरही ही नहीं, बल्कि धनवार, बरसोत, श्रीनगर, रसोईया धमना, गुड़ियो, विजैया, गोरियाकरमा, कोनरा, करियातपुर, मलकोको, करसो, पंचमाधव, कोल्हुआलकला, खोड़ाहर, केदारुत, बेन्दगी, भंडारों सहित कई गांवों में भी छठ पर्व बड़ी श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। ग्रामीण इलाकों में भी आकर्षक गेट, झालर और लाइटिंग से छठ घाटों को सजाया गया। छठ पर्व के दौरान हर उम्र के लोगों में उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने व्रतियों की सेवा और सहयोग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर ओर भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहा, मानो पूरा प्रखंड सूर्य उपासना के रंग में रंग गया हो। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ जब व्रतियों ने अपने व्रत का समापन किया, तो वातावरण में एक दिव्य शांति और आत्मिक आनंद व्याप्त हो गया।

# संक्षिप्त खबरें

## अतुल को युवा कांग्रेस सोशल मीडिया क्वार्डिनेटर बनाए जाने पर खुशी




**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवा कांग्रेस सोशल मीडिया में इं. अतुल शुक्ला को जिला क्वार्डिनेटर चयनित किये जाने पर मंगलवार को यहां कार्यकर्ताओं में खुशी देखी गयी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कैम्प कार्यालय पर बैठक कर उपलब्धि पर खुशियां साझा की। नवचयनित जिला क्वार्डिनेटर अतुल ने चयन के लिए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर अभिनव शुक्ला, रामू मिश्र, त्रिभु तिवारी, चंदन पाण्डेय, अम्बुज मिश्र, गिरजाशंकर पाण्डेय, सिंटू मिश्र, अर्पण मिश्र, अवशेष शुक्ला, प्रभात ओझा, भूपेन्द्र तिवारी काजू, जितेन्द्र द्विवेदी, अक्षत तिवारी, आदित्य तिवारी, बेलाल रहमानी, दिनेश सिंह, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता शव छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटखौली में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव कमरे में छत की कुंडी से लटकता मिला।जिसकी पहचान शालू (26) पत्नी दुर्गेश के रूप में हुई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबध में थानाध्यक्ष डीके सरोज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## मुण्डेरवा चीनी मिल में 12 करोड़ 36 लाख रूपये के घोटाला मामले की रिकबरी कराये सरकार- दिवान चन्द पटेल



**बस्ती।** बस्ती जिले के भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव एवं गन्ना समिति मुण्डेरवा के निवर्तमान चेयरमैन दिवान चन्द पटेल ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि मुण्डेरवा चीनी मिल में सुनियोजित रूप से कराये गये 12 करोड़ 36 लाख रूपये के घोटाला मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध भी नामजद मुकदमा पंजीकृत कराने के साथ ही धन की रिकबरी कराकर किसानों को दिया जाय।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से किसान नेता दिवान चन्द पटेल ने कहा है कि मुण्डेरवा चीनी मिल को 12 करोड़ 36 लाख रूपया गन्ना विकास के मद में सरकार द्वारा दिया गया था। यह धन किसानों तक नहीं पहुंचा और बंदरबांट कर लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्होने तीन बार मुलाकात कर मामले के जांच की मांग किया। इसके बाद शासन स्तर पर जांच शुरू किया किन्तु अधिकारियों को बचाया जा रहा है और लेनिन सिक्योरिटी सर्विस कानपुर के विरूद्ध मुण्डेरवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होने मांग किया कि 12 करोड़ 36 लाख रूपये की रिकबरी कराकर उसे किसानों में वितरित करने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाय।

## 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**चित्रकूट-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि आगामी 13 दिसंबर को दीवानी न्यायालय चित्रकूट, राजस्व न्यायालय, वाह्य न्यायालय मऊ, ग्राम न्यायालय मानिकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138, एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबंदी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थाई निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विर्निदिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, श्रम वाद तथा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं विशेषकर पारिवारिक मामले उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन संबंधित वाद का निस्तारण किया जाएगा।

# कुड़वा (सोनभद्र) में ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन सफाईकर्मी पर नाबालिगों से काम कराने और छठ घाट दूषित करने का आरोप

**●बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन ग्रामीणों ने की संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र-** विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का रोष एक बार फिर फूट पड़ा है। बीते दिनों सफाई न होने को लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद जब खंड विकास अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ द्विवेदी के आदेश पर सफाई शुरू हुई, तो एक नया और गंभीर मामला सामने आया। रविवार को जब सफाई कर्मी ओम प्रकाश कनौजिया कचरा वाहन लेकर मौके पर पहुंचा, तो ग्रामीणों ने देखा कि सफाईकर्मी ओम प्रकाश कनौजिया मूकदर्शक बनकर खड़े हैं, जबकि नाबालिग बच्चे कचरा उठा रहे हैं। यह दृश्य तस्वीरों में भी साफ देखा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत नाबालिग बच्चों से कार्य कराना पूर्णतः वर्जित है, लेकिन जिम्मेदार लोग इस अधिनियम को ठेंगा दिखाते हुए बच्चों से काम करवा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इन स्कूली बच्चों की पहचान गोपाल पुत्र गुन्जु उर्फ लालमणि चेरो, लवकुश पुत्र रामसेवक चेरो, और राकेश पुत्र विजय शंकर चेरो के रूप में हुई है, जिनकी उम्र लगभग 8 से 10 वर्ष है। आरोप है कि इन्हें मात्र 100 का लालच देकर देर शाम तक यह काम कराया गया, जो कि एक गंभीर अपराध है। ग्रामीणों ने इस बात पर भी गहरा रोष व्यक्त किया कि सफाईकर्मी ने कचरा ले जाकर पांडु नदी में फेंक दिया, जहाँ प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में लोग हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार छठ पूजा करते हैं। ग्रामीणों, जिनमें श्रवण यादव, जग्गू, विजय, सोमारु, राधेश्याम आदि शामिल थे, ने आरोप लगाया कि कचरा नदी में फेंककर सफाईकर्मी व जिम्मेदार लोगों द्वारा न केवल पानी दूषित किया गया, बल्कि यह छठ व्रतधारियों का घोर अपमान भी है। इसके विपरीत, ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से एक कचरा संग्रह भवन बनाया गया है, जो कचरा के अभाव में धूल फांक रहा है। ग्रामीणों ने सवाल किया है कि आखिर किसके आदेश पर सफाईकर्मी ने नाबालिगों से कार्य कराया और कचरा पांडु नदी में फेंका गया। इन दोनों गंभीर मामलों के विरोध में, मंगलवार तड़के समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव के अगुवाई में ग्रामीणों ने तुमियाँ चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया और दोषी सफाईकर्मी व संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रामेश्वर चेरो, सोमारु चेरो, राधेश्याम के साथ-साथ रीना देवी और कमला देवी भी शामिल रहीं। इस बावत, एडीओ (पंचायत) सुनील पाल ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस घोर अपराध पर क्या कार्यवाही करते हैं, या यह मामला भी सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# तप, साधना और सामाजिक समरसता का महापर्व छठ पूजा

**●सोनभद्र के कोहरथा (घोरावल) में बेलन नदी तट पर दिखा आस्था और अनुशासन का दिव्य संगम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** घोरावल कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होने वाला सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा, सोनभद्र के घोरावल क्षेत्र के कोहरथा स्थित बेलन नदी तट पर अत्यंत भक्ति और अनुशासन के साथ मनाया गया। यह पर्व न केवल तप और साधना का प्रतीक है, बल्कि आहार और विचार की शुद्धि पर भी बल देता है। भारतीय जीवन मूल्यों में सूर्य का स्थान अत्यंत गहरा है। ऋग्वेद में सूर्य को जगत का आत्मा कहा गया है, जबकि यजुर्वेद में उन्हें भगवान का नेत्र बताया गया है। गायत्री मंत्र भी सूर्य उपासना का ही एक प्रमुख मंत्र है। छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान इन्हीं वैदिक मूल्यों से प्रेरित होकर हमारी चेतना को दिव्यता प्रदान करता है। छठ पर्व का अनुष्ठान चार दिनों तक चलता है, जिसमें जीवन के कई रंग और रूप देखने को मिलते हैं। इस महापर्व में नियम और पवित्रता का बहुत ध्यान रखा जाता है। यह परिवार के साथ-साथ समाज को जोड़ने का प्रयास करता है।यह महापर्व अक्सर व्रतधारी माताओं की मूरत को सामने लाता है। हालाँकि, यह पुरुषों के लिए भी वर्जित नहीं है और उनकी सक्रिय भूमिका अपेक्षित है। व्रतधारी जमीन से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाते हुए जमीन पर ही विश्राम करते हैं। गांव के नदी, तालाब, पोखरे, या पुश्तैनी घरों में छठ व्रत का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूरे गांव और परिवार का वातावरण सात्विक और विचार सहज हो जाता है। छठ पूजा पूर्ण रूप से एक आध्यात्मिक पर्व है।

बदलते समय के बावजूद, इस पर्व की परिपाटी और इसके नैवेद्य (प्रसाद) की सामग्री में कोई बदलाव नहीं आया है। आज भी गेहूं को चक्की में पिसवाकर प्रसाद (ठेकुआ) तैयार किया जाता है। पुरानी परंपरा के अनुसार, जिस चक्की पर पिसाई होती थी, उसे दो दिन पहले ही धोकर साफ किया जाता था। सूप में रखे जाने वाली भोग की सामग्री, जिसमें सूखा मेवा, लौंग, इलायची, पानीफल, सुपारी, कच्ची हल्दी तथा मौसमी फल और सब्जियां शामिल होती हैं, यह दर्शाती है कि हम प्रकृति से कितना जुड़े हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। छठ पूजा के समय घरों में एक पावन आभा का संचार होता है, वहीं तालाबों और नदियों के तट की स्वच्छता व सुंदरता में आस्था की बयार प्रवाहित होती है।व्यस्तता के कारण लोगों में मेल-जोल कम हो रहा है, लेकिन छठ पूजा ऐसा अवसर देती है जब सभी सामाजिक बंधन टूट जाते हैं। यह महापर्व सभी सनातनियों को छुआ-छूत, जाति-पाति, अमीर-गरीब का भेदभाव मिटाकर एक ही घाट पर एकत्रित होने का अवसर देता है। यह सच मायने में सामाजिक समरसता स्थापित करते हुए समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाला महापर्व है।बेलन नदी तट पर इस अवसर पर व्रतधारी रेनू मिश्रा, अंजना त्रिपाठी, चंपा गुप्ता, कृष्णावती वैश्वार, रोशनी त्रिपाठी, युवा समाजसेवी प्रवीण त्रिपाठी, दीपा, नितेश मिश्रा, चंदा आदिवासी, अनुपम गुप्ता, स्नेहा, आस्था, विशाल, सौरभ, गौरव सहित समस्त क्षेत्रवासी गण उपस्थित रहे।

# बिना एसएमएस के चल रही कंबाइन मशीन को सीडीओ ने सीज कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**अम्बेडकर नगर।** आज दिनांक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व ग्राम आमादरवेशपुर, विकास खंड रामनगर, तहसील आलापुर में कंबाइन मशीन से नियम के विरुद्ध बिना एसएमएस (स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम) लगाए धान की कटाई करते हुए पाए जाने पर संबंधित मशीन (मशीन नंबर यूपी45 एएम 9133, मशीन स्वामी- लालता प्रसाद पुत्र राम समूझ निवासी भोजपुर, परगना बिडहर, तहसील आलापुर अंबेडकरनगर) को सीज कराने हेतु संबंधित उपजिलाधिकारी एवं कृषि विभाग को निर्देशित किया गया। अवगत कराना है कि कृषि अपशिष्ट या पराली को जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य, पशुओं एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः सभी कृषक पराली न जलाएँ और पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय जैसे मल्चर, हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम आदि का उपयोग करें। माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाना एक दण्डनीय अपराध है। भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 06 नवम्बर 2024 के अनुसार पराली जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति (Environmental Compensation) की राशि 2 एकड़ से कम क्षेत्रफल के लिए 5,000, 2 से 5 एकड़ के लिए 10,000 और 5 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के लिए 30,000 निर्धारित की गई है। पराली जलाने की घटना पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा-24 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति की वसूली तथा धारा-26 के अंतर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर अर्थदण्ड व एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जा सकती है।

# अवध की माटी से उपजा साहित्य बनेगा अकादमिक विरासत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अवधी साहित्य को अकादमिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। अब विश्वविद्यालय में विद्यार्थी केवल कविताओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अवधी गद्य की समृद्ध परंपरा, उसकी संवेदना, विचारधारा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को भी पढ़ेंगे। विश्वविद्यालय ने अवधी साहित्य शीर्षक से एक नया पाठ्यक्रम तैयार किया है, जिसमें अवधी के कवि, लेखक और पत्रकारों की रचनाओं को शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह की पहल पर तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम को हिंदी विभाग की पाठ्यक्रम समिति ने तैयार किया है। समिति के पूर्व संयोजक प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि कुलपति की मंशा है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाला संस्थान न रहकर क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृति के संवर्धन का केंद्र बने। उन्होंने कहा कि अवध की आत्मा उसकी भाषा में बसती है। इस भाषा की मिठास, लोकभावना और आध्यात्मिक गहराई को नई पीढ़ी तक पहुंचाना ही उद्देश्य है। बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, बहराइच और श्रावस्ती जैसे जिलों की भूमि अवधी की जननी रही है। यहां की लोकभाषा में संस्कृत की शुद्धता, हिंदी की सहजता और लोकगीतों की भावनात्मकता का अद्भुत संगम मिलता है। विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल स्थानीय साहित्य को सम्मान देगी, बल्कि नई पीढ़ी में अपनी मातृभाषा के प्रति गौरव और जुड़ाव भी बढ़ाएगी।

**अब गद्य से जुड़ेगा अवधी का नया अध्याय**

अब तक विश्वविद्यालयों में अवधी साहित्य को केवल भक्तिकालीन कविताओं तक सीमित कर दिया गया था, परंतु मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय ने पहली बार अवधी गद्य को शामिल कर नया अध्याय शुरू किया है। इसमें कहानी, उपन्यास, निबंध, एकांकी, डायरी और बाल साहित्य जैसी गद्य विधाओं को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। प्रो. मिश्र ने बताया कि पाठ्यक्रम में भारतेंदु मिश्र का प्रसिद्ध उपन्यास 'चंदावती', सुधेंद्र ओझा का 'के सही के गलत', गंगा प्रसाद गुणशेखर की कहानियां तथा रस्मशील शुक्ल, विनय दास, ज्ञानवती दीक्षित और त्रिलोचन शास्त्री जैसी विभूतियों की रचनाएं शामिल की गई हैं। ये रचनाएं न केवल भाषा का सौंदर्य प्रस्तुत करती हैं बल्कि अवध के समाज, लोकसंस्कृति और मूल्यबोध को भी उजागर करती हैं।

**भक्तिकाल से आधुनिक काल तक की कड़ी बनेगा पाठ्यक्रम**

अवधी कविता के अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम में गुरु गोरखनाथ की अवधी कविताओं के साथ गोस्वामी तुलसीदास और मलिक मोहम्मद जायसी की रचनाओं को भी शामिल किया गया है। वहीं, आधुनिक अवधी कविता में बलभद्र प्रसाद दीक्षित 'पढ़ीस', बंशीधर शुक्ल, विश्वनाथ पाठक, रमई काका, और मृगेश जी जैसे कवियों को स्थान मिला है। पाठ्यक्रम में अवधी साहित्य की पत्रकारिता को भी स्थान दिया गया है। विद्यार्थियों को अवधी के संपादकीय लेखन, साहित्यिक डायरी लेखन, एकांकी नाटक, और बाल कहानियों से परिचित कराया जाएगा। इससे छात्रों को क्षेत्रीय साहित्य की बारीकियों और उसके विकासक्रम को समझने में मदद मिलेगी।

**नई शिक्षा नीति के अनुरूप नवाचार**

यह पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार किया गया है। स्नातक के चतुर्थ वर्ष में इसे शामिल किया गया है, जिसे परास्नातक के प्रथम वर्ष के समकक्ष माना गया है। इस प्रकार विद्यार्थी स्नातक और परास्नातक दोनों स्तरों पर अवधी साहित्य का गहन अध्ययन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह पहल क्षेत्रीय भाषाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने कहा कि अवधी केवल भाषा नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पहल हमारी जड़ों से जुड़ने का माध्यम बनेगी। आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय अवधी शोध और लेखन को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की दिशा में भी कार्य करेगा।

# लाखों का खर्च पानी में रेणुका छठ घाट पर बदइंतजामी से व्रती बेहाल फंड की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**●पानी में बदइंतजामी से श्रद्धालुओं को झेलनी पड़ी भारी दुश्वारी**

**लाखों खर्च के बावजूद बदइंतजामी से श्रद्धालु बेहाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर सोनभद्र के ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रेणुका छठ घाट पर इस वर्ष लाखों रुपये खर्च करने का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ। नगर पंचायत और महारुद्र सेवा समिति (छठ घाट समिति) की घोर लापरवाही और मौसम की चेतावनी की अनदेखी के कारण व्रतियों, उनके परिवार और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को अभूतपूर्व दुश्वारी झेलनी पड़ी, जिससे महापर्व का उत्साह फीका पड़ गया। मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए, व्यवस्थापकों ने बारिश से निपटने का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया। घाट पर लगाए गए रंग-बिरंगे पोस्टरों और झालरों से सजे भव्य टेंटों पर प्लास्टिक का तिरपाल (वॉटरप्रूफ कवर) नदारद था। बारिश शुरू होते ही, हजारों व्रतधारी, उनके परिवार और छोटे-छोटे बच्चे घंटों तक भीगने को मजबूर हो गए। आक्रोशित श्रद्धालुओं ने मार्मिक सवाल उठाया, हम तीन दिनों का कठिन व्रत करके यहां आए हैं, और व्यवस्थापकों ने हमें भीगने के लिए छोड़ दिया। लाखों खर्च करने का दावा केवल कागजों पर है। बारिश में भीग जाने से अगर हम या हमारे बच्चे बीमार पड़ते हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। छठ घाट पर व्याप्त अव्यवस्था पर विभिन्न संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विश्व हिंदू महासंघ के नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे ने नगर पंचायत की कार्यशैली पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा, सिर्फ नाम का है नगर पंचायत।

लाखों रुपए टेंट में खर्च करने के बावजूद किसी भी टेंट में प्लास्टिक का तिरपाल नहीं लगा था। यह गंभीर लापरवाही है। रेणुका छठ घाट तक पहुंचने वाले रास्ते और पार्किंग स्थल पर (भस्सी) या गिट्टी नहीं बिछाई गई थी। नतीजतन, बारिश ने पूरे क्षेत्र को फिसलन भरे कीचड़ और दलदल में बदल दिया। कीचड़ के कारण रास्ते पर कई घंटों तक भीषण जाम लगा रहा। कई श्रद्धालुओं के वाहन कीचड़ में बुरी तरह फंस गए, जिन्हें निकालने में लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों ने तीखा सवाल किया, जिस घाट की मरम्मत और सफाई पिछले कई महीनों से चल रही थी, वह किस काम की, जब श्रद्धालुओं की सुविधा ही सुनिश्चित नहीं हो पाई। यह नगर पंचायत नहीं, बल्कि नरक पंचायत का मंजर पेश कर रहा है। सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए गए भंडारे के टेंट भी तिरपाल न होने के कारण बारिश में भीग गए, जिससे सेवा व्यवस्था भी ठप हो गई। श्रद्धालुओं और समाजसेवकों ने नगर पंचायत पर लाखों रुपये के सरकारी और दान के फंड के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। एक स्थानीय समाजसेवी ने मांग की है कि इस छठ घाट की व्यवस्था पर इस बार लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जब टेंट वाले ने कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं दी, तो क्या टेंट वाले को पूरे पैसे दिए जाएंगे। यह पैसों के बंदरबांट का मामला प्रतीत होता है। छठ जैसे महापर्व पर व्रतियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर बरती गई यह घोर लापरवाही अक्षम्य है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद व्यवस्था का ठप होना सीधे तौर पर प्रशासन और संबंधित समितियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह घटना जिम्मेदारी और जवाबदेही के पूर्ण अभाव को दर्शाती है।जनभावना को देखते हुए, श्रद्धालुओं ने एक स्वर में मांग की है कि इस बदइंतजामी और फंड के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और समिति के पदाधिकारियों पर तुरंत और कड़ी कार्रवाई की जाए।

# ओबरा में भक्तिभाव से निकली खाटू नरेश की भव्य निशान यात्रा

**●चतुर्थ श्री श्याम महोत्सव के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने भजनों पर किया नृत्य**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)-** ओबरा नगर में श्री श्याम प्यारे मंडल के तत्वावधान में बुधवार को होने वाले चतुर्थ श्री श्याम महोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को नगर में एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। खाटू नरेश (श्याम बाबा) के प्रति भक्तों की गहरी आस्था इस यात्रा में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह निशान यात्रा चोपन रोड से प्रारंभ हुई और हनुमान मंदिर होते हुए श्री राम मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान, सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु अपने हाथों में श्री निशान (ध्वजा) लेकर चल रहे थे और खाटू श्याम के भजनों पर थिरकते हुए अपनी भक्ति का प्रदर्शन कर रहे थे। श्याम प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए, यात्रा के पूरे रास्ते में नगर के कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और संगठनों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी, जिससे भक्तों को राहत मिली। पूरे माहौल में भक्ति और उल्लास का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। श्री श्याम प्यारे मंडल के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को मेन बाजार स्थित श्री राम लीला मैदान में चतुर्थ श्री श्याम महोत्सव का आयोजन होगा। इस महोत्सव के मुख्य आकर्षण निम्नलिखित होंगे श्याम बाबा का भव्य दरबार सजेगा। इस बार भक्तगण पहली बार तोरण द्वार का भी दर्शन करेंगे। महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा श्री श्याम का गुणगान किया जाएगा।बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा और सभी भक्तजन श्याम रसोई में प्रसाद ग्रहण करेंगे।इस भक्तिमय निशान यात्रा में मंडल के सदस्य और सैकड़ों श्याम प्रेमी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सौरभ अग्रवाल, जगमन्दर जिंदल, आनंद सिंघल, नवनीत अग्रवाल, कृष्ण कुमार बंसल, दिवाकर अग्रवाल, गोविंद अग्रहरि, किशोरी लाल बंसल, बंशी लाल गर्ग, सुखनंदन चौरसिया, विकास सिंह, आनंद जायसवाल, अमित गुप्ता, विजय सिंह, ममता बंसल, नेहा गर्ग, दीपिका जैन, ज्योति गोयल, निशा मित्तल, नेहा गोयल, और उषा जिंदल आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य पूरा न करने वाले सहकारी सचिवों पर गिरेगी गाज देवेंद्र कुमार सिंह

**●सदस्यों को ही मिलेगा उर्वरक और धान खरीद का लाभ तीन दिन शेष, सदस्यता अभियान तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** ज़िले में चल रहे सहकारिता सदस्यता महाअभियान को समाप्त होने में अब केवल तीन दिन शेष हैं। अभियान की प्रगति को देखते हुए, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, देवेंद्र कुमार सिंह ने सदस्यता लक्ष्य से पीछे चल रहे सहकारी समिति के सचिवों को कड़ी चेतावनी दी है। सहायक आयुक्त देवेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अभियान के दौरान शिथिल और लापरवाह कर्मचारियों का प्रभार हटाते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी ग्रामीण परिवार अपने क्षेत्र की सहकारी समिति के सचिव से तत्काल संपर्क करके स्वयं सदस्य बनें। देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार, अब समितियों की विभिन्न योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जो समिति के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उर्वरक वितरण और धान खरीद समेत समितियों की सभी योजनाओं से केवल उन्हीं किसानों को लाभान्वित किया जाएगा, जो समिति के सदस्य होंगे। यह नियम किसानों को जल्द से जल्द सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करेगा। सहायक आयुक्त ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने कार्यालय में एक बैठक आयोजित करके सदस्यता प्रगति की सघन समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में एडीसीओ सदर अवधेश सिंह, एडीसीओ घोरावल डॉ. सुरेश, एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक कुमार शेखर, तथा महेश मौर्य शामिल रहे। बैठक में सभी अधिकारियों को लक्ष्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# डॉ. राजेन्द्र सिंह 'राही' कृत ' प्रताप, प्रभु श्रीराम का' लोकार्पण

**●रचनाधर्मिता के विविध आयामों पर विमर्श**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के क्लब सभागार में डॉ. राजेन्द्र सिंह 'राही' कृत ' प्रताप, प्रभु श्रीराम का' लोकार्पण सम्पन्न हुआ। हिन्दी साहित्य भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी 'ओम' ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि मर्यादा के राम को साहित्यकारों, कवियों, इतिहासकारों ने अलग-अलग दृष्टिकोण से व्याख्या करने के साथ ही गायन, वाचन किया है। डॉ. राजेन्द्र सिंह 'राही' कृत ' प्रताप, प्रभु श्रीराम का' इसी परम्परा को आगे बढाते हुये प्रश्न के स्थान पर समाधान उपस्थित करता है। अध्यक्षता करते हुये डॉ. रामनरेश सिंह मंजुल ने कहा कि राजेन्द्र सिंह 'राही' कृत ' प्रताप, प्रभु श्रीराम का' में कवि ने श्रीराम को विविध रूपों में देखने, परखने के साथ ही उसे दोहा छंद में स्वर दिया है। निश्चित रूप से यह कृति पाठकों को श्रीराम के नये अनुभूतियों से परिचित करायेगी। लोकार्पण अवसर पर डॉ .मुकेश कुमार मिश्र, डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' श्याम प्रकाश शर्मा, सुशील सिंह 'पथिक' आदि ने ' प्रताप, प्रभु श्रीराम का' के विविध रूप, स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ .मुकेश कुमार मिश्र ने अनेक उदाहरण देते हुये कहा कि यह पुस्तक शोधार्थियों के लिये भी लाभकारी है। डॉ. राजेन्द्र सिंह 'राही' ने कहा कि काव्य संग्रह में उनकी अनुभूतियों के राम हैं। आयोजक ओंकार सिंह और संयोजक वागीशदत्त पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन किया। संचालन करते हुये विनोद उपाध्याय हर्षित ने अनेक महत्वपूर्ण विन्दुओं को रेखांकित किया। लोकार्पण के बाद आयोजित कवि सम्मेलन में ताजीर वस्तवी, हरीश दरवेश, सागर गोरखपुरी, शिवा त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव, जगदम्बा प्रसाद भावुक, तौआब अली, साद अहमद 'शाद', दीपक सिंह प्रेमी, हरिकेश प्रजापति, तेज प्रताप शुक्ल, फूलचन्द चौधरी, वृजेश कुमार आदि की रचनायें सराही गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. आशुतोष कुमार शुक्ल, उदयभान सिंह, लखपत सिंह, नेबूलाल यादव, कृपाशंकर शुक्ल, योगेन्द्र सिंह, राजेश चित्रगुप्त, नागेन्द्र सिंह, अवनीश त्रिपाठी, सत्येन्द्र बहादुर पाल, राजेश त्रिपाठी, विजय कुमार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, सुनील सिंह, शेषमणि, शिवांश सिंह, राहुल, अर्जुन सिंह, राजेश वर्मा, परशुराम, बब्लू पाण्डेय, सामईन फारूकी, गुड्डू तिवारी, नगेसर, एम.पी. सिंह के साथ ही अनेक साहित्यकार, कवि उपस्थित रहे।

# जांच निष्पक्ष न होने पर बच जाएंगे कोषागार घोटाले के दोषी- शिवम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** जिला कोषागार में हुए अनियमित भुगतान के मामले में राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत (सवर्ण आर्मी) ने डीएसपी स्तरीय जांच पर असंतोष जताते हुए पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है। इस सम्बन्ध में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी को सौंपा है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में जिले के बड़े अधिकारी और प्रभावशाली व्यक्तियों के जुड़े होने के कारण, डीएसपी स्तर की जांच समिति पर निष्पक्षता बनाए रखना कठिन होगा। इसलिए मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और जनता का विश्वास कायम रहे। कहा कि जब घोटाले की राशि इतनी अधिक है, तो इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराना ही उचित होगा। यदि जांच निष्पक्ष नहीं हुई तो असली दोषी बच निकलेंगे और सरकार की छवि धूमिल होगी। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र द्विवेदी, जिला संरक्षक शिवम मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छठ पूजा के तीसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ महिलाओं ने किया व्रत का पारण



**कानपुर।** यहां छठ महापर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ लगातार जारी है ,जिसके क्रम में तीसरे दिन शाम को व्रती महिलाओं ने गंगा नदी के घाटों पर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा अर्चना की। परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। छठ पूजा के इस अवसर ठेकुआ, केला, नारियल, गन्ना, सिघांड़ा, सुपारी का भोग लगाया। महिलाओं ने घाट पर पूजन के दौरान बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, बहंगी घाटे पहुंचाए, बहंगी छठ मैया के जाए...आदि गीत गाए। रात्रि जागरण कर छठ मैया के गीत गाए। वही आज मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं व्रत का पारण करेगी। सुबह से ही पनकी नहर, नौरैया खेडा, गुजैनी दबौली ,रतन लाल नगर, अरमापुर, कल्याणपुर आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। दोपहर तक वेदियां बनाकर रंगरोगन कर पूजन की तैयारी की। फिर व्रती महिलाओं ने पूजन शुरू किया। व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ अपनी-अपनी वेदियों पर बांस की डलिया में ठेकुआ, केला, नारियल, गन्ना, सिघांड़ा, सुपारी आदि चढ़ाकर गंगा नदी में खड़ी होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ मैया के गीत गाए। इस दौरान बच्चों ने पटाखे दाग अपनी खुशी का भी इजहार किया।

### कानपुर नगर जनपद में फार्मर रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान



**कानपुर।** नगर के नरवल तहसील के उपजिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र में किसानों का रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू किया है, इसके तहत पूरे क्षेत्र में पंचायत सहायक उचित दर विक्रेता और लेखपाल के माध्यम से पंचायत भवनों पर विशेष कैंप लगाए गए हैं, अभियान के तहत् कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मजरे और गांव चिन्हित करें, जहां अब तक रजिस्ट्रेशन कम हुआ है, और वहां विशेष कैंप आयोजित करें ताकि अधिक से अधिक किसान पंजीकरण करा सके,उपजिलाधिकारी नरवल द्वारा महुआ गांव, सरसौल,और महाराज पुर क्षेत्रों का निरीक्षण किया, उन्होंने विभिन्न पंचायत भवनों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की,और फार्मर रजिस्ट्रेशन के महत्व पर चर्चा की, उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पंचायत भवनों पर उपस्थित होकर उचित दर विक्रेता, पंचायत सहायकों और लेखपालों से जानकारी लेकर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं,यह विशेष अभियान अगले 10 दिनों तक चलाया जाएगा, जिसमें टीम गांव गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगी, प्रशासन के अनुसार, शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन पोर्टल अत्यंत आवश्यक है इसलिए इस अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रहे।

### हीर पैलेस के पास गुमटी में लगी आग, दमकल ने बुझाई



**कानपुर।** दिनांक 28.10.2025 को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा हीर पैलेस के पास गुमटी और बिजली के तारों पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। जांच में पाया गया कि एक पान मसाले की गुमटी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। स्थानीय पुलिस एवं फायर ब्रिगेड टीम द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण प्राप्त किया गया तथा आग पूरी तरह बुझा दी गई। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में की बैठक

● किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये- जिलाधिकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये किसानों की समस्याओं व सुझावों को गम्भीरता से सुना गया जिसमें किसानों ने खाद, धान खरीद, आवारा पशु, स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने, झोला छाप पशु डाक्टर, नहरों के कटान से फसलों के नुकसान, प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का सुधार, आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना, कूड़ा निस्तारण आदि के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी, जिस पर डीएम ने मौके पर ही उनके समाधान हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कुछ शिकायती प्रार्थना पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही कर किसानों अवगत कराया जायेगा। आवारा पशुओं के सम्बन्ध में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अवारा पशुओं को पकड़ने हेतु अभियान चलाया जाये, कस्बों एवं गावों में छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में बन्द किया जाये, सीसीटीवी कैमरे गौशालाओं की निगरानी की जाये।

डीएम ने किसानों से कहा कि यदि कोई भी पशु बीमार पड़ता है तो कन्ट्रोल रूम नम्बर 1962 पर कॉल कर जिससे पशुओं का ईलाज घर पर ही हो सके।किसानों ने अवगत कराया कि किसी भी विवाद होने पर गलत मेडिकल रिपोर्ट निर्गत किया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने सीओ सिटी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने सम्ब्न्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उन्हे जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नति खेती करने का सुझाव दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, सीओ सिटी प्रशान्त राज, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अरविन्द वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## महाराज पुर में युवती से फिरौती मांगने वाला ब्लैकमेलर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर, कानपुर नगर।** कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र में 28 वर्षीय युवती से ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए की मांग का मामला सामने आया है, आरोपी ने सोशल ऐप पर लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान युवती के फोटो और वीडियो को एडिट कर अश्लील बना लिया और वायरल करने की धमकीं दी। पीड़िता ने डर के कारण आरोपी के बैंक खाते में पांच लाख रुपए भेज दिए, लेकिन इसके बावजूद वह उसे लगातार धमकाता रहा, आखिर कार युवती ने महाराज पुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, युवती के मुताबिक वह रान्गलाइफ,नामक सोशल ऐप के जरिए उसकी पहचान चांद बादशाह,उर्फ तनवीर,उर्फ दानिश नामक युवक से हुई थी । आरोपी ने पहले गेमिंग ऐप क्वान्इस भेजकर दोस्ती बढ़ाई, फिर धीरे धीरे उसका भरोसा जीत लिया, आरोप है कि चांद बादशाह ने युवती की स्ट्रीमिंग के फोटो और वीडियो सेव कर लिए,और बाद में उन्हें एडिट कर अश्लील रूप तैयार किया , इसके बाद उसने वीडियो काल पर कपड़े उतारने या 10 लाख रुपए देने की धमकीं दी, सामाजिक बदनामी के डर से युवती ने कई बार में यूपीआई से पांच लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए,मगर आरोपी उसे लगातार धमकाने लगा, परेशान होकर उसने पुलिस में तहरीर दी, महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,उसकी पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया है कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## कर्म तथा कर्तव्य के प्रति निष्ठा है प्रभु की आराधना- आचार्य नीरज कृष्ण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के ओझा का पुरवा भवानीगढ़ में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य नीरजकृष्ण पाण्डेय जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धरा से पाप के समूल विनाश के लिए हुआ। उन्होने कहा कि भगवान के जन्म की लीला में संसार को धर्म के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा मिली। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति श्रद्धा और भक्ति सदैव मंगलकारी हुआ करती है। आचार्य नीरज कृष्ण जी ने बताया कि जीवन में कर्म और कर्तव्य के प्रति निष्ठा ही सच्ची आराधना है। उन्होने कहा कि मन से भक्त ने जिस भी रूप मे प्रभु को पुकारा, भगवान ने उसकी पुकार सुनी। उन्होने कहा कि सत्य धर्म का अर्थ अनीति के रास्ते से बचते हुए परोपकार है। उन्होने गिरिराज के पूजन की भी मार्मिक कथा सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मनमोहक भावपूर्ण प्रसंगों पर श्रद्धालु द्वारिकाधीश के जयघोष में मगन हो उठे। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के शंखनाद के मध्य भगवान के जन्म पर पुष्पवर्षा भी हुई। कथा के संयोजक समाजसेवी रामकरन ओझा, लक्ष्मी नारायण ओझा एवं राम खेलावन ओझा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक सुरेन्द्र ओझा बबलू ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ला, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, केके सिंह, राकेश सिंह, रामबोध शुक्ला, अशोकधर द्विवेदी, विकास पाण्डेय, चंदन पाण्डेय, बड़े लाल तिवारी, राजू पयासी, विजय ओझा, वीरेन्द्र ओझा, राघवेंद्र ओझा, उत्कर्ष ओझा, डा0 त्रिभुवन चौबे, अजीत मिश्र आदि रहे।

# छठ पूजा पर्व के दौरान नदी में डूबी दस वर्षीय बालिका का अब तक नही लगा सुराग

●घटना की जानकारी होने पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के समय माता कठेला थाना क्षेत्र के नवेल गांव से उत्तर पूरब स्थित बूढ़ी राप्ती नदी के तट पर सोमवार शाम छठ पूजा घाट पर गई पूजा 10 वर्षीय पुत्री जग्गू निषाद अपने बड़ी अम्मी और गांव की अन्य महिलाओं और लड़कियों के साथ गई हुई थी,नदी घाट के पास अर्द्ध देने पूजा अर्चना में महिलाएं लगी हुई थीं,उसी बीच गांव के अन्य दो सहेलियों के साथ पूजा भी नदी तट पर स्नान कर रही थी,थोड़ी देर बाद नदी के बहते पानी में रंग बिरंगे गुब्बारे आते दिखे,बहते गुब्बारे को पकड़ने के चक्कर में पूजा बढ़ी और दो अन्य लड़कियों उसके पीछे पीछे पानी में आगे बढ़ी, इसी दौरान पूजा दस वर्षीय गहरे पानी में डूबने लगी, महिला श्रद्धालुओ ने डूब रही पूजा को भरसक प्रयास किया लेकिन असफल रहीं, उक्त घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर नदी के पानी में दूर दूर तक पता किए लेकिन सोमवार से मंगलवार शाम तक नदी में डूबी पूजा का अब तक कोई पता नहीं चल सका, स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार तलाश कर रही है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गोताखोरों एवं एनडीआरएफ की टीम खोजबीन कर रही है, लेकिन नदी में डूबी बच्ची का पता नहीं चल पाया है तलाश जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया और घटना के बारे में उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उचित दिशा निर्देश दिया।

## खेल केवल शरीर को स्वास्थ्य रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में अनुशासन, टीम भावना के प्रतीक हैं - सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद खेल महोत्सव के तहत नगर पंचायत शोहरतगढ़ के तिरंगा तिराहा से मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खिलाड़ी तिरंगा तिराहा गड़ाकुल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पुलिस पिकेट तहसील होकर वापस पहुंचे। दौड़ में स्थान प्राप्त 15 बालिकाओं व 15 बालकों को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सांसद खेल महोत्सव के मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में क्षेत्र के हजारों की संख्या में प्रतिभागियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में अनुशासन, टीम भावना और एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मकता लाएं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। कहा कि देश के प्रधानमंत्री खेलो इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि समाज स्वस्थ्य रहे। जब समाज स्वस्थ रहेगा तो विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकेगी। उन्होंने बस्ती मण्डल के जनपद सिद्धार्थनगर स्पोर्ट स्टेडियम के लिये सरकार से पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवशक्ति शर्मा ने किया। इस राजा योगेंद्र प्रताप सिंह, लालजी त्रिपाठी, पवन मिश्रा, नर्वदेश्वर मणी त्रिपाठी, अरुण प्रजापति, मनोज वर्मा, रवि अग्रवाल, श्रीमती उमा अग्रवाल, कौशलेंद्र त्रिपाठी, संतोष पासवान, शिव शक्ति शर्मा, रामकिशोर सिंह, बीपी यादव प्रधानाचार्य शिवपति इंटर कॉलेज, अरविंद अग्रहरि प्रधानाचार्य शारदा पब्लिक स्कूल, पाटेश्वरी प्रसाद प्रधानाचार्य सीपीएस पब्लिक स्कूल, अमित यादव, वीरेंद्र गुप्ता, सूर्य प्रकाश पांडे, अनूप कसौधन, राममिलन प्रधान, नीलू ओझा, अनिल अग्रहरि, सत्यम मौर्य, आकाश श्रीवास्तव, सतीश सिंह, घनश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# किसानों को ठगने वालों पर गिरी गाज, नकली कीटनाशक बेचने पर डीएम ने दी अभियोजन की अनुमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर।** किसानों की मेहनत और फसल की सुरक्षा को लेकर डीएम ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नकली कीटनाशक बेचने और बनाने वालों पर शिकंजा कसते हुए सरसौल के विक्रेता और हरियाणा स्थित निर्माता कंपनी के खिलाफ अभियोजन की अनुमति दी है। यह कदम कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 31(1) के अंतर्गत उठाया गया है। दोहरी जांच में उजागर हुई सच्चाई जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने 28 अप्रैल 2025 को सरसौल स्थित मेसर्स ओम कीटनाशक केन्द्र से लैम्बडासायहेलोथ्रिन 5% EC (100 मिली पैकिंग, बैच संख्या स्न्न2409010) का नमूना लिया। यह उत्पाद हरियाणा के जींद जिले की मोती इन्सेक्टिसाइड्स प्रा. लि. द्वारा निर्मित था। नमूना लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया, जहां 14 मई 2025 को आई रिपोर्ट में सक्रिय तत्व केवल 0.50% पाया गया और नमूना मिसब्राण्डेड घोषित हुआ।

इसके बाद न्यायालय के आदेश पर नमूना केंद्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला, फरीदाबाद भेजा गया। वहां भी 9 सितम्बर 2025 को आई रिपोर्ट में इसे मिसब्राण्डेड ही पाया गया। जांच में संलिप्त पाए गए विक्रेता और कंपनी दोनों प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट के आधार पर विक्रेता ओमकार उत्तम और निर्माता कंपनी मोती इन्सेक्टिसाइड्स प्रा. लि. जांच में संलिप्त पाए गए हैं। कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 29(1)(ए) के अनुसार मिसब्राण्डेड कृषि रक्षा रसायनों का निर्माण, भंडारण और विक्रय एक दंडनीय अपराध है। अब सक्षम न्यायालय में इनके खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही होगी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को ठगने वालों पर कठोरतम कार्रवाई होगी। नकली और मिलावटी कृषि रक्षा रसायन न केवल फसल की पैदावार को नुकसान पहुँचाते हैं बल्कि किसानों की मेहनत पर भी पानी फेरते हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि हर किसान तक गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित कीटनाशक ही पहुँचे। साथ ही उन्होंने किसानों से कृषि उत्पादों में किसी भी तरह की मिलावट की सूचना जिला प्रशासन को देने का अनुरोध भी किया।

## कानपुर में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के नाती का सुसाइड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** कानपुर में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नाती ने सुसाइड कर लिया,जेब में मिले सुसाइड मे लिखा था, प्लीज़, परिजनों ने मोबाइल देखा, तो उसमें अंग्रेजी में लिखा था कि मैं लंबे समय से परेशान चल रहा हूं, मुझे सपने में तीन चार लोग दिखते हैं,जो कहते हैं कि अपने परिवार को मार डालो,नही मारोगे तो खुद मर जाओ। घटना के समय मम्मी-पापा छठ पूजा मनाने भागलपुर गए थे, जबकि बहन यूनिवर्सिटी गई थी, और किशोर घर में अकेला था,जब घर लौटी और दरवाजा नहीं खुला तों उसने पडोसी को सूचना दी, दरवाजा तोडा गया था,तो आरव का शव फंदे पर लटकता मिला, कानपुर के कोहना के पुराना कानपुर के रहने वाले आलोक मिश्रा 16 साल का इकलौता बेटा आरव द जैन इंटरनेशनल स्कूल से 11 वी का छात्र था, परिवार में पत्नी दिव्या और बेटी मान्या हैं, पिता ने कहा कि बेटे को काफी समय से उसे डरावने सपने आते थें, दीपावली को बड़ी बहन को बताया था कि सपने में कुछ चेहरे नजर आते हैं,जो कहते हैं कि या तो खुद मर जाओ या परिवार को मार डालो, दोस्त संजय पांडे ने बताया कि आलोक जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पारिवारिक भांजे हैं, फोरेंसिक टीम ने जब्त किया मोबाइल, कोहना थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है परिजनों से पूछताछ की जां रहीं हैं, मोबाइल के नोट पैड में सुसाइड नोट मिला है,जिसे फोरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है।

## बाइक पलटने से घायल महिला की मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक के सड़क किनारे गडढे में चले जाने से दो लोग घायल हो गये। इलाज के दौरान बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी कैलाश गुप्ता पुत्र स्व0 अशोक कुमार के अनुसार सोमवार की शाम करीब सात बजे उसकी चाची अड़तालिस वर्षीया रेखा अपने भाई के साथ बाइक से सुल्तानपुर स्थित अपने मायके से घर लौट रही थी। अमेठी पेट्रोल पम्प के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गडढे में पलट गयी। इससे रेखा व उसका भाई घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अमेठी जनपद के असैदापुर गौरीगंज स्थित अस्पताल भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने रेखा को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रेखा की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया।

# छठ महापर्व के अवसर पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने लिया सुरक्षा एवं व्यवस्था का जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को छठ महापर्व के अवसर पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना पनकी-अरमापुर नहर पर पहुंचकर मौके पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा घाट पर की गई सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**सुरक्षा व्यवस्थाएं**

मोबाइल पेट्रोलिंगः सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग की जा रही है।

महिला सुरक्षाः बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु सादे वस्त्रों में महिला/पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों को भी तैनात किया गया है।

पुलिस प्रबंधः श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनज़र सुदृढ़ सुरक्षा, पुलिस प्रबंध, यातायात एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की समुचित व्यवस्था की गई है।

**निगरानी**

- स्थानीय अभिसूचना इकाईः स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्र द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।
- सोशल मीडिया सेलः पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना का त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई की जा सके।

**वर्तमान स्थिति**

वर्तमान में छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न हो रहा है तथा सुरक्षा एवं आवागमन व्यवस्था पूर्णतः सुचारु है।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

●बलरामपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीसरा अभियुक्त पहले ही भेजा जा चुका न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम सेखुइया में पुरानी रंजिश के चलते हुए हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी बलरामपुर रेलवे स्टेशन मोड़ के पास से की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुमित सिंह उर्फ पुत्तन सिंह पुत्र सीताराम सिंह एवं सुनील सिंह पुत्र सीताराम सिंह, निवासी ग्राम सेखुइया थाना को0 नगर, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में वादी सियानंद पुत्र मनीराम निवासी सेखुइया ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी थी कि विपक्षीगणों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुसकर परिवारजनों सूर्यभान व अंकित वर्मा की पिटाई की और उनकी बोलेरो व मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने मु.अ.सं. 267/25 धारा 191(2), 191(3), 333, 115(2), 352, 351(3), 117(2), 118, 324(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जमीन में पुआल रखने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जो बाद में मारपीट में बदल गया।

गौरतलब है कि इस मामले में एक अन्य नामजद अभियुक्त हवलदार सिंह पुत्र राजेश्वरी सिंह को पुलिस ने पहले ही 27 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था।

गिरफ्तार टीम में शामिल रहेः प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, उपनिरीक्षक संजय पांडेय, दिग्विजय यादव, लव कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राम सुदर्शन, कांस्टेबल अर्पित मिश्रा और अनुज यादव।

## पंचायत चुनाव से पहले मचे घमासान से प्रशासन सतर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** पंचायत चुनाव की तैयारी के साथ ही जिले के राजनीतिक गलियारे में हलचल बढ़ गई है। महदेइया बाजार में भाजपा और पुलिस के मध्य टकराव और सेखुइया कला गांव के ताजा प्रकरण ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। दोनों घटनाएं सदर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी हैं। ऐसे में पंचायत की राजनीति में इस बार बड़ा सियासी उलटफेर हो सकता है। फिलहाल भाजपा के इस अंदरूनी मामले पर सपा की भी नजर है। महदेइया बाजार में पुलिस चौकी और ब्लॉक प्रमुख विवाद के बाद अब सेखुइया कला गांव में हुए टकराव ने स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया है। दोनों ही मामलों में ग्रामीणों के बीच राजनीतिक वर्चस्व को लेकर तनातनी देखी गई। भाजपा के सूत्रों के अनुसार पंचायत चुनाव से पहले वोट बैंक साधने की कवायद में कई प्रभावशाली चेहरे सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में बड़ा उलटफेर भी संभव है। पुलिस प्रशासन ने दोनों गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है। खुफिया विभाग को भी स्थानीय स्तर पर इन विवादों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। संगठन स्तर पर भी इस पर नजर रखी जा रही है। सदर विधानसभा से जुड़े भाजपा और सपा के पदाधिकारियों की बैठकें भी शुरू हो गई हैं, जिनमें संभावित प्रत्याशियों की भूमिका और संगठन के प्रभाव को लेकर चर्चा चल रही है।

**प्रमुख ने की बैठक, कार्यकर्ताओं को दिया भरोसा**

श्रीदत्तगंज ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। महदेइया पुलिस चौकी में उत्तम कुमार के साथ हुई अभद्रता पर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की जानकारी दी। कहा कि एसपी ने भरोसा दिया है कि उचित कार्रवाई होगी। उन्होंने संकेतों में बताया कि देर है.. पर अंधेर नहीं है। फिलहाल उपस्थित लोगों ने कार्रवाई में देरी पर असंतोष जताया। प्रमुख ने समझाया कि प्रशासन और संगठन दोनों को मामले की पूरी जानकारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को धैर्य रखने की सलाह दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रत्नेद्र दे रहा जान से मारने की धमकी

**शहडोल।** शहडोल से जिले की क्राइम इन दिनों लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्योंकि पुलिसिया कार्यवाही देर से होना य मामले को रफा दफा करना। आपको बता दे कि ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं, जिसमें रत्नेद्र तिवारी ने कैलाश चंद्र शाहू को जान से मारने की धमकी दे डाली जिसकी सूचना कैलाश ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर जानकारी साझा किया हैं। क्या लिखा आवेदन में कैलाश शाहू पिता रामसेवक निवासी नवटोला थाना गोहपारू जिला शहडोल का निवासी हैं। जो कि एक साधारण किसान हैं। और प्रार्थी को दिनकर तिवारी लैम्पस प्रबंधक लगातार परेशान करता हैं। जिसकी शिकायत लोकायुक्त रीवा में वर्ष 2019 में रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। उसी भ्रष्टाचार की शिकायत पर दिनाँक 27/10/2025 को गोहपारू तहसील में पेशी करने गया था तो रत्नेद्र तिवारी ने मुझे खुले आम धमकी दिया कि बलबहरा में जैसे कांड सुना था। ठीक वैसे की तेरे साथ हो सकता हैं। और बोलते हुए कहा कि नहीं तो लिखित में शिकायत वापस ले कर अपनी जान बचा लो। जिसकी लिखित शिकायत कैलाश ने पुलिस अधीक्षक को दिया हैं। अब देखने यह हैं कि क्या इसकी जाँच कर कार्यवाही होती हैं य फिर कुछ नया होने के बाद।

### भारत पहुंचे इस शख्स को देख कई देश हुए पागल, सऊदी तो फट से पाक संग अपनी डिफेंस डील करेगा कैंसिल!

भारत पहुंचे इस शख्स ने कई देशों को पागल कर दिया है। भारत के कई दुश्मन देशों को उम्मीद नहीं थी कि वह इस तरह की तस्वीर देखेंगे। लेकिन तेजी से बदलते समीकरणों के चलते आज इस ताकतवर शख्स का भारत में रेड कारपेट वेलकम किया गया है। पाकिस्तान, तुर्की, अज़रबैजान और कुछ हद तक सऊदी अरब अच्छा महसूस नहीं कर रहे होंगे क्योंकि दुनिया के सबसे ताकतवर मुस्लिम देशों में से एक संयुक्त अरब अमीरात की लैंड फोर्सेस के कमांडर मेजर जनरल यूसुफ सईद अचानक भारत पहुंच गए। नई दिल्ली के साउथ लॉन में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जो उनकी भारत की आधिकारिक यात्रा का शुभारंभ था। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस समारोह में उपस्थित थे।

### छठ पर्व पर कोरांव में दिखा अनुशासन और आस्था का संगम



**कोरांव प्रयागराज।** नगर पंचायत कोरांव में मंगलवार को छठ के पावन पर्व पर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर श्रद्धालुओं ने अपनी पूजा सम्पन्न की। श्रद्धा और अनुशासन का यह अनोखा संगम जिले में मिसाल बन गया। माननीय जिलाधिकारी प्रयागराज, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त यातायात व अपर पुलिस आयुक्त यमुनानगर प्रयागराज के दिशा-निर्देश पर प्रांतीय सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में जिला अपराध निरोधक कमेटी सक्रिय रही। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा के आदेशानुसार और थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र के नेतृत्व में डीसीपीसी वॉलिंटियर व पुलिस बल तैनात रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाते हुए ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर सह-थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम, चिदानंद मिश्रा, रमाकांत सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, संतोष कुमार जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, अजय कुमार, राजू पासवान, राकेश कुमार केसरी, अवनीश नारायण, एहसान अहमद, धीरज कुमार, रागिनी मिश्रा, एसआई गिरीश चंद्र राय, एसआई शशी प्रकाश यादव, एसआई पूर्णिमा, तथा कांस्टेबल बृजेश कुमार सहित अनेक डीसीपीसी वॉलिंटियर्स मौजूद रहे। सभी के सहयोग से कोरांव में छठ पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## बेंगलुरु में ब्राजीलियन मॉडल से बैड टच, डिलिवरी बॉय की शर्मनाक करतूत; पुलिस ने किया गिरफ्तार

● बेंगलुरु के आरटी नगर में एक डिलिवरी एजेंट ने ब्राजीलियन मॉडल से छेड़छाड़ की. घटना 17 अक्टूबर हुई थी, जब मॉडल ने डिलिवरी ऐप से सामान मंगाया था. घटना के बाद कुछ दिन तक महिला सदमे में रही और पुलिस से शिकायत नहीं की लेकिन आखिरकार वह 25 अक्टूबर को पुलिस के पास पहुंची जहां पुलिस ने कुछ ही घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के आरटी नगर क्षेत्र में एक 21 साल के डिलिवरी एजेंट ने एक ब्राजीलियन मॉडल से छेड़छाड़ की. पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना 17 अक्टूबर की बताई जा रही है, जब मॉडल ने अपने घर पर एक डिलिवरी ऐप के जरिए किराने का सामान मंगवाया था।

पुलिस के अनुसार पीड़िता हाल ही में रोजगार वीजा पर भारत आई थी और बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में तीन दूसरे विदेशी नागरिकों के साथ रह रही थी. जिस वक्त उसने सामान ऑर्डर किया उस वक्त वो घर पर अकेली थी. जैसे ही वह ऑर्डर लेने के लिए दरवाज़े पर पहुंची. आरोपी डिलिवरी एजेंट कुमार ने कथित रूप से उसे अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की. महिला ने तुरंत खुद को बचाते हुए दरवाज़ा बंद कर लिया. आरोपी कुमार एक डिप्लोमा इंजीनियरिंग छात्र और पार्ट-टाइम में डिलिवरी एजेंट का काम करता है।

ब्राजीलियन मॉडल के साथ जिस दिन छेड़छाड़ की वारदात हुई उस दिन वह बहुत घबरा गई और पुलिस के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सकी. उसने अपने अपार्टमेंट में रहने वालों से बात की तो उन्होंने उसे पुलिस के पाज जाने को कहा. हालांकि महिला तब भी पुलिस के पास नहीं गई. आखिरकार महिला के साथ काम करने वाले कार्तिक विनायक ने महिला की मदद की और उसे आरटी नगर पुलिस स्टेशन लेकर पहुंचे।

**सीसीटीवी से हुई पुष्टि**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला ने 25 अक्टूबर को पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो उसमें महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई. पुलिस ने तुरंत जांच करते हुए आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने फिलहाल गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. जेसी नगर उप-मंडल एसीपी तनवीर सैत ने कहा, हमें शनिवार को मॉडल की शिकायत मिली और कुछ ही घंटों में हमने आरोपी को पकड़ लिया।

**कोर्ट ने भेजा जेल**

पुलिस ने बताया कि कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. उसे अगले दिन एसीएमएम अदालत में पेश किया गया था जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है. घटना के बाद संबंधित डिलिवरी कंपनी ने उसे नौकरी से निकाल दिया है. फिलहाल कुमार को परप्पाना अग्रहार केंद्रीय जेल में रखा गया है।

## खेल केवल शरीर को स्वास्थ्य रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में अनुशासन, टीम भावना के प्रतीक हैं- सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद खेल महोत्सव के तहत नगर पंचायत शोहरतगढ़ के तिरंगा तिराहा से मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खिलाड़ी तिरंगा तिराहा गड़ाकुल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पुलिस पिकेट तहसील होकर वापस पहुंचे। दौड़ में स्थान प्राप्त 15 बालिकाओं व 15 बालकों को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

सांसद खेल महोत्सव के मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में क्षेत्र के हजारों की संख्या में प्रतिभागियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में अनुशासन, टीम भावना और एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मकता लाएं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। कहा कि देश के प्रधानमंत्री खेलो इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि समाज स्वस्थ्य रहे। जब समाज स्वस्थ रहेगा तो विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकेगी। उन्होंने बस्ती मण्डल के जनपद सिद्धार्थनगर स्पोर्ट स्टेडियम के लिये सरकार से पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवशक्ति शर्मा ने किया। इस राजा योगेंद्र प्रताप सिंह, लालजी त्रिपाठी, पवन मिश्रा, नर्वदेश्वर मणी त्रिपाठी, अरुण प्रजापति, मनोज वर्मा, रवि अग्रवाल, श्रीमती उमा अग्रवाल, कौशलेंद्र त्रिपाठी, संतोष पासवान, शिव शक्ति शर्मा, रामकिशोर सिंह, बीपी यादव प्रधानाचार्य शिवपति इंटर कॉलेज, अरविंद अग्रहरि प्रधानाचार्य शारदा पब्लिक स्कूल, पाटेश्वरी प्रसाद प्रधानाचार्य सीपीएस पब्लिक स्कूल, अमित यादव, वीरेंद्र गुप्ता, सूर्य प्रकाश पांडे, अनूप कसौधन, राममिलन प्रधान, नीलू ओझा, अनिल अग्रहरि, सत्यम मौर्य, आकाश श्रीवास्तव, सतीश सिंह, घनश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सोरांव अब 'परशुराम चौक' और 'परशुराम नगर' के नाम से जाना जाएगा

● अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति ने की घोषणा,। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी रहे मौजूद।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोरांव, प्रयागराज।** अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति द्वारा रविवार को सोरांव में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति ने पूरे मोहल्ले का नाम "परशुराम नगर" और मुख्य चौराहे का नाम "परशुराम चौक" घोषित किया। घोषणा होते ही जय परशुराम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लोगों में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का आयोजन समिति के गंगापार जिला अध्यक्ष गुड्डू शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान मंच पर संगठन के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनकी नीति पर आधारित एक सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश गौतम, राष्ट्रीय महामंत्री पंडित नरेंद्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सूर्य प्रकाश पाठक, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित राकेश शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी.वी. शुक्ला समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने समाज में एकता, समानता और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्रदेश स्तर से भी कई प्रमुख चेहरे कार्यक्रम में शामिल हुए जिनमें प्रदेश अध्यक्ष ऋषभदेव शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ मिश्रा, प्रदेश मंत्री अतील तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के नहीं बल्कि न्याय, सत्य और धर्म के प्रतीक हैं, जिनका आदर्श जीवन सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, युवजन और महिलाएं उपस्थित रहीं। लोगों ने परशुराम चौक और परशुराम नगर के नामकरण पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह कदम क्षेत्र की पहचान और गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों और उपस्थित लोगों ने परशुराम जयंती को भव्य स्तर पर मनाने का संकल्प भी लिया।

## उत्तराखंड में आवारा कुत्तों को लेकर तैयार हुई गाइडलाइन, अब गली में खाना खिलाने पर होगा एक्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देहरादून।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से संबंधित मामलों में राज्यों के लचर रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। उत्तराखंड में शहरी विकास विभाग ने आवारा कुत्तों को लेकर गाइडलाइन तैयार कर ली है। इसके अनुसार नगरीय निकाय प्रत्येक वार्ड में कुत्तों को भोजन कराने के लिए स्थान का चयन करेगा। सड़क पर कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस नीति से संबंधित हलफनामा शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जाएगा।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्यों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जवाब देने का आदेश दिया है। शहरी विकास निदेशक विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उत्तराखंड में नगर निकायों को आवारा कुत्तों से संबंधित गाइडलाइन जारी की जा चुकी है।

इसमें निर्देश दिया गया है कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाए, उनकी नसबंदी और टीकाकरण के बाद वापस उसी इलाके में छोड़ दिया जाए। आक्रामक या रेबीज से संक्रमित कुत्तों को स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखा जाए। इसके साथ ही नगर निकायों को हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं, आवारा कुत्तों को गोद लेने की भी छूट का दी गई है। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लेने के लिए संबंधित नगर निकाय में अर्जी दे सकते हैं। शहरी विकास विभाग ने सभी नगर निकायों से ढांचागत संसाधनों जैसे डाग शेल्टर की संख्या, पशु चिकित्सक, कुत्ता पकड़ने वाले प्रशिक्षित लोग, कुत्ता पकड़ने के वाहन और पिंजड़े आदि की संख्या के बारे में जानकारी जुटाई है।

### सतारा डॉक्टर सुसाइड केस: परिजनों ने की SIT जांच की मांग

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में पिछले सप्ताह आत्महत्या करने वाली महिला डाक्टर के परिवार ने सरकार से मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) गठित करने की मांग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक महिला रिश्तेदार ने कहा- "हमारी कुछ मांगें हैं। एसआइटी का गठन जल्द किया जाए और हम फाल्टन नहीं जाएंगे। मामले की सुनवाई बीड में होनी चाहिए। मेरी बहन पर लगाए गए आरोपों की जांच सीडीआर से की जानी चाहिए।" मृतका के एक पुरुष रिश्तेदार ने निलंबित एसआइ गोपाल बदाने के आत्मसमर्पण पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- "पुलिस ने उसे खोजने के लिए पांच टीमें बनाई थीं। फिर वह मुख्यमंत्री की फाल्टन यात्रा से एक दिन पहले कैसे आत्मसमर्पण कर सकता है? हमें लगता है कि उसने सभी सुबूत नष्ट कर दिए और फिर आत्मसमर्पण किया।"

## सीबीएम प्रोजेक्ट लालपुर में भारी अनियमित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट



**शहडोल बुढार-** जिला प्रशासन से मांग जिला कांग्रेस नेता लवकेश गर्ग सीबीएम प्रोजेक्ट रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा लालपुर में स्थानीय लोगों को किसी प्रकार का कोई रोजगार मुहैया नहीं कराया जाता जबकि लालपुर का राजस्व पूरा शासन के खाते में जाता है ना कि लालपुर में अस्पताल की सुविधा ना पानी की सुविधा न स्कूल आने-जाने की सुविधा भी मुहैया नहीं कर कराया जाता जिसके कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है पानी का जल स्तर भी नीचे चला गया है रिलायंस बोरवेल के कारण इतनी गहराई तक बर किया जाता है कि डोमेस्टिक उसे के सभी बर फेल है नलालपुर पंचायत में रोड की व्यवस्था है ना लाइट स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है पॉल्यूशन के कारण आदमी का जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है पिछले कई समाचार पत्र के माध्यम से एयरपोर्ट की मांग की गई है लेकिन रिलायंस कंपनी के द्वारा किसी प्रकार का हेल्प नहीं किया गया और एयरपोर्ट हो जाने से शेड्यूल बल्कि पूरे संभाग को नई गति मिलेगी और रोजी रोजगार धंधा में आगे आने वाले बेरोजगारों को सुविधा मिलेगी रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा कुछ-कुछ प्रोग्राम किए जाते हैं लेकिन आम जनता को उससे फायदा नहीं मिल रहा है जिसके कारण आमजन परेशान है जमीन बंजर हो गई है।

## सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुरू, घाटों पर उमड़ी श्रद्धा की लहर

● डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित, आज भोर में दिया जाएगा ऊषा अर्घ्य

### ज्वालामुखी तालाब से लेकर ओपीएम घाट तक गूंजे छठ मइया के गीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढार धनपुरी।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ धनपुरी व आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया जा रहा है। शनिवार की शाम धनपुरी और अमलाई के विभिन्न घाटों पर डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया गया। रविवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह चार दिवसीय पर्व संपन्न होगा।

शनिवार शाम को ज्वालामुखी तालाब, नंबर-1 तालाब, कुमारी खदान, अमलाई थाना के पास गाडाघाट, ओपीएम छठ घाट सहित अन्य स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में व्रती महिलाएं और श्रद्धालु पहुंचे। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा सामग्री से भरे सूप और दौरा लेकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करती नजर आई। घाटों पर छठ मइया के गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**चार दिवसीय पर्व में निहित है आस्था और अनुशासन-** इस वर्ष छठ पर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से हुई थी। 26 अक्टूबर को खरना का अनुष्ठान संपन्न हुआ। सोमवार को संध्या अर्घ्य और मंगलवार को ऊषा अर्घ्य देकर पर्व संपन्न होगा। भोर में महिलाएं तालाबों पर पहुंचकर जल में खड़ी होकर सूर्य को अर्घ्य देंगी और परिवार की मंगलकामना करेंगी।

**पूजा सामग्री की जबरदस्त मांग-** छठ पर्व को लेकर बाजारों में गन्ना, कांदा, फल, नारियल, दीया, सूपा-दौरा जैसी सामग्रियों की भारी बिक्री देखी गई। श्रद्धालु पहले से ही तैयारी में जुट गए थे। छठ पर्व में स्वच्छता का विशेष महत्व होने के कारण व्रती घर और आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान देते हैं।

**बैंड-बाजों और आतिशबाजी के साथ घाटों पर उमंग-** पूजा सामग्री लेकर महिलाएं और पुरुष बैंड-बाजों के साथ तालाब तक पहुंचे। जगह-जगह आतिशबाजी हुई और वातावरण में उल्लास का माहौल बन गया। अन्य समुदायों के लोग भी पूजा देखने पहुंचे। प्रशासन की ओर से घाटों पर सफाई और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी।



छठ पर्व 2025 का क्रम,25 अक्टूबर (शनिवार): नहाय-खाय,26 अक्टूबर (रविवार): खरना,27 अक्टूबर (सोमवार): संध्या अर्घ्य,28 अक्टूबर (मंगलवार): ऊषा अर्घ्य और पारण।छठ पर्व केवल व्रत नहीं, बल्कि आस्था, संयम और शुद्धता का प्रतीक बन चुका है। धनपुरी व आसपास के क्षेत्रों में यह पर्व सामूहिक श्रद्धा और भक्ति की मिसाल बन गया है।

## फैंस के लिए बड़ी खबर! 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं रोहित शर्मा , कोच ने किया बड़ा खुलासा

● अपनी शानदार फॉर्म और बेहतर फिटनेस से आलोचकों को जवाब देते हुए रोहित शर्मा ने 2027 वनडे विश्व कप तक क्रिकेट खेलने की अपनी योजना साफ कर दी है। उनके कोच दिनेश लाड ने बताया कि रोहित का आत्मविश्वास उनकी सफलता का राज है और वह भारत के लिए मैच जिताने वाले खिलाड़ी बने रहेंगे। हालिया सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाना उनकी क्षमताओं का प्रमाण है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रोहित शर्मा को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संभावित संन्यास की चर्चा अब उनकी उम्र 38 वर्ष होने के साथ लगातार बढ़ती जा रही है, खासकर तब से जब उन्होंने टेस्ट और टी20 प्रारूप से दूरी बना ली। हालांकि उन्होंने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के संकेत अब तक नहीं दिए हैं। ऐसे समय में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेली गई उनकी नाबाद 121 रनों की शानदार पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह अब भी भारत को जीत की ओर ले जाने की क्षमता रखते हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज में रोहित का बदला हुआ फिटनेस लेवल भी सभी का ध्यान खींच रहा था, जहां उनका वजन कम दिखाई दिया और उनका मूवमेंट और तेज नजर आया। इसी बीच उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने संन्यास से जुड़ी सभी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए साफ कहा है कि रोहित अभी संन्यास का कोई इरादा नहीं रखते। मौजूद जानकारी के अनुसार, लाड ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा कि रोहित ने आलोचकों को जवाब देने के लिए अपनी बैटिंग को ही हथियार बनाया है। कई लोगों का मानना था कि 2027 विश्व कप में यशस्वी जायसवाल उनकी जगह ले सकते हैं, मगर रोहित ने हालिया दो पारियों पहले 73 और फिर 121* रन से दिखा दिया कि वह अब भी भारत के लिए मैच जिताने



वाले खिलाड़ी हैं। लाड के अनुसार, रोहित की सफलता का राज उनका आत्मविश्वास है। कोच ने यह भी पुष्टि की कि रोहित का लक्ष्य वर्ष 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेलना है और संभवतः वह उसके बाद ही संन्यास पर विचार करेंगे। गौरतलब है कि रोहित ने हाल ही में तीन मैचों की सीरीज में कुल 202 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुने गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अब भारत लौट रहे हैं और वर्ष के अंत में होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगली वनडे श्रृंखला की तैयारियों में जुटने वाले हैं।

## 'वैश्विक सौर ऊर्जा मांग का हब बनेगा भारत', ISA की सालाना सभा में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मु

● राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत 2050 तक स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य हासिल करेगा और सौर ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से लड़ने की प्रतिबद्धता जताई और सौर ऊर्जा को समावेशी विकास का स्त्रोत बताया। सभा में सौर वित्तपोषण और क्षमता निर्माण पर चर्चा हुई। मंत्री जोशी ने भारत की बढ़ती सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता पर प्रकाश डाला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत वर्ष 2050 तक ना सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करेगा बल्कि सौर ऊर्जा में वैश्विक मांग का केंद्र भी भारत ही होगा। यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की आठवीं सालाना सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सौर ऊर्जा को वैश्विक चुनौतियों के समाधान के तौर पर चिन्हित करते हुए कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से लड़ने को प्रतिबद्ध है और इसके लिए वह दृढ़ कदम उठा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि सौर ऊर्जा समावेशी विकास का स्त्रोत है, जो गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देगी।

**'सोलर फॉर शी' पहल की सराहना की**

मुर्मु ने 2050 तक भारत के लक्ष्यों का जिक्र करते हुए कहा कि देश न केवल अपने स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करेगा, बल्कि वैश्विक सौर मांग का केंद्र बनेगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने आईएसए की 'सोलर फॉर शी' पहल की सराहना की जो महिलाओं को नीतियों, वित्तपोषण और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाएगी। सभा में 125 सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। यहां सौर वित्तपोषण, क्षमता निर्माण, कृषि में सौर ऊर्जा के प्रयोग और वैश्विक सौर सप्लाई चेन स्थापित करने के विषय पर गंभीर विमर्श हुआ। राष्ट्रपति ने सहयोग पर बल देते हुए कहा कि सौर ऊर्जा से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी और सतत भविष्य बनेगा। यह संबोधन आईएसए की कार्यवाही का



स्वर निर्धारित करेगा, जो सौर निवेश को 2030 तक बढ़ाने पर केंद्रित है।इस कार्यक्रम में एक सत्र को संबोधित करते हुए नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन की क्षमता 2.57 लाख मेगावाट हो चुकी है। इसके साथ ही भारत दुनिया में चौथी सबसे बड़ी सौर बिजली उत्पादक देश बन चुका है। यह वर्ष 2014 के मुकाबले तीन गुणा ज्यादा है। सौर उर्जा के लिए जरूरी उपकरणों के निर्माण में भी भारत की क्षमता लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2014 में भारत में इन उपकरणों के सिर्फ 2,000 मेगावाट निर्माण क्षमता थी जो अब बढ़ कर 1.10 लाख मेगावाट हो चुका है। सोलर सेल्स की कोई निर्माण क्षमता भारत में नहीं थी जो अब 27 हजार मेगावाट है।